वैशाख शुक्ल पक्ष 10
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
07 मई 2025
वर्ष-31, अंक-199
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### बोकारो में कारोबारी के घर ईडी ने की छापेमारी

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बोकारो में मंगलवार को दो जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर की गई है। जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम बोकारो के चास स्थित राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के घर पर पहुंची और छापेमारी की। वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। महेश के तेतुलिया मौजा के जमीन फजीर्वाड़े में शामिल अजहर और अख्तर हुसैन से संबंधों के कारण ईडी ने महेश के यहां दबिश दी है।

### वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल लाल बहादुर साहित्य रत्न से सम्मानित

रांची। अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था मंजिल ग्रुप साहित्यिक मंच 'मगसम' की पूर्वी भारत समूह के तत्वावधान में साहित्य की सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 साहित्यकारों को सर्वोच्च लाल बहादुर शास्त्री साहित्य रत्न सम्मान सहित राष्ट्रीय स्तर पर वोटिंग के आधार पर चयनित अन्य साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ विनोद कुमार, दरभंगा, देवानंद साहा आनंद कोलकाता, कमल पुरोहित अपरिचित कोलकाता तथा रांची के डॉ वीके सहाय, निर्मला कर्ण, गोपाल भारतीय, मुजफ्फरपुर, डॉ प्रशांत करण, रांची, गीता सिन्हा गीतांजलि, रांची, बाबा बैद्यनाथ झा, पूर्णिया, गीता चौबे गूंज, रांची, रुणा रश्मि दीप्त, रांची, सुनील सिंह बादल रांची, रेणु बाला धार, रांची शामिल हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




# लातेहार में पांच नक्सली गिरफ्तार

▶▶ लेवी के 52 हजार रुपए तथा कई नक्सली पर्चे बरामद



नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। छानबीन के दौरान उनके पास से लेवी के रूप में वसूले गए लगभग 52 हजार रुपए तथा कई नक्सली पर्चे भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार पांचों नक्सली गत 30 अप्रैल की रात को जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के मुंशी की हत्या तथा गाड़ियों को जलाने की घटना में शामिल थे। गिरफ्तार माओवादियों में सत्येंद्र यादव, सूरजभान यादव, कृष्ण यादव, राजेंद्र यादव और प्रसाद यादव शामिल हैं। सभी महुआडांड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

मंगलवार को महुआडांड़ थाना में प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सघन छापेमारी अभियान चलाया और पांचों आरोपी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों ने पूछताछ के दौरान अपने अपराध शेष पेज 11 पर

# 10 हजार की रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। अंचल कार्यालय में मंगलवार को एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम राजस्व कर्मचारी मनोज बेक को भी अपने साथ ले गई है। बताया जाता है कि जमीन के म्यूटेशन के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जांच की। जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया



और दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने आरोपी के आवास में भी छापेमारी की। वहां से भी कुछ दस्तावेज जब्त किए गए। एसीबी अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। लोग दफ्तर के बाहर चर्चा करते नजर आए। एसीबी की यह कार्रवाई लातेहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## रांची के उपायुक्त व एसएसपी ने दी जानकारी

# रांची में आज होगा मॉक ड्रिल

▶▶ डीसी ने कहा, सायरन बजने पर घबराएं नहीं, यह मात्र अभ्यास है

▶▶ वीडियो संदेश के माध्यम से भी लोगों को किया जाएगा जागरूक

नवीन मेल डेस्क

रांची। आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा को लेकर रांची में बुधवार (07 मई 2025) को मॉक ड्रिल किया जाएगा। मॉक ड्रिल के संबंध में मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सह जिला आपदा पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री एवं डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। इसमें मॉक ड्रिल के संबंध में मीडिया को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रेस कांफ्रेंस में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि रांची के डोरंडा क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपराह्न 04:00 बजे से अपराह्न 07:00 बजे तक मॉक ड्रिल होगा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मॉक ड्रिल नागरिक सुरक्षा के लिए अभ्यास मात्र है। इस दौरान सायरन बजने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से मॉक ड्रिल के दौरान अपने-अपने घरों के लाइट बंद रखने की अपील की। लोगों से अपने वाहन के लाइट और जेनरेटर आदि भी बंद रखने का आह्वान किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि हम जिला वासियों से अनुरोध करते हैं कि वे घबराएं नहीं और भाग लेने वाले अधिकारियों को पूरा सहयोग दें। यह एक पूर्व-निर्धारित और नियंत्रित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य जन जागरूकता और अंतर-एजेंसी आपदा प्रतिक्रिया को मजबूत करना है।

ज्ञात हो कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में ऑपरेशन अभ्यास के अंतर्गत आपदा की स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है।

**ट्रैफिक के लिए होगी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था :** मॉक ड्रिल के दौरान दिन में 04:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक डोरंडा क्षेत्र के लोगों के लिए ट्रैफिक के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था होगी। जिला प्रशासन द्वारा डोरंडा क्षेत्र में आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग के उपयोग की अपील की गई है।

**मॉक ड्रिल का उद्देश्य :** नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाना है। युद्ध जैसी परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और उनकी शेष पेज 11 पर



### मॉक ड्रिल का समय

**शुरू होने का समय :** दिन में 04:00 बजे

**समाप्त होने का समय :** संध्या 07:00 बजे

### झारखंड के छह जगहों पर नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

रांची। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि निलंबित करने सहित कई सख्त कदम उठाए। इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है और युद्ध की आशंका मंडरा रही है। इस बीच, केंद्र सरकार के निर्देश पर बुधवार (7 मई) को देशभर में नागरिक सुरक्षा का मॉक ड्रिल किया जाएगा। झारखंड में पांच जिलों के छह जगहों पर मॉक ड्रिल होगा। मॉक ड्रिल में ब्लैकआउट अभ्यास भी शामिल होगा। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन रांची, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा और साहिबगंज जिले में होगा। बोकारो जिले के गोमिया में भी नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर मॉक ड्रिल किया जाएगा। बता दें कि गृह मंत्रालय ने 244 सूचीबद्ध सिविल डिफेंस जिलों में नागरिक सुरक्षा का अभ्यास और रिहर्सल करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि इससे पहले इतने बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा ड्रिल 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध से पहले आयोजित की गई थी, जिसमें हवाई हमले की तैयारियां और ब्लैकआउट प्रोटोकॉल शामिल थे।

# अपराधी राहुल सिंह गिरोह के दो शूटर धराए



● ठेकेदारों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे थे

● एक शूटर हत्या का आरोपी है

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस को कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर राहुल सिंह गिरोह के अमृत उरांव पिता रंथू उरांव (ग्राम जोभिया लातेहार) व मासूक अंसारी पिता मोमिन अंसारी (ब्रह्मणी, चंदवा) को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार अमृत उरांव थाना क्षेत्र के सोंस गांव में बारात में आए उपेंद्र उरांव की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में मुख्य आरोपी था। घटना के बाद से फरार चल रहा था। चंदवा थाना में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के तीन अपराधी ठेकेदार व व्यवसाईयों से लेवी वसूलने व किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इस आलोक में टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। मौके से दो अपराधियों को दबोच लिया गया। उनके पास से एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों अपराधियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। छापामारी अभियान में पुअनि रविन्द्र कुमार सिंह व सैट 44 बल के जवान शामिल थे।

## शादी की खुशियां मातम में बदली

# मामा के गांव आई किशोरी की सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत

नवीन मेल संवाददाता

केतार। थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी अशर्फी पासवान का पुत्र सुभाष पासवान की शादी समारोह में शामिल होने आई आधा दर्जन लड़कियों के साथ सोन नदी में नहाने गई दो रिश्तेदारों की बेटियां पानी की तेज धारा में बह गई। गहरे पानी में जाने के कारण विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सिलदिली गांव निवासी स्वर्गीय सतेन्द्र पासवान की पुत्री मनीषा कुमारी (16) की डूबने से मौत हो गई। मृतक को बचाने के प्रयास में उसकी मौसेरी बहन पुष्पा कुमारी (16) भी डूबने लगी। साथ नहा रही गांव के लड़कियों द्वारा शोर मचाने के बाद ग्रामीण व परिजनों ने किसी प्रकार पुष्पा को बचा लिया, लेकिन देवंती की मौत हो चुकी थी। घटना मंगलवार की सुबह 10 बजे दिन की है। बाद में परिजन दोनों किशोरियों को निजी वाहन से इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले गए। वहां चिकित्सकों ने मनीषा को मृत घोषित कर दिया। पुष्पा का इलाज चल रहा है।

### गुरुवार को जाना था बारात

अशर्फी पासवान का पुत्र सुभाष पासवान का मंगलवार की शाम हल्दी व मड़वा का कार्यक्रम था। गुरुवार को बरडीहा में बेटे की बारात जाने वाली थी, जिसमें शामिल होने आई मृतक मनीषा की मां का कधवन में ननिहाल था। वह भी अपनी मां के साथ शादी समारोह में शामिल होने आई थी। घटना के बाद घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों के क्रंदन से पूरे गांव के लोग गमगीन हैं। सदर अस्पताल से मृतक देवंती के शव को गढ़वा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से की मुलाकात, कहा-

# राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए हुए कई महत्वपूर्ण समझौते

▶▶ गवर्नर को दी स्पेन और स्वीडन भ्रमण के दौरान औद्योगिक निवेश के प्रयासों की जानकारी

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाल के स्पेन और स्वीडन भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किए गए प्रयासों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। मुख्यमंत्री सोरेन ने राज्यपाल को बताया कि उनके विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। इससे राज्य के विकास को गति मिलेगी और नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी और विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। उन्होंने भी राज्यपाल से मुलाकात की और अपने विचार साझा किए।



## इंडिया

# भाषाई गौरव का जागरण राष्ट्रभाषा के हित या अहित में



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा से और संस्कृति से प्रेम होता है पर पिछले कुछ दशकों से भारतीय भाषाओं बोलियों के प्रति हीन भावना जगाई गई थी जो अब उलट गई है। कभी अपने लोगों से भी अपनी बोली में बात करने में हीन भावना से ग्रस्त लोग उत्तर भारत में हिंदी और अंग्रेजी और उत्तरपूर्व से लेकर दक्षिण भारत तक में अंग्रेजी में बातें कर अपने को सभ्य साबित करने का प्रयास करते थे,जिन्हें लगता था कि भदेस शैली की उनकी बोली उन्हें गंवार साबित करेगी वे आज अपनी भाषा की मान्यता लेती बोली और क्षेत्रीय पहचान के प्रति सजग हुए हैं।पीएम मोदी वाजपेई की तरह अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों के उलट हिंदी को ही प्राथमिकता देते हैं । पहले बिहार, बंगाल और दक्षिण भारत के लोग ही प्रमुखता से अपनी बोली या भाषा का बातचीत में गर्व से प्रयोग करते थे । वैसे तो आजादी की लड़ाई में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आजाद हिंद फौज और ह्यदिल्ली चलोह्न के नारे के साथ कौमी तराना ह्यकदम कदम बढाए जा खुशी के गीत गए जाह्न ने हिंदी को ही भारत की भाषा के रूप स्थापित किया था फिर भाषा राजनीति में गांधी ने भविष्योन्मुखी भाषा नीति की बात रखी वे चाहते थे कि देश के हर राज्य में शिक्षा का माध्यम स्थानीय भाषा होनी चाहिए। पर दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में और भाजपा के शब्दों तुष्टिकरण के कारण गांधी के सपनों के अनुसार स्वाधीन भारत की भाषा नीति ऐसी नहीं बन पाई। सुभाष चन्द्र बोस को तो नकारा गया ही गैर-हिंदीभाषी राज्यों ने अपने यहां शिक्षा का माध्यम अपनी भाषाओं को बनाया, राजकाज की भाषा भी बनाया। लेकिन यह प्रयास आधा-अधूरा ही रहा। शासन में विलायत से पढ़े लोगों के वर्चस्व के कारण अंग्रेजी माध्यम का बोलबाला बढ़ता रहा। राजकीय प्रतिबद्धता और निर्देशन के बावजूद राजकाज में स्थानीय भाषाओं के प्रयोग को पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका। इन संदर्भों में महाराष्ट्र और असम सरकारों के फैसले क्रांतिकारी कहे जा सकते हैं।महाराष्ट्र ने जहां तीन फरवरी को मराठी के माध्यम से राजकाज करना जरूरी किया, वहीं असम ने 17 अप्रैल को राजकाज में असमिया को प्रभावी स्थान देना शुरू किया। असम की बराक घाटी और बोडोलैंड आदिवासी क्षेत्र के जिलों में बांग्ला और बोडो भाषाओं




को असमिया की तरह ही राजकाज की भाषा का दर्जा दिया है। पढ़ाई तो खैर पहले से ही इन राज्यों में इन भाषाओं में हो रही है। महाराष्ट्र द्वारा मराठी एवं असम में असमिया, बांग्ला और बोडो को महत्व देने जैसे कदम हर भारतीय राज्य को उठाने चाहिए। इन दोनों राज्यों के लोक में अपनी भाषाओं को लेकर स्वाभिमान कूट-कूट कर भरा है। झारखंड में बिरसा मुंडा के आंदोलन के मूल में भाषा एक बड़ा कारण था। अंग्रेज जज मुंडारी समझ नहीं पाते थे और वकील क्षमा याचना करने वालों को भी विद्रोही बताते थे जिससे अन्याय और असंतोष बढ़ा तब जनजातीय उपयोजना क्षेत्र के लिए भाषा भी शर्त राखी गई जो अभी औपचारिकता बन कर रह गई है।झारखंड के रिटायर्ड आदिवासी अफसरों के संगठन ने राणाप्रताप उरांव और परमेश्वर भगत की अगुवाई में यह मुद्दा उठाया है । आज भी कोर्ट कचहरियों की अंग्रेजी में कार्रवाई समझ में नहीं आने के कारण सरकार के प्रति अविश्वास और उलझनें बढ़तीं हैं जिसका लाभ उग्रवादी संगठन उठाते हैं । सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने भी न्यायिक शिक्षा और न्यायालयों में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यवाही की बात कही थी । 2020 में आई नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फॉमूर्ले की बात कही गई है। मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा को जरूरी बनाने की वकालत दुनिया भर के शिक्षाशास्त्री करते रहे हैं। नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा सूत्र को गांधी के चिंतन का कार्यान्वयन कह सकते हैं। त्रिभाषा यानी स्थानीय भाषा, हिंदी या अंग्रेजी और राज्य की अपनी भाषा से इतर कोई अन्य भारतीय भाषा को सीखने को जरूरी बनाया गया है। तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य स्थानीय और अंग्रेजी के जरिये द्विभाषा फॉमूर्ले को ही मान्यता दे रहे हैं। महाराष्ट्र ने इस फॉमूर्ले के तहत हिंदी को स्वीकार किया, तो वहां से भी आवाजें उठने लगीं।स्थानीय भाषाबोध के बढ़ते कदम के बावजूद आधिकारिक तौर पर संपर्क भाषा का स्थान हिंदी नहीं ले पाई है। यही वजह है कि मराठी जैसे हिंदी के नजदीकी राज्यों में भी जब हिंदी को दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की शुरूआत होती है, उसका विरोध होने लगता है। जब भी गैर-हिंदीभाषी राज्यों में हिंदी की बात होती है, तो उस पर एक तरह से वर्चस्ववादी होने का आरोप लगा दिया जाता है। लेकिन सत्य इससे परे है। स्थानीय भाषाओं के विस्तार से हिंदी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। भारतीय भाषाएं जिस तरह स्थापित हो रही हैं, हिंदी भी आधिकारिक रूप से समूचे भारत की भाषा के रूप में स्थापित होगी। वैसे व्यावहारिक रूप से बाजार और संचार माध्यमों ने हिंदी को यह स्थान पहले ही दिला रखा है।

# ब्रांबे में शादी समारोह में फायरिंग में युवती की मौत, आरोपी फरार

नवीन मेल डेस्क

रांची। मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रांबे में एक शादी समारोह में गोली लगने से जख्मी 21 वर्षीय अनिता खलखो की मंगलवार को रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार की देर रात शादी समारोह में दीपक नाम के युवक द्वारा की गई फायरिंग में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। गोली उसके सिर में लगी थी। इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए तत्काल रांची स्थित रिम्स में दाखिल कराया था।

जानकारी के अनुसार, दीपक नाम के जिस युवक ने गोली चलाई थी, वह अनिता का पूर्व परिचित था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने अनिता को इरादतन गोली मारी या फिर उसने शादी के दौरान हर्ष फायरिंग की। आरोपी युवक फरार बताया जा रहा है। बताया गया कि अनिता रांची जिले के चान्हो की रहने वाली थी। वह अपनी बहन और जीजा के ब्रांबे स्थित घर में शादी समारोह में भाग लेने के लिए आई हुई थी। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि गोली चलाने का आरोपी युवक मांडर थाना क्षेत्र का रहने वाला है और मृतका अनिता के बहनोई का बेहद करीबी दोस्त है। इस बात की तहकीकात की जा रही है कि अनिता और दीपक के बीच पहले से किसी तरह का कोई संबंध था या नहीं। इसके पीछे प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के एंगल पर भी जांच की जा रही है। दीपक के पास किसी हथियार का लाइसेंस नहीं था। ऐसे में यह माना जा रहा है कि उसने देशी हथियार से फायरिंग की। पुलिस को जानकारी मिली है कि शादी समारोह के बाद दीपक ने सड़क पर भी फायरिंग की थी। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। अनिता के शव का मंगलवार दोपहर बाद रिम्स में पोस्टमार्टम कराया गया।

## एक नजर

### थाना भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराने को लेकर मंगलवार को थाना भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को स्थानीय थाना परिसर में आमंत्रित कर थाना की कार्यप्रणाली, यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। छात्रों को बताया गया कि किसी भी सड़क दुर्घटना व अन्य आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का प्रयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इस पहल के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच विश्वास व सहयोग की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर एसआई डीके गोप,हेमंती बास्के समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### सेवानिवृत शिक्षक की इलाज के दौरान मौत, शोक

**हरिहरगंज।** प्रखंड मुख्यालय के समीप रहनेवाले सेवानिवृत शिक्षक रमेश कुमार सिंह का पटना एम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। करीब तीन माह पहले मार्निंग वॉक करने के दौरान गिर जाने से रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। उनका इलाज पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहा था। वह 30 मार्च 2023 को सेवा निवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव औरंगाबाद जिला के ओबरा, तेजपूर में किया गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षक समाज में शोक व्याप्त हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में अजप्टा के प्रखंड सचिव संतोष कुमार राय, सतीश मिश्रा, विपिन राय, मृत्युंजय सिंह, अभिलाषा कुमारी, सिद्धि सिंह, अजय कुमार, संतोष गुप्ता, अर्जुन राम, चितरंजन कुमार, अनुपमा कुमारी, कृष्ण कुमार ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, यमुना कुमार रवि, सीआरपी ओमप्रकाश मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, संजय गुप्ता, अजित मिश्रा सहित हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के अनेक शिक्षक व शिक्षा कर्मी शामिल हैं।

### 31 मई तक किसानों को आच्छादित करने का निर्देश

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर का में मंगलवार को किसानों की विशेष बैठक में नया केसीसी के आवेदन, केसीसी ऋण माफी, किसान रजिस्ट्रेशन करने पर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने किसान मित्रों, सभी उपस्थित महिला समूह, सखी मंडल व किसानों सहित इस प्रखंड के प्रगतिशील किसानों को आधुनिक व तकनीकी खेती की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी किसानों को 6 से 31 मई तक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर किसानों को लंबित योजनाओं से आच्छादित कराने का निर्देश दिया। इसमें प्रखंड तकनीकी सहायक प्रवीण जहां, जनसेवक अमरेश कुमार, कृषि मित्र रामसुंदर मेहता, अभय कुमार सिंह, सुदर्शन यादव, वीरेंद्र सिंह, अनुज सिंह, संजय मेहता आदि उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिक सिविल डिफेंस से जुड़े मॉकड्रील की जानकारी देंगे

**ब्लैक आउट के दौरान सतर्कता से स्कूली बच्चों करायेंगे अवगत**




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सैनिकों ने बुधवार को सुबह 9 बजे हुसैनाबाद में स्थित कार्यालय में सभी एनसीसी कैडेट व बून पब्लिक स्कूल के बच्चों को भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध की तैयारी में सिविल डिफेंस से जुड़े मॉकड्रील व ब्लैक आउट की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने दी। कहा कि उक्त अवसर पर हुसैनाबाद एसडीओ गोरांग महतो भी शामिल होंगे। संगठन के ऐसे पूर्व सैनिक जिन्होंने 1965, 1971 व कारगिल की लड़ाई लड़ चुके हैं, सभी अपने अनुभव व तजुरबों को साझा करेंगे। जिससे बच्चों को युद्ध में कैसे अपने आप को बचाव करते हुए दूसरों को बचाना है। इसकी जानकारी हासिल होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सैना यही सोच से काम करती है कि स्वेट मोर इन द पीस, ब्लीड लेस इन द वार। फिलहाल देश के तीनों सेनाएं युद्धों की तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उन्होंने ने कहा कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सभी सैनिक प्रशासन के साथ व अनुमति से सदा देश हित के कार्यों में शामिल रहें हैं और रहेंगे।

# वित्त मंत्री के निर्देश पर बीडीओ ने पेयजल समस्या पर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पेयजल की गंभीर समस्या पर सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की हुई समीक्षा बैठक व निर्देश के बाद हैदरनगर प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बैठक की। जिसमें कई पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता शामिल थे। उन्होंने प्रखंड वाश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि से सभी पंचायतवार जल की समस्या सहित खराब पड़े चापानल, जलमीनार की अद्यतन जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सभी जल सहिया से अब तक प्राप्त सर्वे रिपोर्ट को 24 घंटे के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद किसी भी स्थान से इस समस्या के संबध में शिकायत आने पर गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जायेगी। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी नावाजिश खान, सज्जू खान आदि शामिल थे।

### स्थापना से पहले भगवती को डोली में सजाकर भ्रमण कराया

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ कला गांव में मंगलवार को देवी मंडप का जीर्णोद्धार के बाद देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के लिए भगवती को डोली पर सजाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञाचार्य सुधीर दास जी के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान अभय कुमार सिंह, अरविन्द पासवान, कृष्ण कुमार सिंह, नवनीत पासवान, रामजी पासवान सहित अन्य महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भजन किर्तन करते हुए भ्रमण किया। नगर भ्रमण में मुख्य रूप से कामेश शर्मा, मनीष पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल,अजय सिंह, राजकुमार राम सहित कई गणमान्य लोग तथा यज्ञ कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# पेयजल समस्या के समाधान में जुटा प्रखंड प्रशासन, कंट्रोल रूम गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में गर्मी को देखते हुए पेयजल व स्वच्छता विभाग अंतर्गत जलमीनार और चापानल मरम्मत के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम में शिकायतों व सुझाव के लिए नियम पूर्वक आमजनों के शिकायतों रजिस्टर में अंकित किया जायेगा। कंट्रोल रूम के गठन के साथ पालीवार नोडल पदाधिकारियों को प्रतियुक्त की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में प्रखंड समन्वयक (पंचायती राज) विजय कुमार सिंह,ओमप्रकाश कुमार, प्रखंड वॉश समन्वयक एसबीएम, अरविन्द कुमार प्रखंड समन्वयक (उद्योग) को प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी, कर्मी पंचायतवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हुए संबंधित पंचायत के सभी कर्मियों , जनप्रतिनिधियों, जल सहिया, पीडीएस डीलर, आंगनबाड़ी सेविका व शिक्षा विभाग द्वारा ग्रुप के माध्यम से जो शिकायत प्राप्त होती है, उसे शिकायत पंजी में दर्ज कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते हुए संबंधित विभाग को पत्राचार करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा ने बताया कि पेयजल जीवन से जुड़ा अहम विषय है। गर्मी में इसकी व्यवस्था हर हाल में सुचारू रहनी चाहिए। उन्होंने आमजनों से खराब चापानलों, नलकूपों और जलमीनारों की स्थिति की जानकारी कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्ति कर्मियों को मोबाइल पर या स्वयं उपलब्ध कराने बात कही।

# विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था पर उपभोक्ताओं में नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में महीनों से अनियमित विद्युतापूर्ति से उपभोक्ताओं में काफी रोष है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अन्य प्रखंडों में बिजली काटने का समय निर्धारित है। इसी समय में बिजली की आपूर्ति बंद कर क्षेत्र में विभिन्न कार्य किये जाते है। प्रखंड में आपूर्ति व्यवस्था लाइनमैन की मर्जी से चलती है। जिससे उपभोक्ताओं में उबाल है। उपभोक्ता कौशल किशोर ने कहा कि अन्य प्रखंडों में दिन में एक बार बिजली निर्धारित समय पर काटकर गांव या शहर में लाइनमैन की ओर से कार्य किया जाता है। आपात स्थिति को छोड़कर उन प्रखंडों में मेंटेनेंस के लिये भी एक घंटे का समय निर्धारित कर दिया गया है। उपभोक्ता बदरुद्दीन ने कहा कि हैदरनगर में बिजली की आंख मिचौली लगातार जारी रहती है। जबकि इस प्रखंड के चौकड़ी पंचायत स्थित विद्युत सब स्टेशन स्थापित है। सब स्टेशन के कर्मी भी



साफ यही कहते हैं कि आपूर्ति व्यवस्था लाइनमैन की परमिट से चलती है। अभी क्षेत्र में काम हो रहा है। उन्होंने विभागीय अभियंताओं से कार्य का समय निर्धारित करने की मांग की है। जिससे उपभोक्ता भी बिजली से संबंधित अपना काम निपटा सकें। उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नवाजिश खान, डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, सज्जू खान, संतान चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति आदि ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो हैदरनगर के विद्युत उपभोक्ता चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में ताला बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति को छोड़ लाइनमैन को क्षेत्र में कार्य करने का एक निश्चित समय निर्धारित होना चाहिए। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किसी भी समय एक घंटा मेंटेनेंस का समय निर्धारित कर उपभोक्ताओं को जानकारी देने उपभोक्ता भी निश्चिंत रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### आश्रितों को 10 लाख मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे सरकारः कमलेश

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना अंतर्गत खड़गड़ा नहर रोड पर बिजली के गिरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर सिमरसोत गांव के बिंदु मेहता और उनके पुत्र बिपिन मेहता की दर्दनाक मौत पर पूर्व विधायक भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधि होने के नाते वह इस घटना को केवल एक हादसा नहीं, बल्कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही मानते हैं। जर्जर तार पोल को ठीक करने की लोगों द्वारा गुहार लगाने पर भी विभाग मौन बैठा रहता है। सरकार दोषी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन पर कार्रवाई करें। पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर जर्जर तार व पोल को बदलने की उन्होंने मांग की हैं। उन्होंने कहा कि इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होंगे।

### प्रखंड में पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत लोहड़ा पंचायत के गड़ेरियाडिह मे जल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वर्तमान जल संकट के संबंध में बताया कि यह पेयजल समस्या आज से नहीं बल्कि पिछले कई वर्षों से जल समस्या है। इस समस्या से निजात के लिए हम सभी कई अधिकारीयों व पदाधिकारियों से भी मिले, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों ने बताया की शिव मंदिर के पास स्थित जलमीनार है वह भी ऐसी स्थिति में है, जिससे एक बाल्टी पानी लेने के लिए चार घंटा खड़ा रहना पड़ता है। इसका मुख्य कारण है जलमीनार में लगी नलों से पानी की बहुत कम मात्रा निकलता है।

### विनय बने न्यायिक मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष

**हुसैनाबाद।** देशभर में मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करने की दिशा में कार्यरत न्यायिक मानवाधिकार परिषद ने झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद निवासी विनय कुमार पासवान को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष शर्मा (पूर्व सदस्य, एससीसी) ने विनय पासवान की सामाजिक सेवा भावना की सराहना करते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। परिषद ने उम्मीद जताई है कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, आतंकवाद, भय और मानवाधिकार हनन जैसे गंभीर मामलों पर निगरानी रखते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराएंगे और पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करेंगे। नियुक्ति की वैधता 4 मार्च 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक मान्य रहेगी। पत्र की प्रतिलिपि राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी सहित कई अन्य अधिकारियों को प्रेषित की गई है। विनय की नियुक्ति को स्थानीय समाज सेवियों व नागरिकों ने एक सराहनीय कदम बताया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में न्याय और मानवाधिकार संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### राजकीय उत्क्रमित विद्यालय में सम्मान सह विदाई समारोह

**हैदरनगर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बहेरा के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय और संकुल संसाधन केंद्र राजकीय उत्क्रमित विद्यालय पतरिया के संकुल साधन सेवी उमेश राम के सेवानिवृति पर समारोह आयोजित कर भावभीन विदाई दी गई। आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षक प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक छात्रों का भविष्य निर्माता, ज्ञान के प्रकाशपुंज ही नहीं बल्कि सेवानिवृति उपरांत समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का दायित्व जुड़ जाता है। विदाई सह सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी सहायक अध्यापक सत्येंद्र सिंह व संचालन सहायक अध्यापक प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह व विश्वनाथ राम रवि ने संयुक्त रुप से किया। विशिष्ट शिक्षक प्रतिनिधियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति तक ढ़ाई दशक तक शिक्षक विनोद कुमार पांडेय का इस प्रखंड में योगदान देना ही बड़ी बात है। इनके कार्यों की प्रशंसा, समर्पण, कर्मठता, अभिभावकों का स्नेह, इनकी कार्यकुशलता का परिचायक है। इस कार्यक्रम में अजाप्ता के राज्य प्रतिनिधि प्रेम चौधरी, जिला उप सचिव चक्रवर्ती सिंह, सहायक अध्यापक संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक संजय सिंह, संजय राम सहित अन्य वक्ताओं ने उनकी सेवानिवृत शिक्षक के सादगी भरे जीवन, सहज, सरल स्वभाव को रेखांकित किया।

### स्टेशन को अमृत भारत योजना का लाभ मिलने के बाद भी नहीं सुधरी स्टेशन रोड की हालत

**मोहम्मदगंज।** पंचायत से प्रखंड मुख्यालय बना। रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया गया। मगर मुख्य बाजार और स्टेशन रोड की हालत में सुधार नहीं हुआ है। करीब 25 वर्षों पूर्व बना पीसीसी पथ जर्जर हो गई है। बावजूद इसके इसकी हालत नहीं बदला है। जबकि इसके सटे लगातार स्थाई रूप में ठेलों पर लगाए गए दुकानों के कारण इस पथ का दायरा सिमट कर जाम और लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। लोगों का कहना है कि परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब ट्रेन पकड़ने को लेकर स्टेशन पहुंचने की जल्दी होती है। त्योहारी सीजन में बाजार प्रांगण में भीड़ बढ़ती है। इस दौरान वाहनों की कौन कहे, पैदल चलना भी मुश्किल होता है। इसे हर्ट ऑफ द टाउन और लाइफ लाइन कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। फिर भी न तो सड़क का कायाकल्प ही किया जा रहा है। न ही अतिक्रमण से सिमटते इसके दायरे को इससे मुक्त कराया जा रहा है। बताया गया कि बृजमोहन राम के कार्यकाल में सांसद निधि से भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमन सिंह और नर्वदेश्वर सिंह की पहल पर रेलवे स्टेशन की सीमा तक इसका पीसीसीकरण कराया गया था। इसके बाद से अब तक किसी स्तर से इसकी सुधि नहीं ली गई है। लोगों का कहना है कि इस पथ से रेलवे स्टेशन, बैंकों, स्कूलों और मुख्य बाजार के जुड़े होने की वजह से प्रखंड मुख्यालय की व्यस्त सड़कों में इसकी गिनती की जाती है। ऐसे में इसकी उपयोगिता और व्यस्तता को देखते हुए इसका डबल लेन के रूप में निर्माण कराने की जरूरत है।

# किसान क्रेडिट कार्ड शिविर में 60 आवेदन जमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए मंगलवार को प्रखंड सभागार में विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर इस प्रखंड के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने को लेकर चार अलग-अलग तिथियों में प्रखंड मुख्यालय में शिविर आयोजित किया जा रहा है। पहली शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए 60 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में इस प्रखंड के 500 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जाना है। इसे लेकर मई माह में 6 के बाद 13 ,20 और 27 तारीख यानि हर मंगलवार को प्रखंड सभागार में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक,बीटीएम,एटीएम और किसान मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इन तिथियों पर आयोजित विशेष शिविरों में लक्ष्य के अनुरूप किसानों के आवेदन सृजन के साथ केसीसी ऋण से उन्हें आच्छादित करना सुनिश्चित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। उन्होंने आगामी शिविरों में लक्ष्य के तहत किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए अधिक से अधिक किसानों को उपस्थित होकर आवेदन जमाकर लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर में उनके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के अलावा प्रखंड 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान, बीटीएम प्रशांत कुमार तिवारी, जनसेवक विवेकानंद पटेल और दीपक मेहता व भरदुल राम सहित अन्य कई किसान मित्र उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में किसानों के लिए लगा शिविर

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नया केसीसी,केसीसी ऋण माफी और बीज वितरण हेतु ब्लॉकचेन में रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में नया केसीसी के लिए 32 फॉर्म जमा किया गया और 5 किसानों को ऋण माफी का केवाईसी किया गया ,15 किसानों को रजिस्ट्रेशन कराया गया है । उक्त शिविर में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी पंकज कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी यशवंत सिंह,व्यापारमंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ,बीटीएम जयगोविंद यादव , पीएनबी और वनांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि ,पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, किसान मित्र सुनील कुमार पाठक,सुदामा यादव ,सुनील कुमार सिंह,ऑपरेटर अभिषेक कुमार ,एग्री क्लिनिक सहायक चौबे जी,,अंचल निरीक्षक संतोष कुमार ,हल्का कर्मचारी ,आशीष रंजन ,प्रशांत कुमार सागर,अहसान अली ,एवं सैकड़ों किसान उपस्थित हुए । अंचल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह शिविर फिर 13,20,और 27 मई 2025 को आयोजित की जाएगी । जो बचे हुए किसान है, वे अगले शिविर आकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# जपला रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे मंडल-डीडीयू के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-जपला द्वारा मंगलवार को प्रातः 6:30 बजे से 9:25 बजे तक जपला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सतर्क यात्रा के प्रति जागरूक करना था।अभियान के दौरान आरपीएफ के अधिकारी एवं स्टाफ ने यात्रियों को कई महत्वपूर्ण नियमों और सावधानियों की जानकारी दी। यात्रियों को बताया गया कि ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर रुकने पर पहले उतरने वाले यात्रियों को उतरने दें, फिर चढ़ें। साथ ही यह भी समझाया गया कि महिला और विकलांग कोच में अनाधिकृत यात्रा करना दंडनीय अपराध है। यात्रियों को आगाह किया गया कि वे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में यात्रा न करें। इसके अतिरिक्त, बिना कारण आपातकालीन चेन पुलिंग (एसीपी) करने से बचने की सलाह दी गई और बताया गया कि यात्रा के दौरान ट्रेन की छत, पायदान या दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा करना खतरनाक और निषिद्ध है। यात्रियों को आरपीएफ ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी और बताया कि किसी भी समस्या के दौरान इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।जहरखुरानी गिरोहों से सावधान रहने की अपील करते हुए यात्रियों को निर्देश दिया गया कि वह अजनबियों से कोई भी खाद्य या पेय पदार्थ न लें और न ही अनजान लोगों से मेल-जोल बढ़ाएं। इसके साथ ही चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी नहीं करने, ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी न लेने और रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश भी दिया गया।अंत में यात्रियों को अपने कीमती सामान जैसे पर्स, मोबाइल इत्यादि की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई। जन जागरूकता अभियान के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों में सुरक्षित यात्रा की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया, जिसकी स्थानीय लोगों और यात्रियों ने भी सराहना की हैं।

# नौकरी से छुट्टी पर घर लौटे युवक का किया वेरिफिकेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां गांव से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जेएसएलपीएस के माध्यम से नौकरी में गए कैंडिडेट नंदू यादव के पुत्र आकाश कुमार यादव के घर वापस आने पर डीएम स्कील संदीप कुमार ने मंगलवार को वेरिफिकेशन किया। मौके पर मौजूद जेआरपी उदय कुमार ने बताया इस योजना के तहत नौकरी पर गए कैंडिडेट ने वेरिफिकेशन में बताया कि 8 घंटे ड्यूटी व ओवर टाइम की सैलरी 10500 से लेकर 16500 तक उसे मिला। पीएफ भी काटा गया है। बतौर प्रोत्साहन राशि 1270 के दर से 6 महीने का अलग से मिलेगा। घर का काम जैसे ही खत्म होगा। वह पुणे वापस नौकरी पर चला जाएगा। जेआरपी ने कहा कि यह सामान्य प्रक्रिया है। इसकी औपचारिकता के तहत नौकरी पर भेजे गए कैंडिडेट से उनकी संतुष्टि को लेकर जानकरी ली जाती है। यह जानने की कोशिश की जाती है कि जहां भेजा जाता है, वहां कंपनी सुविधा और शर्तों की कसौटी पर खरा उतरती है या नहीं।

**महोत्सव का आगाज आज से,14 तक चलेगा कार्यक्रम**

# बराही धाम को वैश्विक धार्मिक मानचित्र पर मिलेगी नई पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बराही धाम अब वैश्विक धार्मिक स्थल के रूप में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक मानचित्र पर बराही धाम को विकसित करने के लिए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के लोग पूरी लगन के साथ जुट चुके है। आज से शुरू होकर 14 मई तक आयोजित बराही धाम महोत्सव का आगाज व बुधवार से 51 घंटे का अखंड कीर्तन के साथ शुरू होगा। 14 मई को विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा और 151 फीट नवग्रह मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम देश के महान साधु संतों द्वारा की जाएगी। मंदिर निर्माण के लिए 10 एकड़ से अधिक जमीन को अधिग्रहण करने के बाद चाहरदीवारी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मंदिर का मुख्य द्वार की कार्य प्रगति पर है। इस महोत्सव को लेकर कई वाहनों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। महोत्सव कमेटी के लोग झारखंड बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तक जाकर लोगों को भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम में आने के आमंत्रण कार्ड देने का काम तेजी से किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पलामू जिप उपाध्यक्ष सह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह ने बताया कि 7 से 9 मई तक 51घंटे का अखंड पाठ,10 मई को अमृतसरी झांकी व शोभा यात्रा , 11से 13 मई भागवत कथा वाचक पंडित गौरांगी गौरी का कार्यक्रम, 13 मई को गीतकार गुंजन सिंह, करीना पांडेय, सविता पांडेय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई है। 14 मई को भूमि पूजन में मुख्य रूप से जगतगुरू श्री रामभद्राचार्य जी महाराज, ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज, परम पूज्य राजकुमार दास जी महाराज, स्वामी राम नंदन दास जी महाराज, सुंदर राज स्वामी, महंत कौशल किशोर दास अयोध्या हनुमान गढ़ी के अलावा झारखंड, बिहार, उतर प्रदेश के कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के अलावा कई भोजपुरी सुपर स्टार इस भूमि पूजन के साक्षी रहेंगे। इस अनुष्ठान कार्यक्रम में पूर्व सांसद, पूर्व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पावर स्टार पवन सिंह समेत कई राजनीतिक हस्तियों व ब्यूरोक्रेट लोग इस पुनीत कार्य में शामिल रहेंगे। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने इस महा भूमि पूजन अनुष्ठान में अधिक लोगों को बराही धाम परिसर में पहुंच कर इसके साक्षी बनकर सफल बनाने की अपील की है।



## थाने में बच्चों ने पढ़ा कानून का पाठ, पुलिस और सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मंगलवार को कुछ स्कूलों के छात्र-छात्राएं एक अलग ही भूमिका में दिखे—न तो वे कक्षा में थे, न परीक्षा दे रहे थे, बल्कि वे थाने का भ्रमण कर रहे थे। सदर थाना और हरिहरगंज थाना परिसर में आयोजित इस अनोखे जागरूकता अभियान का उद्देश्य था झ पुलिस कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों में समझ विकसित करना। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सदर थाना क्षेत्र के राजेन्द्र मिश्रा मेमोरियल नीलांबर-पीतांबर पब्लिक स्कूल, जमुने के बच्चों को थाने बुलाकर पुलिस के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। छात्रों को डायल 112 आपातकालीन सेवा के महत्व के बारे में बताया गया और समझाया गया कि किस तरह से इस नंबर का सही समय पर उपयोग कर किसी भी आपात स्थिति में मदद ली जा सकती है। बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया, जिससे शिक्षा के साथ सुरक्षा का पाठ भी जुड़ सके। इसी तरह हरिहरगंज थाना परिसर में सीता +2 उच्च विद्यालय, हरिहरगंज के विद्यार्थियों को आमंत्रित कर थाना की कार्य प्रणाली, ट्रैफिक नियमों और सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## रेडक्रॉस सोसाइटी का रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर 8 मई को



**मेदिनीनगर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आगामी गुरुवार, 8 मई को रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्थानीय पलामू क्लब में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पलामू इकाई के पदाधिकारियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। सोसाइटी के सचिव सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि यह शिविर 8 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। शिविर में आम नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से परामर्श भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे, इसके लिए ऑटो प्रचार के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के उपायुक्त शशि रंजन उपस्थित रहेंगे। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेड क्रॉस को एक एंबुलेंस और एक मोक्ष वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में रांची के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. अरुण कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिषेक, डॉ. सच्चिदानंद, जिले के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कुमार सहित अन्य चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न प्रकार की जांचें की जाएंगी।

### शादी से पहले दूल्हे की मौत

# कार्ड बांटकर लौटते समय सड़क हादसे में गई जान

- मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए
- मृतक की शादी महज 16 दिन बाद होनी थी

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। पिपरा थाना क्षेत्र के सुलतानी गांव में सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की शादी महज 16 दिन बाद होनी थी। जानकारी के अनुसार, छतरपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी बसंत राम का 26 वर्षीय पुत्र अविनाश अपनी शादी का कार्ड बांटकर लौट रहा था। उसी दौरान सुलतानी गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में अविनाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पिपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने अविनाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि चंदन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। अविनाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया, जहां प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता बसंत राम ने बताया कि अविनाश की तिलक की रस्म 18 मई को तय थी, जबकि बारात 21 मई को गढ़वा जिला जानी थी।

## शहर में पुलिस-कारोबारी आमने-सामने सुरक्षा और ट्रैफिक पर खुलकर हुई बात



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मंगलवार को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में पलामू पुलिस और व्यापारिक संगठनों के बीच खास बैठक हुई, जहां शहर की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर खुलकर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े 44 से अधिक कारोबारी प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में पुलिस कप्तान ने व्यापारियों से दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की, जिनमें कम से कम 15-20 दिनों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके। उनका कहना था, 'कोई भी आपराधिक वारदात हो, तो फुटेज जांच में हमारी सबसे बड़ी मदद करता है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा, 'आपके सुझाव बेहद अहम हैं। इन पर गंभीरता से विचार होगा और जो भी संभव हो, उसे जमीन पर उतारा जाएगा।' उन्होंने रंगदारी और धमकी जैसी घटनाओं की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया। बैठक में एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, उप मेयर मंगल सिंह समेत कई प्रशासनिक व व्यापारिक चेहरे मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने भी रखी अपनी सुझाव

- गांधी उद्यान और कोयल नदी किनारे शाम के समय पुलिस तैनात रहे।
- कोयल-शाहपुर ब्रिज पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिले।
- ट्रैफिक पुलिस को ऑन स्पॉट चालान की सुविधा मिले।
- चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल फिर से चालू हों।
- जेब्रा क्रॉसिंग चिन्हित की जाएं।
- भारी वाहनों के शहर में प्रवेश का समय तय हो।
- स जी-खाद्य गाड़ियों को तय सीमा में रखा जाए।
- माइक युक्त वाहन ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराया जाए।
- अग्निशमन वाहनों की क्षमता बढ़े और मॉक ड्रिल नियमित हों।

## सीता नवमी पर विहिप ने आयोजित किया भव्य कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीता नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा मातृशक्ति (दुर्गा वाहिनी) के नेतृत्व में गीता भवन स्थित जिला कार्यालय परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत भगवान राम और माता सीता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर जिला पालक दामोदर मिश्र ने कहा कि भगवती सीता का जीवन मातृत्व, करुणा और त्याग की प्रतीक है। उनका आदर्श नारी शक्ति के सम्मान और संयम का मार्ग दिखाता है।

जिला मंत्री अमित तिवारी ने बताया कि हल की फाल (सीत) से भूमि जोतते समय एक घड़े में प्राप्त कन्या को सीता नाम दिया गया। भूमि से जन्म लेने के कारण उन्हें भूमिजा और जनक की पुत्री होने से जानकी कहा गया। दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह ने कहा कि माता सीता का जीवन भक्ति, शक्ति, संयम और पातिव्रत्य का अद्वितीय उदाहरण है। बजरंग दल संयोजक संदीप गुप्ता ने कहा कि उनका आदर्श जीवन आज की नारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कार्यक्रम में विजय यादव, अजीत पाठक, कनक सिंह, विवेक सिंह, भोला अग्रवाल, सत्य प्रकाश शुक्ल, संजय केशरी, प्रकाश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर डॉरमेट्री का अभाव, यात्रियों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर डॉरमेट्री (सामूहिक विश्राम कक्ष) की सुविधा नहीं होने से यात्रियों को विशेषकर रात में रुकने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर फिलहाल दो बेड वाला रिटायरिंग रूम उपलब्ध है, जिसे ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से उपयोग में लाया जाता है।उल्लेखनीय है कि धनबाद रेल मंडल में, धनबाद के बाद डालटनगंज स्टेशन सबसे अधिक राजस्व देने वाला स्टेशन है। यहाँ से वंदे भारत, राजधानी, गरीब रथ समेत लगभग 36 छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है। शहर का विस्तार और व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण विभिन्न जिलों एवं बड़े शहरों से लोग यहाँ आते हैं। रात में रुकने के लिए स्टेशन के समीप उचित होटल की कमी के कारण कई यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही रात गुजारनी पड़ती है। हाल ही में अमृत भारत योजना के तहत डालटनगंज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया है।

## 15 दिन से अंधेरे में डूबा चेड़ाबार, ट्रांसफार्मर नहीं बदला, ग्रामीणों परेशान

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड का चेड़ाबार गांव बीते पंद्रह दिनों से बिजली विहीन है, जिससे गांव के सौ से अधिक घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। खराब ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग से गुहार लगाई है, पर अब तक कोई राहत नहीं मिली है। बिजली न होने के कारण ग्रामीणों को मोबाइल चार्जिंग के लिए दूसरे टोले का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, भीषण गर्मी और अंधेरे के चलते सांप-बिच्छू के डर ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीण फागुनी राम, वीरेंद्र राम, पारसनाथ सिंह, अशर्फी सिंह और विजय कुमार ने कनीय अभियंता को ज्ञापन सौंपकर मौजूदा 63 केवी की जगह 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बार-बार लोड फाल्ट से मुक्ति मिल सके। लोगों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मर को पहले ही विभाग को सौंप दिया गया है, फिर भी नया ट्रांसफार्मर नहीं मिला है। इस मुद्दे पर जब कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने जल्द समाधान नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर चमका ब्राइटलैंड का सितारा, केंद्र व राज्य सरकार से मिली लाखों की प्रोत्साहन राशि

नवीन मेल संवाददाता




मेदिनीनगर। खेल प्रतिभा को जब सही मंच मिले, तो वह राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकती है—इसी बात को सच कर दिखाया है ब्राइटलैंड स्कूल के होनहार छात्र जीत तिवारी ने। गतका जैसे पारंपरिक और साहसिक खेल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 8वीं के छात्र जीत ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। दिल्ली में 22 से 28 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के कई राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया था, लेकिन जीत ने अपनी प्रतिबद्धता और मेहनत से सभी का ध्यान खींचा।

**सरकारी सम्मान और स्कूल से खास स्कॉलरशिप :** जीत की इस उपलब्धि पर केंद्र सरकार ने 1 लाख रुपये तथा राज्य सरकार ने 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। साथ ही, ब्राइटलैंड स्कूल प्रशासन ने जीत को राजा अंबिकेश्वर बक्सराय स्कॉलरशिप के तहत वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण फीस माफ कर दी है।

**स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन**
मंगलवार को स्कूल की असेंबली में जीत को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। समारोह में खेल शिक्षक सनत चटर्जी, प्राचार्य राहुल सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा, 'जीत तिवारी जैसे छात्र हमारे स्कूल की पहचान हैं जो पढ़ाई और खेल—दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं।

**राजा अंबिकेश्वर स्कॉलरशिप अब बनेगी प्रेरणा स्त्रोत :** स्कूल की संस्थापक रागिनी सिंह ने घोषणा की कि जीत की इस ऐतिहासिक सफलता को सम्मान देने के लिए इस वर्ष से राजा अंबिकेश्वर बक्सराय स्कॉलरशिप की शुरूआत की गई है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों को दी जाएगी जो पेंटिंग, स्पोर्ट्स, ओलंपियाड, गायन या अन्य किसी भी क्षेत्र में विशेष प्रदर्शन करेंगे।

**परिवार ने जताया आभार :** जीत के पिता अर्जुन तिवारी ने अपने बेटे की सफलता का श्रेय स्कूल प्रशासन और खेल प्रशिक्षकों को देते हुए कहा, 'बिना उनके मार्गदर्शन और सहयोग के यह संभव नहीं होता।'



## सड़क बना नाला, संक्रमण का बढ़ा खतरा

**रमना।** पंचायत के सर्वेशरी चौक से सिलीदाग जाने वाले मुख्य सड़क पर जल जमाव से अगल-बगल रहने वाले, दुकानदारों, राहगीरों के लिए परेशानपी बन गयी है। रविवार दोपहर तेज आंधी के साथ हुई बारिश से क्षेत्र की स्थिति नारकीय हो गई है। बारिश हुए दो दिन बीत गया, लेकिन इस सड़क पर स्थिति बद से बदतर हो गयी है। इस स्थल के बगल में कूड़ा कचरा का अंबार भी लगा है, जिससे दुर्गंध तो फैलता ही है संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो, आने वाले बरसात में यह विकराल रूप ले लेगा। संक्रमित बीमारी पूरे क्षेत्र में फैल जायेगा, जो गंभीर समस्या बना जाएगी। इस सड़क से सिलीदाग और गम्हरिया पंचायत के ग्रामीणों का रोज का आना जाना है। लोग इस रास्ते से होकर मुख्य बाजार आते-जाते हैं। सड़क पर जल जमाव होने से पैदल आने-जाने वाले ग्रामीण अधिक प्रभावित है। पहले इस जगह से एक पुलिया द्वारा पानी निकासी होता था, जिसे बंद कर दुकान और मकान बना दिया गयाळ। इस कारण जल निकासी का मार्ग बंद हो गया और इस जगह पर जल जमाव होने लगा।

## घर का ताला तोड़कर चोरी

**श्री बंशीधर नगर।** मर्चवार ग्राम निवासी अलख राम ने थाना में आवेदन देकर सोमवार की रात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर छह हजार नकद तथा लगभग ढाई लाख रुपये मूल्य का आभूषण चोरी होने की जानकारी देते हुए जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है। थाना को दिये आवेदन में अलख राम ने कहा है कि विगत 30 अप्रैल को वह सपरिवार शादी समारोह में शामिल होने गये थे। घर पर उनका पुत्र अमित कुमार रहता था, जो 5 मई की शाम एक तिलक समारोह में शामिल होने कटहर ग्राम चला गया था। जब वह 6 मई की सुबह अपने घर लौटा तब देखा कि घर का ताला टूटा है। चोरों ने बक्सा में रखा छह हजार रुपये नकद, सोना का मांगटीका, झुमका, नथुनी, चांदी का कमरधनी,चांदी का बिछिया,चांदी का पंजा,सिकड़ी,चांदी का टप चोरों ने चोरी कर लिया है। अमित ने तुरंत मोबाइल से इसकी सूचना अपने पिता अलख राम को दिया। चोरी की जानकारी होने पर वे सपरिवार करकट्टा से मंगलवार को घर पहुंच जानकारी थाना को दिया।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के सुनी आमजनों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई व उसके निष्पादन के संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकंपा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। केतार प्रखंड के परसोडीह के रविंद्र पाल व बबन साह ने उपायुक्त से डीलर जिनका लाइसेंस रद्द है, को पुनः लाइसेंस निर्गत नहीं करने की मांग की है। केतार निवासी राजनाथ राम ने बिंदु राम के खेत में तालाब निर्माण योजना के कार्यान्वयन को रोकने का अनुरोध किया है। सदर प्रखंड के ओबरा निवासी व देवी माता आजीविका सखी मंडल के स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने नया जन वितरण प्रणाली का दुकान चालू करने के संबंध में सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित किया है। आवेदन समर्पित करने वालों में रीमा देवी, ललिता देवी व अनीता देवी आदि का नाम शामिल है।

## अबुआ आवास में रिश्वत लेने की शिकायत

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मंगलाव को सोनडीहा ग्राम के ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में अनियमितता और मुखिया पति पर आवास योजना में रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। एसडीओ ने ग्रामीणों को दो दिनों के अंदर मामले की जांच स्वयं कर कारवाई करने का आश्वासन दिया है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास योजना के लाभुक दुलारी देवी पति रविन्द्र राम, अनीता देवी पति अजय राम, विजय राम, विश्वनाथ राम हरिहर राम से मुखिया पति हनुमंत कुमार यादव द्वारा आवास योजना में पैसा डलवाने के एवज में अधिकारियों को देने के नाम पर पैसा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक स्थिति सही नहीं रहने पर मवेशी बेच कर पैसा मुखिया पति को दिए है। ऐसे में अभी तक आवास योजना का पैसा नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मामले में मुखिया पति द्वारा पैसा वापस करने से इनकार कर दिया। दिए आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में जिले के उपायुक्त और प्रखंड के बीडीओ को आवेदन देकर मामले की जांच कर पैसा वापस कराने की मांग किया गया, लेकिन अब तक कोई कारवाई नहीं किया गया। आवेदन देने वालों में दुलारी देवी, अनीता देवी, अजय राम ,हरिहर राम , विश्वनाथ राम ,विजय राम,राजनाथ राम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 15 घायल

**भवनाथपुर।** मंगलवार को अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गई, जबकि 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी दुर्घटनाओं में लोग शादी-विवाह के दौरान लौटने के दौरान घायल हुए हुए है। पहली घटना में सोमावार की रात्रि थाना क्षेत्र के कैलान झुरही टोला निवासी बसु कोरवा की पत्नी सबिता देवी ने आपसी विवाद में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर स्थिति में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां डॉ. नीतीश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया । दूसरी घटना मंगलवार की सुबह एक बाराती कमांडर टाउनशिप भाया कांडी रोड के शिवा ढूंढा के पास अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार एक दर्जन बाराती में दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोमारू सिंह, विजय सिंह दोनों खरौंधी थाना क्षेत्र के नाम शामिल है। अन्य बारातियों को हल्की चोट लगी है। कैलान से फुलवार गांव में एक एक टेंट का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर पलटने से उसपर सवार तीन लोगों में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सीतेस यादव पिता बुधन यादव रोहनिया ,धर्मेंद्र बैठा पिता बिनोद बैठा जबकि मृतक रोहित पासवान पिता ब्रिज किशोर पासवान रोहनिया के नाम सामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक ट्रैक्टर पर रोहनिया से टेंट का सामान लेकर सभी लोग फुलवार गांव जा रहे थे। कच्ची पहाड़ीनुमा सड़क पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से लोग घायल हो गए। इसी तरह भवनाथपुर टाउनशिल मुख्य पथ के रेलवे साइडिंग के पास एक बाइक और लूना के टकराव में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में धर्मेंद्र कोरवा पिता सुरेंद्र कोरवा ,अखिलेश कोरवा पिता बिरजा कोरवा दोनो कैलान झुरही टोला निवासी, जबकि तीसरा बिरजा कोरवा का दामाद देवनाथ कोरवा धुरकी निवासी के नाम शामिल है। खरौंधी के अमरोरा गांव में तीखे मोड पर एक लूना और बाइक के टकराव में लूना पर सवार पति पत्नी और दो छोटे पुत्र घायल हो गए। घायलों में एस कुमार पत्नी रिमा देवी ,बेटा ओम कुमार, शिवम कुमार सभी भवनाथपुर चपरी के सरईया टोला के नाम शामिल है। सभी घायलों को डॉ. शैलेन्द्र कुमार और प्रियंका कुमारी द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम को तत्काल घटना स्थल पर भेजकर घायलों को उचित इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ,कमांडर और बाइक को थाना में सुरक्षित रखाा गया है। कमांडर और ट्रैक्टर चालक फरार है।

## पूर्व उप मुखिया के पिता का निधन, शोक

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के पूर्व उप मुखिया प्रदीप कुमार गुप्ता के पिता चतुरी साह का सोमवार को पुणे महाराष्ट्र में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के लिए उनके बड़े पुत्र प्रमोद गुप्ता उन्हें बेहतर उपचार के लिए पुणे ले गए थे। वहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे पंचायत में शोक है। पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, आनंद पासवान, विजय जायसवाल, अजय सोनी, ध्रुव नारायण दुबे, लाल बाबू, प्रेम प्रकाश रमन, उदय गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अजीत गुप्ता और अमित वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उनके आवास पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# कनहर में डूबने से किशोर की मौत

**◀◀ पुलिस पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव खोजने का प्रयास कर रही**



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के झारखंड छत्तीसगढ़ की सीमा पर अवस्थित सुखाल्दारी नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार खाला गांव के चार-पांच किशोर नहाने के लिए सुखाल्दारी नदी गए थे। नहाने के क्रम में एक किशोर तबरेज अंसारी 15 वर्ष पिता जलील अंसारी की डूबने से मौत हो गई। शव का खोज नहीं किया जा सका है। घटना की सूचना मिलते ही खाला गांव के दर्जनों व्यक्तियों की भीड़ सुखाल्दारी नदी पहुंची। बता दें एक दिन पूर्व वर्षा होने के कारण नदी का प्रवाह तेज है। फल स्वरुप मृतक का शव गहराई में डूबे होने के कारण शव निकल नहीं सका है। एनडीआरफ की टीम के बिना शव का निकल पाना संभव नहीं लगता है। घटना की जानकारी थाना प्रभारी को उपेंद्र कुमार को मिलने पर वह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। डूबने वाले तीन युवक को गांव के ही शक्लदीप बैठा नामक एक किशोर में अपनी जान खतरे में डालकर तीन अन्य किशोर को बचाया।

## बारात जाने के लिए पैसा नहीं मिलने पर युवक ने लगाई फांसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के खुरी गांव में सोमवार देर रात 27 वर्षीय मोहन कोरवा ने बारात में जाने के लिए पैसे नहीं मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि मोहन ने अपनी मां से बारात में जाने के लिए पैसे मांगा था, लेकिन पैसे नहीं मिलने पर घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खोजबीन के बाद मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने पेड़ से लटका शव देखा। इसके बाद पंचायत के मुखिया पति उदय भुइंया को सूचना दी गई। उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। मौके पर चिनियां थाना के एएसआई



राधेश्याम कुमार और सुखराम उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या है। फिर भी पुलिस हर पहलुओं की गहनता से जांच करेगी।

## विभागीय नक्शा के अनुरूप सड़क निर्माण नहीं कराने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** मेराल से अंबाखोरिया गांव तक बनाए गए कालीकरण सड़क में डंडई के यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास विभागीय नक्शा के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं कराने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि सड़क निर्माण के लिए जिस प्लाट में भूमि का अधिग्रहण किया गया है, वहां पर सड़क का निर्माण न करा कर दूसरी अधिग्रहित वाले भूमि पर पूरा सड़क का निर्माण करा दिया गया है। गलत तरीके से सड़क का निर्माण करा देने की मामले को लेकर भू-स्वामी पुत्र सुमंत ने जिले के उपायुक्त के साथ पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर मामले की लिखित शिकायत की है। दोनों पदाधिकारियों को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि डंडई के यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास विभागीय नक्शा में जहां पर सड़क का निर्माण होना है, वहां पर न करा कर सिर्फ मेरा भूमि खाता 23 प्लॉट 1642 पर पूरा सड़क का निर्माण कर दिया गया है। जबकी सड़क निर्माण के लिए दूसरे प्लॉट की भूमि को भी अधिग्रहित किया गया है। साथ ही दिए आवेदन में आवेदक ने अपने को जमीनदोज होने की बात बताते हुए कहा है कि उक्त भूमि के अलावा मेरे पास सड़क के किनारे और कहीं भी भूमि नहीं बच गया है। इससे पूर्व में मेरी उसी प्लाट की 66 डिसमिल भूमि पर सिंचाई विभाग द्वारा नहर का निर्माण भी करा दिया गया है।

## कार्यशाला आज

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विद्यालय से बच्चों को जोड़ने पर चर्चा की जायेगी। जानकारी देते हुए बीपीएम रवि कुमार बैद् ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, 20 सूत्री उपाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, कल्याण पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, बीआरपी - सीआरपी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

**प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यशाला**

## बच्चों के नामांकन व विद्यालय में ठहराव नहीं होना चिंतन का विषय : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दनी के प्रांगण में मंगलवार को 'स्कूल रुआर कार्यक्रम 2025' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, चन्दनी पंचायत के मुखिया रामगहन मेहता और बीपीएम नवीन प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि विभागीय स्तर पर विभिन्न योजनाएं, कार्यक्रम और विशेष सुविधाएं होने के बावजूद यदि बच्चों के नामांकन व विद्यालय में ठहराव में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, तो यह हम सभी के लिए चिंतन का विषय है। केवल विभाग की



जिम्मेदारी नहीं, शिक्षक, अभिभावक और पूरे समुदाय को मिलकर इसमें योगदान देना होगा। यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो स्कूलों में बच्चों की स्थायित्व और गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का ईमानदारी से पालन करें और इस कार्यक्रम को एक जन अभियान के रूप में सफल बनाएं। बीपीएम नवीन प्रकाश ने ह्यस्कूल रुआर कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 16 दिनों तक चलने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, झामुमो नेता बिनोद यादव, हिफाजत अंसारी, सीआरपी दिनेश कुमार दुबे, अर्चना कुमारी, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार तिवारी, अमरेश कुमार राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह, सतेंद्र दास, राजीव रंजन द्विवेदी, अंजनी कुमार द्विवेदी, जितेंद्र सिंह, गोविंद उरांव, अरविंद साह, अरविंद प्रसाद, मिथलेश पाल, सोहराब अंसारी, मो. जमालुद्दीन, मो. मृतुन्जय कुमार दुबे, मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार राम सहित कई शिक्षक मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 183 दिनांक 06.03.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत **मत्स्य स्पॉन** की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना PR No. 348021 Lohardaga (24-25)*D द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 16.05.2025 एवं समय अपराह्न 12:00 बजे को उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।

पुनः निविदा खुलने की तिथि एवं सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में कर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 351726 Lohardaga(25-26).D



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा**
**(मनरेगा कोषांग)**
**(Third Call)**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉची पत्रांक (N)273(अनु0) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना हेतु खाद् एवं अन्य सामग्रियों के क्रय के लिये योग्य एवं पंजीकृत ग्राम संगठन / कृषक उत्पादक कंपनी / कृषक उत्पादक समूह / कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST No. उपलब्ध है, उनसे मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता से सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 13.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाहन तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यकम समन्वयक, मनरेगा, लोहरदगा के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 13.05.2025 को 12.00 बजे अपराहन निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

**नोट :–** निविदा की विस्तृत शर्त्ते एवं अन्य जानकारी लोहरदगा जिले के वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यकम समन्वयक, लोहरदगा

PR 351719 Lohardaga(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को फॉरमुलेटेड स्पॉन मैश फीड उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

1. निविदा की राशि – 4.40 / – (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 8800.00 (आठ हजार आठ सौ) – रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अंतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 16.05.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 16.05.2025 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान –सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि / एवं Lohardaga. inc.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 351728 Lohardaga(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 / दिनांक 11.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत विज्ञापन प्रकाशन कराने का निदेश प्राप्त है, लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को जाल / हापा उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमांत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

1. निविदा की राशि – 4.40 / – (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 8800 (आठ हजार आठ सौ) –रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 16.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएग।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 16.05.2025 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान – सभागार, जिला परिषद लोहरदगा।
6. दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार जिला परिषद में निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि / एवं lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 351730 Lohardaga(25-26).D



**जिला कृषि कार्यालय, चतरा**
**(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा)**

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत, चयनित ग्रामों में CGF के तहत् वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण (पक्का) के क्रियान्वयन किया जाना है। जिस हेतु दिनांक 22.04.2025 अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। परंतु निविदाकर्ता द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। जो निम्नवत है :–

| क्रसं | प्रखण्ड | ग्राम | नाम | यूनिट | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दा | बनियाडीह | वर्मी कम्पोस्ट | 05 | 64550.00 |
| 2 | प्रतापपुर | हारा | वर्मी कम्पोस्ट | 11 | 142010.00 |
| 3 | प्रतापपुर | लिप्दा | वर्मी कम्पोस्ट | 08 | 103280.00 |

इस हेतु अनुभवी FPO / सहकारी समितियों / गैर सरकारी संस्थायें NGOs / से दिनांक 21.05.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक आवेदन प्राप्त किया जाएगा। तथा उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा।

1. FPO / सहकारी समितियों / गैर सरकारी संस्थायें NGOs सहकारी समितियों के तहत् पंजीकृत हो।
2. योजना का क्रियान्वयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में स–समय कराना सुनिश्चित करेंगें।
3. उक्त क्षेत्र में 03 वर्षो का कार्य करने का कार्य अनुभव आवश्यक है।
4. औसत वार्षिक Turn Over 03 वर्षो तक 09 लाख रूपये से कम नहीं होना चाहिए।
5. निविदा राशि 1000.00 रू0 का डिमांड ड्राफ्ट जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा के नाम से देय होगा।

नोट :– किसी भी प्रकार का अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, चतरा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 351796 Agriculture(25-26)#D



**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

**e- Procurement Notice**
**NIT No. - UDD/LNP/03/2025-26**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त आयोग मद से | | | | | | |
| 01 | 01/LNP/03/2025-26 | Construction of P.C.C. Road at Banpur Ward No 02 From House of Bindu Ram to Tihara More Karkat Siwana Under Nagar Panchayat Latehar. | 17340318.00 | 346900.00 | 10000.00 | चार माह |
| 02 | Date of Publication of Tender on website | | 07.05.2025 at 11:00 AM | | | |
| 03 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 04 | Date start of submission of bids | | 08.05.2025 at 10:00 am | | | |
| 05 | Last Date/Time of submission of bids | | 27.05.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 06 | Technical Bid opening date (Online) | | 29.05.2025 at 2.00 PM | | | |
| 07 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 08 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 09 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 10 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

**NOTE : Only e-Tenders will be accepted.**
**Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in**

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 351734 (Urban Development)25-26*D

## न्यूज बॉक्स

# गुजरात में काम कर रहे मजदूर का शव चंदवा पहुंचा



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत जमीरा गांव से काम करने गुजरात गए मजदूर विनोद यादव का शव मंगलवार दोपहर बाद जमीरा गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मृतक के परिजनों से मिल उन्हें ढाढस बंधाया। बता दें कि मजदूर विनोद की मौत शनिवार को गुजरात के जिला भरूच, थाना दहेज अंतर्गत बगरा में हो गई थी। परिजन अर्थाभाव में मृतक के शव को पैतृक गांव लाने में असमर्थ थे। परिजनों ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव व जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व श्रम अधीक्षक से शव को वापस गांव लाने में मदद की गुहार लगाई थी, जिसके बाद प्रतुल शाहदेव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। मामले में ट्वीट कर झारखंड व गुजरात के मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद मजदूर का शव उसके घर पहुंच पाया। शाहदेव ने झारखंड सरकार व गुजरात सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

## 29 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि देने का आदेश




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के बाद 29 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के 2, अनुसूचित जनजाति के 8, पिछड़ी जाति के 19 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने का अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 29 आवेदनों में 4 कैंसर पीड़ित मरीजों का आवेदन हैं। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के बाद अविलंब सभी लाभुकों को अनुदान राशि हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, ,जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय एथेलेटिक्स चैंपियनशिप 16 ओर 17 को

**महुआडांड़।** लातेहार जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन ने आगामी 16 व 17 मई को संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय के खेल मैदान में लातेहार डिस्ट्रिक्ट एथेलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया है। चैंपियनशिप में बॉयज एंड गर्ल्स अंडर 14, 16, 18 और 20 साल के एथलीटस के लिए ओपन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। यह जानकारी एलडीएए सचिव अनुभा खाखा ने दी। उन्होंनें बताया कि चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य जिले के युवा एथलीटस को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना और उन्हें राज्य स्तर पर खेलने के लिए तैयार करना है। इस आयोजन से जिले के एथलीटस को अपनी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। चैंपियनशिप में अंडर 14, 16, 18 और 20 साल के एथलीटस भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न एथलेटिक्स इवेंट्स शामिल होंगे, जैसे दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि शामिल है। चैंपियनशिप में सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। इससे उन्हें अपनी प्रतिभा को और भी निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही लातेहार जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन ने चैंपियनशिप के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोजन के दौरान एथलीटस को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## बालूमाथ में वज्रपात से युवक की मौत

**बालूमाथ।** वज्रपात से 18 वर्षीय युवक बारीक अंसारी चिरु हेरहंज की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हेरहंझ प्रखंड के चिरू गांव में सोमवार की देर शाम बारिक अंसारी (18) पिता जुबेर अंसारी अपने घर लौट रहा था। इस बीच अचानक बारिश के साथ वज्रपात होने युवक उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ भर्ती कराया। वहां डॉ. सुरेंद्र कुमार ने उसकी जांच कर मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

# भाकपा माओवादी के पांच नक्सली गिरफ्तार

### लेवी के वसूले गए 52 हजार और नक्सली पर्चा बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाकपा माओवादियों के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी नक्सली 30 अप्रैल की रात को जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के मुंशी अयुब अहमद की गोली मारकर हत्या करने के बाद दूसरे कंस्ट्रक्शन साइड के खड़े एक जीसीबी व मशीन जलाने की घटना में शामिल थे। गिरफ्तार माओवादी नक्सलियों में सत्येंद्र यादव ,सूरजभान यादव, कृष्ण यादव ,राजेंद्र यादव और प्रसाद यादव शामिल हैं।

सभी महुआडांड़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। मंगलवार को महुआडांड़ थाना में प्रेस वार्ता करते हुए मनोज कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सघन छापेमारी अभियान चलाकर पांचो आरोपी नक्सलियों को गिरफ्तार की है। छानबीन के दौरान उनके पास से लेवी के रूप में वसूले गए लगभग 52 हजार रुपये, कई नक्सली पर्चा भी बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों ने पूछताछ के दौरान अपने अपराध भी स्वीकार कर लिया है।

और कहा कि माओवादी कमांडर कुंदन खरवार के नेतृत्व में घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम घटना में शामिल अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी अभियान में पुअनि इन्द्रदेव राजवार, पुआनि बंधन तिर्की और जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## 10 हजार की रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार



**लातेहार।** अंचल कार्यालय में मंगलवार को एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है। पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम राजस्व कर्मचारी मनोज बेक को भी अपने साथ ले गई है। बताया जाता है कि जमीन के म्यूटेशन के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जांच की। जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने आरोपी के आवास में भी छापेमारी की। वहां से भी कुछ दस्तावेज जब्त किए गए। अफसर पूछताछ कर रहे हैं। इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। लोग दफ्तर के बाहर चर्चा करते नजर आए। एसीबी की यह कार्रवाई लातेहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## नि:शुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर शुरू



**लातेहार।** रेड क्रॉस सोसाइटी श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नि:शुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 से 8 मई तक चलेगा। इसका स्थान सदर अस्पताल लातेहार के समीप स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर होगा। शिविर में उन लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे,जिनके हाथ या पैर किसी कारणवश कट गए हैं या फिर वे जन्म से ही शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त अन्य शारीरिक अंग जो कार्य करने में अक्षम हो चुके हैं, उनकी सहायता के लिए भी विशेषज्ञ टीम द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जयपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों के साथ लातेहार पहुंच चुकी है।

## अपराधी राहुल सिंह गिरोह के दो गुर्गो को पुलिस ने दबोचा

नवीन मेल संवाददाता



पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस को कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर राहुल सिंह गिरोह के अमृत उरांव पिता रंथू उरांव (ग्राम जोभिया लातेहार) व मासूक अंसारी पिता मोमिन अंसारी (ब्रह्मणी, चंदवा) को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बता दें कि गिरफ्तार अमृत उरांव थाना क्षेत्र के सोंस गांव में बारात में आए उपेंद्र उरांव की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में मुख्य आरोपी था। घटना के बाद से फरार चल रहा था। चंदवा थाना में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल सिंह गिरोह के तीन अपराधी ठेकेदार व व्यवसाईयों से लेवी वसूलने व किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इस आलोक में टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। मौक से दो अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा व आठ जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद किया गया है।

## हार्डकोर माओवादी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**बालूमाथ।** हार्डकोर इनामी माओवादी मनोहर गंझू का टेमराबर बसिया बालूमाथ स्थित आवास पर बारियातू पुलिस ने कोर्ट का इश्तहार चस्पां किया है। इस संबंध में बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त माओवादी बारियातू थाना का नामजद आरोपी है। वह वर्षों से फरार चल रहा है। उसके विरुद्ध न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को विधिवत आसपास के ग्रामीण व परिजन को जानकारी देकर चस्पा किया गया है।अगर दिए गए समय पर आरोपी कोर्ट में हजिर नहीं होने पर कुर्की जब्ती किया जाएगा। इस अभियान में बरियातू थाना पुलिस शामिल थे।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य शोभायात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** अलौदिया के हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर में स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर मुख्य पथ होते भूषाढ़ नदी तट पहुंची। वहां बनारस से आए आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री, पं. वैभव सारस्वत व अन्य आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर यजमान डॉ. मनीष कुमार,डॉ. प्रिया कुमारी ने पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद कलशों में जल भर कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंची। नगर भ्रमण और कलश यात्रा के दौरान श्री श्री 108 श्री ठाकुर जी महाराज की जय,जय श्री राम,जय श्री कृष्ण, सिद्धि विनायक की जय समेत अन्य उदघोष लगाए गए। मौके पर मंदिर समिति के संतोष सिंह, राजेश चंद्र पांडेय,मृत्युंजय सिंह, पं. अमरेश दुबे,प्रमोद जायसवाल,बिहारी सिंह,सुबोध जायसवाल,अजय जायसवाल, दीपक भगत,नरेश अग्रवाल, राजकुमार केशरी,कैलाश जायसवाल,लाल विक्रम नाथ शाहदेव,रमेश जायसवाल,शंकर साहू,जितेंद्र कुमार,अमरेश कुमार,राहुल कुमार,मंटू सोनी, राजकिशोर,गोपाल गुरु, शशिकांत गिनोडिया,रविकांत गिनोडिया,आनंद कानोडिया, प्रतिमा देवी,मंजु सिंह,विद्या रानी, खुश्बु देवी,आद्या रानी समेत अन्य मौजूद रहे। श्रद्धालु चार दिवसीय पूजन और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर तन्मयता से जुटे दिखे।

## बीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने मंगलवार को मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास कॉर्डिनेटर के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य बरसात से पहले पूर्ण करने, अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने व भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके साथ आम बागवानी को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में दो-दो एकड़ जमीन में गड्ढ खोदने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सतेंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, शालिनी भारती पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## कचरे का समुचित प्रबंधन करने पर कार्य किया जा रहा : श्रीनिवासन



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में मंगलवार को किया गया। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिले में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्यलातेहार जिला को एक शून्य-अपशिष्ट बनाना है। एसएलआरएम के तहत जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए, पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं को अपनाने कर कचरे का समुचित व सुनियोजित प्रबंधन करने पर कार्य किया जा रहा हैं। बैठक में परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन द्वारा एसएलआरएम के तहत किए जा रहे अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं से सभी को अवगत कराया गया।


**झारखण्ड सरकार,**
**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति** रॉंची, दिनांक 05 मई, 2025

एतद् द्वारा श्री शारदा नन्द देव, सेवानिवृत्त झा0प्र0से0(कोटि क्रमांक–586/03, गृह जिला–दरभंगा), तत्कालीन कारा अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार पता– सुधा कुटी, हनुमान मार्केट, चास, बोकारो, पिन–827013 को सूचित किया जाता है कि विभागीय जाँच पदाधिकारी के द्वारा विभागीय कार्यवाही में कतिपय तिथियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु आपको पत्र निर्गत किया गया है, परन्तु आप लगातार विभागीय कार्यवाही में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण विभागीय कार्यवाही के निष्पादन में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि विभागीय कार्यवाही में निर्धारित **तिथि दिनांक–16.05.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में श्री गणेश कुमार, से0नि0 भा0प्र0से0, विभागीय जाँच पदाधिकारी, नगर प्रशासन भवन(एच0ई0सी0) गोल चक्कर, धुर्वा, राँची** के कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर अपना बचान बयान प्रस्तुत करें तथा उसकी प्रतिलिपि इस विभाग को भी उपलब्ध करायें।

ह0/–
(अनल प्रतीक मिंज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 351808 Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 03/2025–26 दिनांक– 06.05.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :–20.05.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.05.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of S.P. Residence at Latehar | 995700/- | 20 000/ - | 1250 /- | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.351776 Building(25-26):D


# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का गठन

### आकाश कुमार व रुची सिन्हा बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरियातू में चुनाव प्रक्रिया के तहत बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने मां शारदे, ओम व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने बाल संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया हर वर्ष प्रांत के योजना अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव कराया जाता है। इससे भैया, बहनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, नेतृत्व क्षमता, व्यवहार कुशलता के गुणों का विकास होता है। अध्यक्ष पद के लिए बाल भारती से दो प्रत्याशी व कन्या भारती से दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़ा थे। सभी प्रत्याशी अनुशासन पूर्वक अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रचार-प्रसार किया। चुनाव के लिए कुल दो बूथ बनाए गए थे। पीठासीन पदाधिकारी के रूप में वीणा देवी को बनाया गया था। मतदान कर्मी लक्ष्मण राम, शशि कुमार सिंह को बनाया गया था। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने सभी बूथों का निरीक्षण किया गया था। कुल 102 भैया, बहनों ने मतदान किया था। बाल भारती से आकाश कुमार को 89 मत प्राप्त हुए। अंकित कुमार सिंह को 13 मत प्राप्त हुए। आकाश कुमार ने 76 वोटों से अंकित कुमार सिंह को पराजीत किया। कन्या भारती से रुचि कुमारी को 51 मत प्राप्त हुआ। काजल कुमारी को 51 मत प्राप्त हुआ।


**मत्स्य निदेशालय**
**झारखण्ड, राँची**

**राज्य के सक्रिय मछुआरों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना**

राज्य के सक्रिय मछुआरों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत् दुर्घटना बीमा का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस योजना में 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के वैसे सभी सक्रिय मछुआरा लाभान्वित होंगे जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति या मत्स्यजीवी स्वावलंबी समिति के सदस्य हों अथवा जिला स्तर, प्रमण्डल स्तर अथवा राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से सम्बद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य बिक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र हों अथवा मत्स्य पालन से संबंधित संबद्ध गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल व्यक्तियों की कोई अन्य श्रेणी के हों।

इसमें बीमित मछुआरों की मृत्यु अथवा स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में बीमा कपंनी के द्वारा मो0 5.00 लाख रू0 की बीमा राशि तथा स्थायी आंशिक अपंगता की स्थिति में बीमित को मो0 2.50 लाख रू0 का भुगतान का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मो0 25,000/–रु0 तक Hospitalization Expenses के लिए देय होगा। सभी को इसका लाभ हो सके इस हेतु निम्न प्रपत्र में **नि:शुल्क** अपनी सूचना अपने जिले के **जिला मत्स्य कार्यालय** में शीघ्र जमा करें।

**इस बीमा योजना के लिए आपसे कोई भी प्रीमियम नहीं लिया जायेगा**

इस प्रपत्र में सूचना/आवेदन दें–

| क0 | बीमित का नाम | जेंडर (M/F/TG) | उम्र | जन्म तिथि (dd-mm-yyyy) | मकान सं0 | सड़क/गली | ग्राम/शहर | तालुक/मंडल | जिला | राज्य | पिन नं0 | कोटि (सामान्य/ओ0बी0सी0/अनु0जा0/अनु0ज0जा0) | आधार नं0 | मोबाईल नं0 | पैन नं0 | ई–मेल आई0डी0 अगर हो तो | बैंक खाता सं0 | बैंक का नाम | ब्रांच का नाम | IFSC कोड | मासिक आय | कॉ–आपरेटिव सोसाईटी का नाम जिससे जुड़े हो | सोसाईटी का निबंधन सं0 | मात्स्यिकी गतिविधि जिससे जुड़े है (अंतर्देशीय म0पा0/विपणन/मत्स्य पालक/श्रमिक/अन्य) | उत्तराधिकारी का नाम | जेंडर | उम्र | जन्म तिथि (dd-mm-yyyy) | बीमित के साथ उत्तराधिकारी का संबंध | उत्तराधिकारी का पैन नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

PR 351790 Fish(25-26)#D

पानी है अनमोल खजाना, मछली पालन भूल ना जाना

निदेशक मत्स्य
झारखण्ड, राँची

# पंचायत में मिलनेवाली सभी सेवाओं को सशक्त किया जाए : उपायुक्त

- उपायुक्त ने कहा पंचायत स्तर पर डिजिटल क्रांति लाई जाए
- पंचायत ज्ञान केंद्र में होगी अध्ययन की व्यवस्था : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन एवं एक ग्रामीण पुस्तकालय के रूप में उसके उपयोग तथा आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना विषय पर जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा की ओर से कार्यशाला का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाना हमेशा से ही सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता में रही है। भारत के संविधान में कल्याणकारी राज्य की बात कही गई है। पंचायत स्तरीय व्यवस्था को सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में हम सबने ठाना है कि पंचायत में मिलनेवाली सभी सेवाओं को सशक्त किया जाए, पंचायत स्तर पर डिजिटल क्रांति लायी जाए। पंचायत सचिवालय में जो सेवा मिलती है उसे डिजिटाइज किया सके, इस दिशा में पहल की गई है। हम सभी का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर ही काम हो जाए ताकि किसी व्यक्ति को प्रखण्ड स्तर या जिला स्तर के कार्यालय में अपना काम कराने नहीं जाना पड़े। ऐसी सिंगल विण्डो की व्यवस्था हो। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र खुलेगा जिसमें कोई भी अध्ययन कर सकेंगे। इसमें वैसे छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी जो गांव में रहते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। जिला और प्रखण्ड स्तर पर पुस्तकालय की सुविधा है लेकिन अब तक पंचायत स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था नहीं थी। पंचायत ज्ञान केंद्र के खुलने से यह कमी दूर हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का पूरा फायदा मिलेगा। पंचायत सेवक, मुखिया व सेवानिवृत्त शिक्षकों की भूमिका पंचायत ज्ञान केंद्र में काफी महत्वपूर्ण हो जाएगी। बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों को प्रेरित करेंगे ताकि उनके बच्चे पंचायत ज्ञान केंद्र में पढ़ाई करने के लिए जाएं। ऑफलाईन कोर्स भी बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने ग्रामीण व्यवस्था पर बनाये गए मॉडल व स्टॉल का निरीक्षण किया और सराहना की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रदान के स्टेट पीएमयू से आये धीरज महतो, सभी संबंधित पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारीगण, पंचायत सेवक, मुखिया आदि उपस्थित थे।

### अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करें : उप विकास आयुक्त

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि आज की कार्यशाला पंचायत में मिलनेवाली शिक्षा, राजस्व, महिला बाल विकास, बैंकिंग आदि की सुविधाओं को डिजिटाइज्ड माध्यम से संपादित करने के उद्देश्य से रखा गयी है। आज सभी मुखिया, पंचायत सेवक इसका लाभ उठाएं और अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करें। डिजिटल माध्यम से चीजें आसान हो जाएंगी जिसका हक सभी ग्रामीणों को मिले। इस कार्यशाला में कॉमन सर्विस सेंटर, पंचायत ज्ञान केंद्र, सिंगल विंडो सिस्टम और ग्राम पंचायत विकास योजना की जानकारी सभी को दी जाएगी। आप सभी इसका भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास ने कहा कि शिक्षा का दीप पंचायत स्तर पर ले जाना इस कार्यशाला उद्देश्य है। उपायुक्त महोदय के दिशा निर्देशन में इसकी पहल की गई है जिसे हम सभी को मिलकर आगे ले जाना है। सभी डिजिटल क्रांति का आगे बढ़ाएंगे।

### प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

कार्यक्रम में पंचायत राज में डिजिटल क्रांति के विषय पर हुई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें आश्रम विद्यालय परहेपाट किस्को, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कुडू और झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय पेशरार के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## कुडू के पंडरा में गर्भवती महिला की मौत, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदग़ा।** इलाज के दौरान गर्भवती की हुई मौत के मामले में मृतका की माँ ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कुडू थाना में मामला दर्ज करवाया है। मृतका की मां कैरो निवासी आशा देवी पति महरु महली ने कुडू थाना में दिए अपने आवेदन में बताया है कि उसकी बेटी ललिता कुमारी का प्रेम प्रसंग कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी सुरज महतो पिता अवधेश महतो के साथ था और वो सुरज के साथ ढुकु (लिव इन रिलेशनशिप) में रह रही थी। सूरज के पिता अवधेश महतो, मा तारा देवी और मामा अमित महतो ललिता को सूरज से अलग होने का दबाव बना रहे थे और अलग नही होने पर ज़हर देकर मार देने की धमकी देते थे। इनकार करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। इसी बीच दोनों मजदूरी करने आंधराप्रदेश चले गए थे। कुछ दिन पहले ही दोनों वापस आये थे। इसी बीच चार मई की रात करीब 12 बजे ललिता ने फोन पर जानकारी दी कि उसकी सास ने उसे मिट भात खाने को दिया था। जिसके बाद से उसे पेट मे दर्द और उल्टी हो रही है। सूचना पर 5 मई की सुबह सात बजे हमलोग पंडरा पहुंचे तो वहां से बताया गया कि उसका इलाज कुडू सिएचसी में चल रहा है। लेकिन हमलोग जैसे ही कुडू अस्पताल पहुंचे वहां मृत अवस्था मे पड़ी मिली।

### अवैध रूप से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने पर प्रशासन की छापेमारी, प्रज्ञा केंद्र सील

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अवैध तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने की शिकायत के बाद अंचल प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। चाकुलिया में करीब तीन हजार अवैध जन्म प्रमाण पत्र निर्गत होने की खबर के बाद पूरे राज्य में प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भंडरा अंचल अधिकारी (सीओ) दुर्गा कुमार और थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में भंडरा डालबंगला के पास स्थित सतीश उरांव के प्रज्ञा केंद्र पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान केंद्र से संबंधित सभी दस्तावेज जब्त कर लिए गए और केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

पत्रांक 402 / ग्रा०वि०वि०प्र०,चतरा, दिनांक–05.05.2025

**शुद्धि–पत्र**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या No.–RDD/SD/CHATRA/05/2024-25/RE-03 में उल्लेखित चतरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पत्थलगडडा पंचायत सिंघानी में परसोनिया नदी में पुल निर्माण कार्य PR No. 351596 के कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक–07.05.2025 से दिनांक–16.05.2025 के स्थान पर दिनांक–07.05.2025 से दिनांक–27.05.2025 तथा कंडिका क्रमांक 5 में ई–निविदा खोलने की तिथि 19.05.2025 के स्थान पर 29.05.2025 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

PR 351710 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

## ग्रामीणों ने पारा शिक्षक पर वित्तीय अनियमितता का लगाया आरोप

### ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार प्रखंड अंतर्गत सीरम पंचायत के मक्का संकुल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाडीह में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक विनोद भगत पर शिक्षा विभाग को गुमराह कर वर्षों से मनमाने ढंग से विद्यालय संचालन करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालय भवन की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन के लिए हर वर्ष अनुदान प्राप्त होता है। इसके बावजूद पिछले कई वर्षों से विद्यालय का भवन पूरी तरह उपेक्षित है, जिससे उसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस राशि का उपयोग विद्यालय की मरम्मत में नहीं किया गया, जो स्पष्ट रूप से वित्तीय गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक न तो समय पर विद्यालय आते हैं और न ही बच्चों को उचित रूप से पढ़ाते हैं। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ रहा है और उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। विद्यालय एक पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र में स्थित है, जिसका लाभ उठाकर शिक्षक लंबे समय से शिक्षा विभाग की निगरानी से बचते आ रहे हैं। विभागीय अधिकारी भी नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिससे मनमानी को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय निवासी होने का लाभ उठाते हुए शिक्षक विभागीय आदेशों की अवहेलना करते हैं और कागजों पर औपचारिकताएं पूरी कर मानदेय प्राप्त करते हैं। विद्यालय भवन की स्थिति में शीघ्र सुधार एवं रंग-रोगन कराया जाए , विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, संबंधित शिक्षक की भूमिका की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। यह मामला केवल एक विद्यालय की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर एक सवाल है। यदि संबंधित विभाग इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देता, तो यह संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक शैक्षिक संकट बन सकता है।

### महाधिवेशन में मंत्री-विधायकों का लगेगा जमावड़ा

## छोटानागपुर बाक्साइट वर्कर्स यूनियन के महाधिवेशन की तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा के किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी आठ मई को आयोजित होने वाले छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महाधिवेशन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया है। लोहरदगा, गुमला, लातेहार क्षेत्र में भी लोगों से संपर्क किया गया है। पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग खुद पूर्व राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू कर रहे हैं। यह कार्यक्रम न सिर्फ मजदूर संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राजनीतिक ताकत प्रदर्शित करने का एक मंच भी है। पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से कार्यक्रम की सफलता को लेकर लगातार बैठक और मुलाकात का दौर चल रहा था। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री और विधायकों का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, झारखंड सरकार की कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री और लोहरदगा का विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव, विधायक राजेश कच्छप, श्वेता सिंह, ममता देवी, प्रदीप बलमुचू, कुमार महेश सिंह, सच्चिदानंद चौधरी सहित कई दिग्गज शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर काफी भव्य रूप से मंच का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम में न सिर्फ राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा. बल्कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन को भी एकजुट करने के साथ-साथ यूनियन की ताकत का अहसास भी कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए झारखंड के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति की तैयारी भी की गई है। कई जाने वाले कलाकार इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अजय नाथ शाहदेव, हातिम अंसारी, निश्चय वर्मा,कमरूल इस्लाम, ऐनुल अंसारी, अख्तर अंसारी, करण आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निर्विरोध चुने गए अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर, सेक्रेटरी और खजांची

**कैरो।** अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर, सेक्रेटरी व खजांची के पदों के लिए अंतिम दिन निर्धारित समय तक मात्र एक-एक उम्मीदवारों के नामांकन करने के कारण तीनों उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किए गए हैं। अंजुमन चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर पद पर इम्तियाज अंसारी, पिता स्व. हसन अंसारी, सेक्रेटरी- मुस्लिम अंसारी, पिता स्व. नबी अंसारी तथा खजांची- सादाब अंसारी पिता मोख्तार अंसारी के निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बैठक का आयोजन कर निर्वाचित पदाधिकारियों के स्वागत सह शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को जुम्मा बाद की जाएगी।

इम्तियाज बने सदर, मुस्लिम सेक्रेटरी और सादाब खजांची





### अवैध बालू परिवहन करते बिना नंबर का एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कोयल नदी से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन करने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को झलजमीरा टोंगरी के समीप से जप्त किया गया है। अवैध बालू परिवहन का मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से करने की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का सोनालिका ट्रैकर को बालू लाद कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को झलजमीरा टोंगरी के समीप से जब्त किया गया है। बालू लदा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया और अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को सूचनार्थ किया गया है।जिस पर विभाग के निर्देशानुसार ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जायेगा।

### भंडरा में जंगली हाथी का आतंक

## दो घर ध्वस्त, फसल बर्बाद, ग्रामीणों ने की पांच घंटे तक सड़क जाम

- वन विभाग की लापरवाही पर आक्रोश, पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

नवीन मेल संवाददाता





**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारिया गांव में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात एक जंगली हाथी ने गांव के दो गरीब परिवारों के खपरैल घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने भंडरा-अकाशी मुख्य मार्ग को पांच घंटे तक जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सोमवार रात को कुम्हारिया गांव के सुरेंद्र महली और महावीर लोहरा के घर पर हाथी ने हमला कर घरों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। घटना के वक्त दोनों परिवार घर के अंदर सोए हुए थे। समय रहते जान बचाने के लिए सभी सदस्य घर से बाहर निकल आए, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। दोनों परिवार अत्यंत गरीब हैं और अब पेड़ के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, एक हाथी जो अपने झुंड से बिछड़ गया है, पिछले एक सप्ताह से बगुला पतरा क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है। दिन में वह जंगल में रहता है लेकिन रात में कुम्हारिया, अम्बेरा और कसपुर जैसे गांवों में जाकर घरों को नुकसान पहुंचाता है और फसलें बर्बाद कर रहा है। अब तक दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और सैकड़ों किसानों की फसलें तबाह हो चुकी हैं। सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, इंस्पेक्टर सुधीर साहू, और थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि हाथी को भगाने की प्रक्रिया मंगलवार शाम से शुरू की जाएगी और पीड़ित परिवारों को जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी उपेक्षा के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने भंडरा-अकाशी मार्ग को लगभग पांच घंटे तक जाम किया।

### हाथियों को तत्काल सुरक्षित क्षेत्र में भेजने की मांग

हाथियों को तत्काल सुरक्षित तरीके से क्षेत्र से हटाया जाए, प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, वन विभाग की टीम स्थायी रूप से क्षेत्र में तैनात की जाए, फसल नुकसान का सर्वे कर किसानों को भी उचित क्षतिपूर्ति दी जाए।बहरहाल कुम्हारिया और आसपास के ग्रामीण हाथियों के आतंक से त्रस्त हैं। यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। वन विभाग और जिला प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रपत्र VI 'क'

**समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 511 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 02.05.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हरादाग कला, थाना नं0–191, थाना–रमना, अंचल–रमना, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हरादाग कला, थाना नं0–191, थाना–रमना, अंचल–रमना, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–5.801 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | - | 2755 | गै0म0 | – | 0.319 | सुनेशर चौधरी पिता दुखू चौधरी वो राजेन्द्र चौधरी पिता शमल चौधरी वो नान्हु चौधरी पिता सीता चौधरी | उ0–2623, द0–नदी, पू0–2623, प0–रास्ता |
| 2 | - | 2754 | गै0म0 | – | 0.681 | मुनकेश्वर चौधरी पिता रोवन चौधरी वो दुखू चौधरी पिता स्व0 भुईल चौधरी | उ0–2753, द0–2623, पू0–2623, प0–रास्ता |
| 3 | 149 | 2753 | टांड–3 रैयती | – | 0.680 | मोहन चौधरी वो दुखी चौधरी वो दमोदर चौधरी पिता बेलास चौधरी वो विशम्भर चौधरी वो समल चौधरी पिता महाबीर चौधरी वो सीता चौधरी वो विश्वनाथ चौधरी पिता महेश्वर चौधरी वो जितेन्द्र चौधरी पिता समल चौधरी | उ0–2626, द0–2623, पू0–2620, प0–रास्ता |
| 4 | 109 | 2626 | टांड–2 रैयती | – | 0.649 | सीताराम चौधरी पिता घुरबिगन चौधरी | उ0–2641, द0–2753, पू0–2627, प0–रास्ता |
| 5 | 89 | 2641 | टांड–2 रैयती | – | 0.653 | प्रगास चौधरी वगैरह पिता झिलंग चौधरी वो चुल्हाई चौधरी वगैरह पिता टुन्नु चौधरी वो तुखी चौधरी वो डोमन चौधरी पिता रामनाथ चौधरी वगैरह वो रजु चौधरी | उ0–2639, द0–रास्ता, पू0–2628, प0–रास्ता |
| 6 | 149 | 2650 | टांड–2 रैयती | – | 0.655 | गणेश चौधरी वो मुनी चौधरी वो सेवक चौधरी पिता बिगन चौधरी वो लक्ष्मी चौधरी वो इन्द्रदेव चौधरी वो अमोला चौधरी पिता स्व0 अवतार चौधरी वो दुखी चौधरी पिता भुईन चौधरी | उ0–2649, द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–2651 |
| 7 | 171 | 2660 | टांड–2 रैयती | – | 0.657 | चलितर चौधरी पिता गिरवर चौधरी वो विगन चौधरी पिता गणेश चौधरी वो बिहारी चौधरी वो सुकन चौधरी वो शिव चौधरी पिता हीरा चौधरी वो गुलाब चौधरी वो प्रसाद चौधरी वो अमीरक चौधरी वो सगुन चौधरी पिता स्व0 भगवती चौधरी | उ0–2651, द0–2661, पू0–रास्ता, प0–2662 |
| 8 | 209 | 2649 | टांड–2 रैयती | – | 0.655 | बलकु चौधरी पिता सोमारू चौधरी वो कईल चौधरी पिता वृक्ष चौधरी वो विगन चौधरी पिता महाबीर चौधरी वो अकली देवी पति सुखाडी चौधरी | उ0–रास्ता, द0–2650, पू0–रास्ता, प0–2651 |
| 9 | 209 | 2648 | टांड–2 रैयती | – | 0.654 | बलकु चौधरी पिता सोमारू चौधरी वो कईल चौधरी पिता वृक्ष चौधरी वो विगन चौधरी पिता महाबीर चौधरी वो अकली देवी पति सुखाडी चौधरी | उ0–2643, द0–2651, पू0–रास्ता, प0–2647 |
| 10 | - | 1021 | टांड–2 रैयती | – | 0.025 | विगन साह वो प्रेम साह वो श्रीकांत साह पिता स्व0 भोला साह वो जितनी देवी पति जगरनाथ साह वो विनोद साह पिता नन्हकु साह | उ0–1019, द0–1022, पू0–1020, प0–रास्ता |
| 11 | 96 | 1019 | टांड–2 रैयती | – | 0.018 | झुलन साह वो पारस साह वो सुरेन्द्र साह वो रविन्द्र साह पिता जवाहीर साह | उ0–1018, द0–1021, पू0–1017, प0–रास्ता |
| 12 | 145 | 995 | टांड–2 रैयती | – | 0.049 | हकनो चौधरी पिता विरझु चौधरी वो राजेन्द्र चौधरी पिता रतुली चौधरी वो सकेन्द्र चौधरी पिता बालदेव चौधरी वो मेवालाल साव पिता चनारिक साव वो प्रदीप ठाकुर पिता कलु ठाकुर वो रामजी ठाकुर पिता फनी ठाकुर वो देवन्ती देवी पति दशरथ चौधरी वो महेवर चौधरी पिता करीमन चौधरी वो नरेश चौधरी पिता–हुसैनी चौधरी वो कामेश्वर राम पिता–विगु राम | उ0–994, द0–996, पू0–2707, प0–रास्ता |
| 13 | 268 | 994 | टांड–2 रैयती | – | 0.012 | लखन चौधरी पिता किशुन चौधरी वो धनदेव राम वो ब्रहमदेव राम वो वासदेव राम पिता विनहाई राम वो चन्देश्वर राम वगैरह पिता कोदू राम वो नागेश्वर राम पिता रामरतन राम वो लक्ष्मण राम वो उदय राम पिता टुनू राम वो श्रवण राम पिता मुनेश्वर राम | उ0–949, द0–995, पू0–983, प0–रास्ता |
| 14 | 238 | 946 | टांड–2 रैयती | – | 0.053 | मनोज राम पिता शिवचन्द राम वो राजकुमार राम पिता कोदु राम वो श्रवण राम वो दुर्गेश राम पिता स्व0 लालबिहारी राम वो वासुदेव राम वो मानदेव राम वो अशोक राम पिता स्व0 बच्चु राम वो अरूण राम पिता स्व0 बुधू राम | उ0–रास्ता, द0–947, पू0–952, प0–रास्ता |
| 15 | 284 | 1024 | गै0मा0 | – | 0.041 | प्रेम साव पिता भोला साह वो अवध चौधरी पिता बदन चौधरी | उ0–बाना, द0–1025, पू0–रास्ता, प0–बाना |
| कुल :– | | | | | 5.801 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 351782 Land Reforms(25-26)#D

## समाजसेवियों ने दिखाई पहल

# निजी खर्च से कराया जर्जर सड़क की मरम्मत



**भरनो।** प्रखंड के परवल गांव के समाजसेवी किशोर साहू और पवन साहू ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए डूडीया गांव की जर्जर सड़क की मरम्मत कर मिसाल पेश की है। वर्षों से उपेक्षित इस सड़क की मरम्मत उन्होंने अपने निजी खर्च पर करवाई, जिससे अब ग्रामीणों को राहत मिल रही है। डूडीया बस्ती से पंचायत भवन तक की सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए थे, जिससे राहगीरों, विशेषकर छात्र-छात्राओं को आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस सड़क से प्रतिदिन दर्जनों मालवाहक ट्रक, हाईवा और बसें गुजरती हैं, लेकिन खराब हालत के कारण हर कोई परेशान था। उक्त सड़क पीडब्लूडी विभाग के अंतर्गत आती है, परंतु विभागीय उपेक्षा के कारण इसकी कभी मरम्मत नहीं हो पाई। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए किशोर साहू और पवन साहू ने स्वयं मिट्टी डालकर और मशीन लगवाकर सड़क को समतल कराया। इस जनहितकारी कार्य में विकास सिंह, ओतिश साहू, हर्ष गुप्ता, चिंटू गुप्ता समेत कई ग्रामीणों ने सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यदि इसी तरह समाज के लोग आगे आएं तो ग्रामीण क्षेत्रों की कई समस्याएं बिना सरकारी सहयोग के ही हल हो सकती हैं।

## संयुक्त सचिव ने थैलेसीमिया व वेलनेस सेंटर का निरीक्षण व गुमला मॉडल गोट कॉर्नर का किया उद्घाटन

# महिला सशक्तिकरण की पहल को सराहा

**नवीन मेल संवाददाता**





**गुमला।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (एएसपी) श्री अमित सतीजा ने अपने गुमला दौरे के दौरान जिले में स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी दो महत्वपूर्ण योजनाओं का अवलोकन एवं उद्घाटन किया। उन्होंने सबसे पहले सदर अस्पताल परिसर स्थित थैलेसीमिया सिक्कल सेल ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया, जो आईआरसीटीसी के सहयोग से द वॉशिंग फैक्ट्री द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान श्री सतीजा ने सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और वहां उपचाररत बच्चों से बातचीत की। उन्होंने सेंटर की स्वच्छता, व्यवस्था और बच्चों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की सराहना की।

इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, और ज़रूरत पड़ने पर वे स्वयं भी रक्तदान करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने इसे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। इसके पश्चात सतीजा ने चंदाली स्थित समाहरणालय भवन के पास गोट ट्रस्ट एफपीओ की महिलाओं द्वारा संचालित गुमला मॉडल गोट कॉर्नर का उद्घाटन किया। यह पहल उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के उज्जना-बिज्जना अभियान के अंतर्गत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना एवं स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। यह गोट कॉर्नर दूरस्थ क्षेत्रों की महिला समूहों द्वारा संचालित किया जाएगा, जिन्हें प्रशासन द्वारा पहचान कर आवश्यक तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशिक्षण सहयोग प्रदान किया गया है। श्री सतीजा ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल बताते हुए कहा कि इससे जिले में स्वरोजगार को नई दिशा मिलेगी।

महिला समूहों ने बताया कि वे गोट कॉर्नर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगी। वेस्ट मटेरियल से बायोगैस उत्पादन किया जाएगा, अवशिष्ट मीट को फ्रिज में संरक्षित किया जाएगा, और हड्डी एवं मांस को अलग करने के लिए मशीनों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली को विस्तार से साझा किया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए, डीपीएम, जेएसएलपीएस, जिला योजना पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### गुमला हाट में स्थानीय उत्पादों की सराहना, विकास कार्यों की समीक्षा में अमित सतीजा ने दी गुमला को नई दिशा

**गुमला।** गुमला जिले में चल रहे विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण की पहल को रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (ए.डी.पी) अमित सतीजा, आईएएस ने सराहनीय बताया है। दो दिवसीय गुमला दौरे के दौरान उन्होंने समाहरणालय परिसर स्थित नव-निर्मित गुमला हाट का निरीक्षण किया, जहां महिला स्वयं सहायता समूह और कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगी थी। सतीजा ने रागी लड्डू, सरसों तेल, अचार, मांदर, लाह की चूड़ियाँ, जामुन बीज जैसे पारंपरिक उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन व्यवस्था को देखकर खुशी जताई। उन्होंने उज्जना-बिज्जना अभियान को ग्रामीण महिला उद्यमिता को सशक्त करने की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया। रायडीह एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की दीदियों द्वारा संचालित गुमला हाट में बीते तीन दिनों में ₹50,000 से अधिक की बिक्री हुई है, जिसे संयुक्त सचिव ने उत्साहजनक उपलब्धि बताया। इसके साथ ही समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में सतीजा ने गुमला में रागी मिशन, प्रोजेक्ट किशोरी, प्रोजेक्ट आशा, बांस उत्पाद और सौर ऊर्जा आधारित विद्युतीकरण जैसे नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गुमला की कृषि संभावनाएं मजबूत हैं और फूलों की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही, ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था और मुद्रा योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में 91 दिवसीय हवन यज्ञ की पूर्णाहुति, 108वें दिन होगा भव्य समापन



**पालकोट।** पालकोट प्रखंड स्थित पंपापुर घोड़लता में विश्व शांति की कामना के साथ 91 दिवसीय हवन यज्ञ कार्यक्रम की पूर्णाहुति पंचमुखी हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। यह विशेष धार्मिक अनुष्ठान 1 फरवरी से आरंभ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन बजरंगबली मंत्र जाप और हवन पूजन का आयोजन हो रहा था। हालांकि इसका समापन भव्य रूप से 108वें दिन किया जाएगा। शिवजी महाराज के नेतृत्व में संचालित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विश्व में शांति की स्थापना है, बल्कि धार्मिक चेतना को भी जन-जन तक पहुंचाना है। शिवजी महाराज ने जानकारी दी कि पंपापुर स्थित यह पंचमुखी हनुमान मंदिर सुग्रीव गुफा और बाली गुफा के नाम से प्रसिद्ध इस पावन स्थल पर स्थापित किया गया है। यहां पर लगातार श्रद्धालुओं की सहभागिता से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने बताया कि बीते 91 दिनों तक लगातार बजरंगबली के मंत्रों के साथ हवन यज्ञ और पूजन किया गया। साथ ही, 108वें दिन इस कार्यक्रम का समापन विशेष रूप से अखंड हरिकीर्तन के साथ किया जाएगा, जिसमें 24 घंटे तक भक्ति संगीत और संकीर्तन गूंजेगा। एक विशेष पहल के तहत शिवजी महाराज ने यह भी बताया कि विगत 13 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर अखंड दीप जलाया जा रहा है, जो अभी भी प्रज्जवलित है और यह दीप भविष्य में भी जलता रहेगा। उनके अनुसार, यह दीप पीएम मोदी के उस प्रयास का प्रतीक है, जो वे विश्व में शांति की स्थापना के लिए कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर कल्याण बाबा, रूपेश कुमार कंसारी, बसंत कुमार, कंचन देवी, दाऊ गंजू समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से हवन यज्ञ एवं कीर्तन में भाग लिया।

## मंत्री चमरा लिंडा ने सिरा सीता सी नाला क्षेत्र का किया निरीक्षण, बोले

# विकास से बदलेगी गुमला की तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मंगलवार को गुमला जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत सिरा सीता सी नाला क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। मंत्री ने वहां चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विकास को लेकर समीक्षा बैठक की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने चैनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। उन्होंने विकास परियोजनाओं की प्रगति, संभावनाओं और आवश्यकताओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

मंत्री लिंडा ने क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर विकास योजनाओं को लेकर उनकी राय जानी। उन्होंने भूमि संबंधी मामलों में सहयोग की बात करते हुए यह सुनिश्चित किया कि ग्रामीणों की सहमति के साथ ही सभी कार्य आगे बढ़ें। ग्रामीणों ने भी विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री ने कहा कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर बदलने की दिशा में एक अहम कदम होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का कार्यान्वयन गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

इस निरीक्षण के माध्यम से सरकार ने यह संकेत दिया है कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी विकास की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और जनभागीदारी से योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी।

# सिकल सेल एनीमिया जांच अभियान तेज़, अब तक 7 लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**गुमला।** जिले में सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा जांच अभियान लगातार तेज़ी पकड़ रहा है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार 6 मई 2025 तक कुल 8,51,054 लक्षित लोगों में से 7,07,136 लोगों की जांच पूरी की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिनकी जांच अब तक नहीं हुई है, वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच जरूर कराएं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे रोग की समय पर पहचान और इलाज संभव हो सकेगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जागरूकता फैलाकर इस गंभीर आनुवांशिक रोग से लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**जांच के दौरान प्राप्त आंकड़े चिंताजनक हैं**

1. सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीज – 370
2. सिकल सेल वाहक (ट्रेट) – 1,752
3. जांच में अपुष्ट (कन्फर्म नहीं) – 1,719

### गुमला में पिकअप वाहन पलटा, 22 लोग घायल सात की हालत गंभीर

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित डेवीडीह के पास देर रात एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पिकअप का अगला पत्ता टूट जाने से दोनों चक्के वाहन से अलग हो गए, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में वाहन सवार कुल 22 लोग घायल हो गए, जिनमें 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली निवासी समीक्षा उरांव, रिंकी मिंज, बिपा देवी, राकेश उरांव, चेतन उरांव, अटरिया निवासी दुर्गा उरांव और गोड़ी टोली निवासी महावीर मुंडा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सभी लोग कोबी टोली से घाघरा के नौडीहा गांव में आयोजित एक मेहमानी कार्यक्रम में शामिल होकर पिकअप से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में डेवीडीह के पास वाहन का पत्ता टूट गया और अगला चक्का अलग हो गया, जिससे वाहन सड़क पर कई बार पलट गया। पिकअप में कुल 22 लोग सवार थे, जिनमें 15 लोग वाहन के अंदर और 7 लोग छत पर बैठे थे। घाघरा पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच कर रही है।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस संपन्न

### डीसी ने 30 से अधिक मामलों की सुनी पीड़ा, त्वरित निदान के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आम लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 30 से अधिक नागरिकों ने अपनी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत की जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रमुख समस्याएं एवं निर्देश :** राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर सिलाफारी बस स्टैंड के पास अधूरे सड़क निर्माण कार्य की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोजा पंचायत के रमजा गलगुटरी गांव में पेयजल संकट की समस्या पर ग्रामीणों ने डीप बोरिंग की मांग की, जिस पर उपायुक्त ने जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई में भूमि विवाद, रोजगार, राशन कार्ड, आवास योजना, आश्रित को नौकरी, मानदेय भुगतान, आधार पंजीकरण, आपदा मुआवजा, डीप बोरिंग और पेंशन जैसी कई समस्याएं आईं। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि भौतिक सत्यापन करते हुए शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जाए। यह जन शिकायत निवारण दिवस न केवल प्रशासनिक जवाबदेही का प्रतीक रहा, बल्कि आम जनता को सीधे जिला प्रशासन से जुड़ने का सशक्त माध्यम भी साबित हुआ।

# झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर ने बीडीओ से लगाई गुहार

## जिला परिषद सदस्य ने की निरीक्षण के बाद पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला (चैनपुर)।** झारखंड आवासीय विद्यालय, चैनपुर ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर बीडीओ चैनपुर से पत्र के माध्यम से सहयोग की अपील की है। पत्र में विद्यालय प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण समस्याओं को रेखांकित करते हुए बताया कि वर्तमान में विद्यालय में केवल एक हैंडपंप है, जो कई बार खराब हो जाता है। ऐसे में एक अतिरिक्त हैंडपंप या बोरिंग की सख्त आवश्यकता है। इसके अलावा विद्यालय ने चारदीवारी पर कंटीले तार लगाने, विद्यालय से मुख्य सड़क तक पक्की सड़क का निर्माण, गार्ड शेड का निर्माण, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ खरीदने हेतु फंड, किचन में दरवाजा लगाने और होस्टल के लिए एक समर्पित दरवाजे की मांग की है, ताकि छात्र-छात्राओं को सुरक्षित व सुविधाजनक वातावरण मिल सके। विद्यालय प्रशासन ने इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर एवं जिला परिषद सदस्य को भी प्रेषित की है। इसके बाद जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने विद्यालय का निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा लिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा को इसकी जानकारी देते हुए जल्द निराकरण की मांग की है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Short Tender Notice 2nd Call**
**e-Tender Ref No.- 2/RCD/Daltonganj/2025-26/414**
**Dated:- 05.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Chiyanki-Rajwadih ByPass (Total Length - 6.00 Km.) Road for the year 2023-24. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 4,78,31,835.21 (Rupees Four Crore Seventy Eight Lacs Thirty One Thousand Eight Hundred Thirty Five and Twenty One Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 4,78,500.00 (Rupees Four Lacs Seventy Eight Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 04 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 08.05.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 22.05.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 23.05.2025, 12.30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Daltonganj.**

PR 351750 (Road)25-26*D



**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
Gmail -sport.chatra@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची द्वारा चतरा जिलान्तर्गत संचालित/नये अधिष्ठापित आवासीय बालक/बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षुओं को अल्पाहार/भोजनादि उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यु एवं दर के अनुरूप 350/–(सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रतिदिन की दर से शुद्व, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड 02 (दो) अलग–अलग लिफाफा में मुहर बंद निविदा दिनांक 23.05.2025 को पूर्वाहन 12:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, चतरा में जमा किया जा सकता है। उक्त निविदा को दिनांक 23.05.2025 अपराह्न 04:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा के सभागर कक्ष में गठित निविदा समिति की उपस्थिति में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.351772 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26):D



**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**
**कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – वर्ष 2025–26 दिनांक ......................**

अबुआ आवास योजना अन्तर्गत जिले के सभी पंचायतों में (पंचायत भवन/सार्वजनिक स्थान) AAY के योग्य लाभुकों की सूची एवं योजना से संबंधित दीवार लेखन/चित्रण किया जाना है, इसके लिये योग्य पेन्टर/ व्यवसायिक संस्थान से प्रति वर्ग फिट के आधार पर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दीवार लेखन उच्च गुणवत्ता वाले पेंन्ट से किया जायेगा जो Multy Colour होगा। कोटेशनदाता पेन्टर/ व्यवसायिक संस्थान के पास प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण/अबुआ आवास योजना अन्तर्गत पूर्व में दीवार लेखन/चित्रण अनुभव एवं G.S.T Number होना अनिवार्य है। कोटेशनदाता अपना दर प्रति वर्ग फिट के आधार पर प्रस्तुत करेंगे जिसमें सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा। जिले के सभी पंचायत में जाकर यह कार्य किया जाना है जिसके लिये अलग से कोई यात्रा व्यय नहीं दिया जायेगा, इसको ध्यान में रखकर ही कोटेशनदाता भाग लेगें। दीवार लेखन का कार्य कार्यादेश निर्गत करने की तिथि से 3 माह के अन्दर पूर्ण किया जायेगा। कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दरवार्ता के क्रम में 1 या 1 से अधिक कोटेशनदाता से कार्य लेने, कोटेशन आमत्रंण प्रक्रिया को किसी स्तर पर रद्द करने सहित अन्य अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा एवं अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम एंव मान्य होगा। किसी भी तरह की जानकारी के लिए उप विकास आयुक्त कार्यालय से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | कोटेशन प्राप्तकर्ता का नाम | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा |
| 2 | कोटेशन जमा करने का स्थल | उप विकास आयुक्त कार्यालय, लोहरदगा |
| 3 | कोटेशन जमा करने की तिथि एवं समय | 16.05.2025 अप0 02.00 बजे तक |
| 4 | कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय | 16.05.2025 अप0 04.00 बजे |
| 5 | कोटेशन के साथ अनुलग्नक | दिवार लेखन/चित्रण का सरकारी अनुभव/कार्यादेश पत्र, GST संख्या पंजीकरण एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की छाया प्रति |
| 6 | अग्रधन की राशि (डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में) | 20000/–(बीस हजार रूपये की डिमाड ड्राफ्ट, DDC, Lohardaga के नाम से जो लोहरदगा में भुगतेय हो) |

उप विकास आयुक्त
लोहरदगा

PR 351764 Lohardaga(25-26).D



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Notice Inviting Tender**
**Enquiry No- 141** **Dated- 06.05.2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/ firms/ Company /contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of old Buildings.
1. Name & Address of Office Inviting Tender :- Principal, Netarhat Residential School, Netarhat
2. Date of Publication of Tender on website :- 07.05.2025
3. Last Date & Time for Submission of Bids :-31.05.2025 at 11.00 a.m.
4. Date of opening the tender:- 02.06.2025 (Technical Bids at 11.30 a.m. and Financial Bid at 03.00 p.m)
5. Place of submission of the tender :- Netarhat Vidyalaya Samiti office, MDI Building, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi – 834004
6. Place of Opening the tender :- Netarhat Vidyalaya Samiti office, MDI Building, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi – 834004
7. Details of work :-

| S.No. | Name of Work | Estimated Amount | EMD Amount | Cost of Tender Paper | Duration of Work Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Renovation of Doctor's Quarter at Netarhat Residential School, Netarhat | 331400.00 | 6700.00 | 750.00 | 1 Months |
| 02. | Renovation of Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat | 850400.00 | 17100.00 | 1250.00 | 2 Months |
| 03. | Renovation of Old Teachers Residence Two Block 04 Units (01 to 04) at Netarhat Residential School, Netarhat | 2267600.00 | 45400.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 04. | Renovation of Old Teachers Residence Two Block 04 Units (05 to 08) at Netarhat Residential School, Netarhat | 2281700.00 | 45700.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 05. | Renovation of New Teachers Residence Two Block 04 Units (01 to 04) at Netarhat Residential School, Netarhat | 2448200.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 06. | Renovation of New Teachers Residence Two Block 04 Units (05 to 08) at Netarhat Residential School, Netarhat | 2456000.00 | 49200.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 07. | Renovation of Staff Quarter Type B One Unit at Netarhat Residential School, Netarhat | 418154.00 | 8400.00 | 750.00 | 1 Months |
| 08. | Renovation of Staff quarter Type C- 02 Unit at Netarhat Residential School, Netarhat | 738697.00 | 14800.00 | 1250.00 | 2 Months |
| 09. | Renovation of Vice Principal's Residence One Block (04 Units) in the campus of Netarhat Residential School, Netarhat | 1586700.00 | 31800.00 | 5000.00 | 2 Months |

**Complete details can be seen on our school's website** www.netarhatvidyalaya.com

Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR.NO.351769 Human Resource Developement(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**

## संपादकीय

### पाकिस्तान से मनोवैज्ञानिक युद्ध

पहलगाम में आतंकी हमले, जिसको लेकर एनआईए की शुरुआती जांच में पाकिस्तान के हाथ होने के प्रमाण मिले हैं, इसकी प्रतिक्रिया में एकदम से युद्ध छेड़ने के बजाय भारत ने सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद चिनाब का पानी रोकने, पाकिस्तान से आयात पर रोक लगाने, मेल व पार्सल सेवाओं को निलंबित करने और पाकिस्तानी जहाजों पर प्रतिबंध के अलावा भी पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के खिलाफ जो करवाई की है, वे सुविचारित रणनीति की मनोवैज्ञानिक युद्ध की ओर इशारा करती हैं। अब तो किशनगंगा बांध के माध्यम से झेलम नदी के पानी को रोकने पर भी विचार करने की सूचना है। चिनाब का पानी रोकने का कदम तकनीकी तौर पर सिंधु जल संधि के निलंबन का हिस्सा है, जिसका पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर घातक असर हो सकता है। ये कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ता को तो दिखाती ही हैं, इसके माध्यम से पाकिस्तान को भी स्पष्ट संदेश दिया गया है कि उसे आतंकवाद को पनाह देने की कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान लगातार दसवें दिन नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीजफायर का उल्लंघन कर भारत के धैर्य की परीक्षा ले रहा है, जो उसकी बौखलाहट को तो दर्शाता ही है, इससे यह भी पता चलता है कि बेहद अस्थिर परिस्थितियों में भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ सकता। एक ओर तो वह भारत को उकसाने के लिए शाहीन, गजनवी और अब्दाली जैसी मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है, तो दूसरी तरफ, उसके मंत्री और अधिकारी भारत पर परमाणु हमले की गीदड़भभकी दे रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा लगातार सीजफायर उल्लंघन और भारत को उकसाने वाली कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि वह अपनी नीतियों में बदलाव लाना ही नहीं चाहता। पाकिस्तानी सेना ने 24 अप्रैल से शुरू हुए इन सीजफायर उल्लंघनों को कुपवाड़ा और बारामूला से लेकर पुंछ, नौशेरा और अखनूर तक फैला दिया है। भारतीय सेना ने हर बार मुंहतोड़ जवाब देते हुए यह संदेश भी दिया है कि वह अपनी संप्रभुता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी। दुनिया भर में विफल राष्ट्र माने जाने वाले पाकिस्तान की सरकार और सेना की तरफ से जो बयान आ रहे हैं, वे स्वाभाविक ही उनकी जिहादी मानसिकता को दर्शाते हैं। ऐसे में, उनसे सही राह पर आने और आतंकवाद को पनाह देने की नीति छोड़ने की उम्मीद रखने का कोई अर्थ नहीं दिखता। ऐसे में, पाकिस्तान को सख्त जवाब देना जरूरी है, लेकिन भारत के लिए यह भी जरूरी है कि वह वर्तमान संकट को अपनी पाकिस्तान नीति के पुनर्निर्धारण के शुरुआती बिंदु की तरह देखे।

> *पहलगाम हमले के बाद भी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा लगातार सीजफायर उल्लंघन और भारत को उकसाने वाली कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि वह अपनी नीतियों में बदलाव लाना ही नहीं चाहता।*

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का हुआ उजाला



आज की बात



**ललित गर्ग**

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।

निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है।

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है।

सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि दवा-कम्पनियां तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं, मानो सारे नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर धनार्जन ही एकमात्र कर्म रह गया है। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन दवा माफिया के दबाव में समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। डॉक्टरों की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती, यह बात आम जनता में गहरे से बिठायी हुई है।

दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### सरकारी दफ्तर की दास्तां



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

शहर के बीचों-बीच, एक ऐतिहासिक इमारत थी—ज़माने भर के 'फाइल-काण्डों' की साक्षी। नाम था नगर निगम भवन₹, लेकिन जनता इसे प्यार से 'नागर निकम्मा भवन' कहती थी। वहां काम करने वाले बाबूओं का मानना था कि कुर्सी पर बैठते ही आत्मज्ञान की प्राप्ति हो जाती है, और फिर शरीर स्थिर, और आत्मा चाय में विलीन हो जाती है। जैसे ही कोई फरियादी आता, सबसे पहला प्रश्न होता, ₹किस विभाग से हैं? और अगर बेचारा सीधा नागरिक होता तो फिर-"तो फिर पहले साहब से मिलिए, वो नीचे नहीं आते।" और साहब? वो एकांत साधना में व्यस्त होते, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की पीएचडी में। एक दिन एक बुजुर्ग महिला आईं- सत्तर के पार होंगी। काँपती उंगलियों से एक पिटारा सा कागज निकाला और कहा, "बेटा, ये नल का बिल गलत आ गया है।" बाबू ने नजरें उठाईं, मुस्कराए, और बोले-"अम्मा जी, मशीन ही गड़बड़ करती है, हम तो बस छपवा देते हैं।" फिर कुछ पल बाद बोले, "और हाँ, कंप्यूटर आज डाउन है, कल आइए।" अम्मा जी का चेहरा झूलती बिजली की तरह बुझ गया। वो बड़बड़ाईं-"बेटा, मैंने 1971 में भारत-पाक युद्ध में कैंटीन चलाई थी, और अब...अब मेरे लिए एक पेंशन फॉर्म भरवाने वाला भी नहीं।" बाबू मुस्कराया, "देशभक्ति को सलाम, लेकिन फॉर्म भरने के लिए एजेंट से मिलिए।" वहां की कैंटीन भी इतिहास में दर्ज होनी चाहिए। चाय ऐसी बनती थी कि दो घूंट में वादा खिलाफी की तरह कड़वाहट छोड़ जाए। और समोसे में आलू खोजने का रोमांच वैसा ही था जैसे 'मनोज कुमार' की फिल्म में देश ढूंढ़ना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### हम भारतीय एक हैं ये आवाज़ लगाई जाए



**नफ़रत** की आग़ फैलने से बचाई जाए
चलो मुहीम एख्लाक-
मोहब्बत की चलाई जाए..
मुल्क के बाशिंदे हो मुल्क
की भलाई सोचो..
बलिदान शहीदों ने देकर
आजादी क्यों दिलाई सोचो..
प्रेरणा शहीदों से लेकर एक मुहिम चलाई जाए
नफ़रत से मुल्क को जलने से बचाई जाए!!
एकता पर टिकी मुल्क की तरक्की जानो..
अनेकता में एकता को मुल्क की ताकत मानो..
जो गलतियां पहले हुई फिर से न दोहराई जाए
हम भारतीय एक है यह आवाज़ लगाई जाए!!
नफ़रत की आग़ फैलने से बचाई जाए
चलो मुहीम एख्लाक-मोहब्ब़त की चलाई जाए!!
दुश्मनों की चाल से मुल्क में तफरके होंगे..
जो आपस में लड़े हम,ना इधर के ना उधर के होंगे..
शत्रुओं के चाल को चलो नाकाम बनाई जाए..
आपस में प्रेम और सद्भाव बढ़ाई जाए!!
नफ़रत की आग़ फैलने से बचाई जाए..
चलो मुहीम एख्लाक- मुहब्ब़त की चलाई जाए!!

**फिरोज़ राही**
पूर्व सचिव, अंजुमन इस्लामिया, लोहरदगा।

# जिंदगी की डोर एक सार्थक कृति है

पुस्तक समीक्षा



**डा जंग बहादुर पाण्डेय**
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विवि, रांची।

किसी सरस्वती पुत्री की सारस्वत साधना का आकलन करना आसान काम नहीं है, विशेषकर उस सरस्वती पुत्री की साधना का आकलन या मूल्यांकन करना तो और भी कठिन कार्य है जिसका व्यक्तित्व और कृतित्व बहु-आयामी हो और जिसके चिंतन का आकाश बहुत विस्तृत और व्यापक हो और जो एक साथ कई भाषाओं की ज्ञाता हों। ऐसी सरस्वती पुत्री का बहिरंग जितना व्यापक और विस्तृत होता है अंतरंग कहीं उससे ज्यादा गहरा। डा गीता सिन्हा गीतांजलि ऐसी ही सरस्वती की वरद् पुत्री हैं,जो एक साथ कई भाषाओं यथा -हिंदी, संस्कृत,अंग्रेजी , भोजपुरी और नागपुरी की ज्ञाता हैं।

डा गीता सिन्हा गीतांजलि की कई कृतियां प्रकाशित हैं। उन्होंने हिंदी के मूर्धन्य विद्वान डा दिनेश्वर प्रसाद के निर्देशन में -प्रेम की प्रतीत -आण्डाल,मीरा और महादेवी का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर रांची विश्वविद्यालय से शोधकार्य कर पीएच. डी की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध ग्रंथ प्रेम की प्रतीत नाम से प्रकाशित भी है।खोया हुआ चांद तथा अन्य कहानियां और हरसिंगार की कलियां उपन्यास प्रकाशित हैं। साहित्य संगीत और कविता में विशेष रूचि रखने वाली डा गीता सिन्हा गीतांजलि की सद्यः प्रकाशित कहानियों का संकलन जीवन की डोर है। इस कहानी संकलन को स्थायी पुलाक न्याय से देख गया हूं। इसमें छोटी बड़ी 79 कहानियां हैं। कहानी हिंदी की प्राचीन विधा है और इसका मूल स्त्रोत संस्कृत के पंच तंत्र और हितोपदेश की कहानियों में हैं। पंचतंत्र की रचना महिलारोप्य नगर के राजा अमर शक्ति सिंह के तीन कुमार्गगामी पुत्रों-उग्र शक्ति, अनंत शक्ति और प्रचंड शक्ति को सुमार्गामी बनाने के लिए आचार्य विष्णु शर्मा ने की थी और मात्र 6 माह में उन्होंने पंच तंत्र की (मित्र भेद, मित्र लाभ, काकोलूकीय, लब्ध प्रणाश और अपरीक्षित कारकं की 77 कहानियों के माध्यम से राजा के नालायक पुत्रों को लायक बना दिया था। प्राचीन काल में कहानी का उद्देश्य मनोरंजन और उपदेश दोनों था।

आधुनिक हिंदी कहानी के विकास के प्रमुखतःतीन सोपान हैं-प्रेमचंद पूर्व हिंदी कहानी, प्रेमचंद युगीन हिंदी कहानी और प्रेमचन्दोत्तर हिंदी कहानी। एक नया सोपान स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी भी किया जा सकता है। डा गीता सिन्हा गीतांजलि स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी की महत्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं। जीवन की डोर में कुल 79 कहानियां हैं। पहली कहानी जीवन की डोर है और अंतिम कहानी ऊपरवाला है। ये सभी कहानियां समसामयिक और विविध धर्मी हैं। इन कहानियों में मानव जीवन की किसी न किसी समस्या का चित्रण और उसका समाधान दिया गया है। पिता के लिए आज की सबसे बड़ी समस्या पुत्री का विवाह है। तिलक दहेज की समस्या सुरसा की भांति मुंह बाये खड़ी है-इसके लिए पुत्रियों को पवन तनय बनना पड़ेगा,जैसा कि इस संकलन की पहली कहानी जीवन की डोर की नंदिता ने रोहन राय से प्रेम विवाह कर लड़के वालों का मान मर्दन कर दिया। जीवन की डोर पति के लिए पत्नी और पत्नी के लिए पति है।इस संकलन की कहानियां छोटी, सरस, मार्मिक और हृदय स्पर्शी हैं। टंकण एवं भाषा संबंधी कतिपय अशुद्धियां हैं,जिनका परिमार्जन आगामी संस्करण में अपेक्षित है। मैं डा गीता सिन्हा गीतांजलि जी को इस महत्वपूर्ण कृति के लिए थोक भाव से बधाइयां और शुभकामनाएं देता हूं और परम पिता परमेश्वर से उनके मंगलमय भविष्य की कामना करता हूं:-

मिले सदा शुभ हर्ष आपको, नहीं कभी आए अपकर्ष।
सतत् सुधा साहित्य प्रवाहित, लिखे लेखनी यश उत्कर्ष।



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

प्रश्न उठाया, फेंक कर, मारा उसके माथ।
उत्तर से ही कट गयी, उसकी ऊंची नाक।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# खाली पेट चाय पीने से बढ़ सकता है कैंसर का खतरा बचाव के लिए करे योग प्राणायाम

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

वर्तमान समय की व्यस्त दिनचर्या व हमारे खानपान में आए बदलाव के कारण हम कई गंभीर समस्याओं से घिरते जा रहे हैं, उन्हें में से एक है चाय, चाय हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती है चाय के नुकसान के बारे में योगाचार्य महेश पाल बताते कि अगर आप रोजाना सुबह चाय पीते है तो सावधान हो जाइए शायद आपको पता नही चाय लोगों को गंभीर रोगों से ग्रस्त कर रही है, सुबह की शुरुआत अधिकतर लोग चाय के साथ करते हैं लेकिन यह चाय लोगों को अंदर ही अंदर बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है उनके स्वास्थ्य को खोखला करती जा रही है, सुबह-सुबह खाली पेट चाय पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है,चाय आपके शरीर में पोषक तत्वों को रोकने का काम करती है। चाय उन लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है जिन्हें पेट संबंधित परेशानियां रहती है,सुबह अगर सबसे पहले खाली पेट चाय पी जाए तो यह जहर की तरह असर करती है, चाय में फ्लेवोनोइड्स के साथ केफिन और टेनिंन तत्व पाए जाते हैं और दूध में केसीन नाम का प्रोटीन होता है जब यह मिलते है आपसे मै तो मिलकर एक कॉम्प्लेक्स बनाते हैं जो शरीर में फ्लेवोनोइड्स की गतिविधि को कम कर देता है। इससे शरीर मै नुकसान होता हैं, जैसे कि एंटीऑक्सिडेंट की क्षमता कम होना और पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना, इससे पेट की एसिडिटी बढ़ जाती हैं, जिससे पेट दर्द, अपच और गैस की समस्या हो जाती है, दूध में मौजूद संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल लंबे समय तक अधिक मात्रा मै चाय में सेवन करने पर हृदय स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है,चाय में कैफीन की मात्रा नींद की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है और मानसिक तनाव बढ़ा सकती है,चाय का अत्यधिक सेवन वजन बढ़ाने में योगदान कर सकता है,बही चाय के अंदर टैनिंन होते हैं जोकि एक तरह का पेनिफेनोल है टैनिंन चाय मै पाया जाने बाला एक यौगिक है जो आयरन के अवशोषण को बाधित कर सकता है, जिससे आयरन की कमी हो सकती है। और स्टमक लाइनिंग को नुकसान पहुंचाता है, साथ ही इससे पेट में एसिड प्रोडक्शन बढ़ता है। दरअसल, हम जो चाय रोजाना पीते हैं, उसमें टैनिन भरपूर मात्रा में होता है। इसे पीने से न केवल आंतों का स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। चाय में मौजूद टैनिन का लिवर पर इतना बुरा प्रभाव पड़ता है कि इससे सूजन हो सकती है। खाली पेट चाय पीने से गैस, कब्ज एसिडिटी और पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। खाली पेट चाय पीने पर हार्टबर्न यानी सीने में जलन की दिक्कत होती है। इससे अपच और एसिड रिफ्लक्स (Acid Reflux) भी हो सकता है, हमें लगता है कि एक कप चाय से क्या ही हो जाएगा लेकिन एक कप चाय में भी 10 से 60mg तक कैफीन होता है जो कोर्टिसोल लेवल्स को अचानक से बढ़ा देता है। यह स्ट्रेस हार्मोन है जिससे फ्रेश महसूस करने के बजाय एंजाइटी महसूस होने लगती है,खाली पेट चाय पीने से दांतों को नुकसान पहुंचता है, इससे दांत सड़ने लगते हैं और मसूड़ों की दिक्कत होने लगती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# नीम की पत्ती ही नहीं, फूल भी है औषधीय गुणों का खजाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कड़वी लेकिन अनगिनत फायदों वाली नीम की पत्तियों को तो आपने खूब चबाया होगा, लेकिन क्या कभी उसका फूल खाया है? गर्मी के दिन में तपती दुपहरिया में घर से निकलना हो तो दादी-नानी छोटे-छोटे खूबसूरत और सौंधी खुशबू वाले फूल, उससे बना शर्बत हो या भूजिया जरूर खिलाती थीं। वजह उसके पोषक तत्व थे। ये न केवल हीटवेव से बचाने में सक्षम हैं बल्कि गर्मी के दिनों के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

टेलर एंड फ्रांसिस में प्रकाशित एक शोध पत्र (जून 2024) में नीम के फूलों की खासियत बताई गई है। अध्ययन नीम के फूलों के औषधीय गुणों की खोज करता है, अन्य पौधों के भागों की तुलना में उनके कम हानिकारक और अधिक लाभदायक होने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। क्लोरोफॉर्म, एथिल एसीटेट, इथेनॉल और मेथनॉल सहित उनकी पोलेरिटी के आधार पर सॉल्वेंट्स का उपयोग करके फाइटोकेमिकल्स निकाले गए। मधुमेह विरोधी और कैंसर विरोधी गुणों का पता लगाने के लिए इन चार अर्कों का विश्लेषण किया गया। इनमें इथेनॉलिक अर्क मधुमेह और कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में सबसे प्रभावी पाया गया। भारत के लगभग हर घर में बचपन से लोग बड़े बुजुर्गों को इसके गुणों का बखान करते सुनते आए हैं।



नीम की पत्तियों और टहनी की तरह फूल को भी आयुर्वेद में बेहद कारगर औषधि का दर्जा प्राप्त है। नीम के छोटे-छोटे फूलों में बड़ी-बड़ी समस्याओं को दूर करने की ताकत है। गर्मी के दिनों में नीम का फूल इंसानों के लिए प्रकृति का तोहफा है। रोजाना इसके सेवन करने से खून साफ होता है, चेहरे पर ग्लो आता है और दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति मिलती है। इसमें मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी हैं। नीम के फूलों से बनी शरबत हो या भुजिया, सेहत के लिए दोनों ही फायदेमंद हैं।

## मकान के शौचालय में वेस्टर्न टॉयलेट सीट फटने से युवक घयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ग्रेटर नोएडा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक शौचालय में घायल हो गया। बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में एक मकान के शौचालय में वेस्टर्न टॉयलेट की सीट फटने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के स्वजन ने उसे जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है, जब युवक आशू नागर (20) ने शौच करने के बाद फ्लश चलाया, जिससे वेस्टर्न टॉयलेट सीट फट गई और आग लग गई। विस्फोट और आग की चपेट में आने से आशू का चेहरा, हाथ, पैर और निजी अंग झुलस गए। धमाके से सीट के अवशेष लगने से वह गंभीर घायल हो गया। स्वजन ने आशंका जताई है कि मीथेन गैस के विस्फोट से हादसा हुआ है, लेकिन पुलिस ने ऐसी जानकारी से इनकार किया है। डॉक्टरों का कहना है कि आशू को स्वस्थ होने में समय लगेगा। आशू के पिता सुनील प्रधान ने बताया कि शौचालय में मीथेन गैस जमा होने से विस्फोट होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि वाशरूम और किचन के बीच शाफ्ट में एसी का एक्जॉस्ट लगा हुआ है, जिसके पीछे ग्रीन बेल्ट है। सुनील प्रधान ने कहा कि शौचालय का नियमित उपयोग किया जाता है, इसलिए विस्फोट के कारणों की जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। एक्टिव सिटीजन टीम के हरेंद्र भाटी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा का सीवर सिस्टम इस घटना के लिए जिम्मेदार हो सकता है। उनका कहना है कि पहले शौचालय में वेंट पाइप लगा होता था, जिससे मीथेन गैस सीधे वायुमंडल में निकल जाती थी। लेकिन अब पाइप में ही मीथेन गैस अटक जाती है, जिससे विस्फोट हो सकता है। भाटी का मानना है कि यही कारण हो सकता है कि शौचालय में विस्फोट हुआ। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि पिछले डेढ़ साल से पी-थ्री गोलचक्कर के पास सीवर लाइन टूटी हुई है, लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों से इसकी मरम्मत की मांग की है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला मामला है और प्राधिकरण इसकी जांच कराएगा। जांच के बाद ही पता चलेगा कि घटना के पीछे क्या कारण हैं।

### महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में मॉक ड्रिल की व्यापक तैयारी

# सुरक्षा को ले केंद्र व राज्य सरकार अलर्ट

**एजेंसी। मुंबई**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी राज्यों को सिविल डिफेंस के लिए मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के तहत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

विशेष रूप से महाराष्ट्र में 16 स्थानों पर मॉक ड्रिल की योजना बनाई गई है, जिसमें मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक, रायगढ़, उरण, तारापुर और कोंकण तट शामिल हैं। वहीं, नागपुर, जोधपुर और अन्य शहरों में भी आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने पहलगाम घटना के बाद उत्पन्न संभावित खतरों को देखते हुए पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित किया है। प्रशासन ने सभी संबंधित एजेंसियों को चौकस रहने के सख्त निर्देश दिए हैं। राज्य के पालक मंत्रियों और अन्य मंत्रियों को प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में रहने को कहा गया है। मॉक ड्रिल के लिए 16 प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। खासकर कोंकण तट पर मॉक ड्रिल को विशेष रूप से आयोजित करने के आदेश दिए गए हैं, क्योंकि यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से संवेदनशील है।महाराष्ट्र सरकार ने आंतरिक गतिविधियों में तेजी लाते हुए सभी संसाधनों को सक्रिय कर दिया है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में प्रशासन की तत्परता, समन्वय और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए पुलिस, फायर ब्रिगेड, आपदा प्रबंधन टीमें और अन्य एजेंसियां पूरी तरह से तैयार हैं। यह ड्रिल युद्ध, आतंकी हमले या प्राकृतिक आपदा जैसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने की क्षमता को परखने का अवसर प्रदान करेगी।



## दिल्ली की जनता और सरकार मॉक ड्रिल के लिए है तैयार : आशीष सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की जनता और भाजपा सरकार 7 मई को होने वाली मॉक ड्रिल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करें। आशीष सूद ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और संकल्प को पूरा करने के लिए दिल्ली के लोग और दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध हैं। साल 1971 के बाद पहली बार मॉक ड्रिल हो रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, आज हर नागरिक आक्रोशित है। आतंकवादियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करे। देश के सभी नागरिक भारत सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। ऐसे में दिल्ली कैसे पीछे रह सकती है, दिल्ली भी पूरी तरह से तैयार है। हरियाणा-पंजाब जल विवाद पर उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार का बदला लेने के लिए पंजाब सरकार की ओर से षड्यंत्र रच रहे हैं। वह पानी रोकने का काम कर रहे हैं। मैं इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। दूसरी ओर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 24 घंटे बिजली सुनिश्चित करने के लिए नई तकनीक से निर्मित 66 केवी सबस्टेशन का उद्घाटन किया।

नागपुर शहर मॉक ड्रिल के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर चुका है। नागपुर महानगरपालिका (एनएमसी) का कंट्रोल रूम इस अभ्यास का केंद्र बिंदु है। इस कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी की जाती है। कंट्रोल रूम में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से शहर के 54 प्रमुख चौराहों पर एक साथ सूचनाएं प्रसारित की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, नागपुर पुलिस कंट्रोल रूम में भी समान व्यवस्था की गई है। नागपुर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शहर के हर कोने पर नजर रखी जा रही है। प्रमुख चौराहों पर एलईडी स्क्रीन और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाए गए हैं, जो आपात स्थिति में नागरिकों को तुरंत सूचना देने में सक्षम हैं। एनएमसी द्वारा संचालित फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह से तैयार है। फायर ब्रिगेड की सभी छोटी-बड़ी गाड़ियां एक्शन मोड में तैनात हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### रणनीति के तहत है मॉक ड्रिल : रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अरुण साहनी



**नई दिल्ली।** देशभर के कई राज्यों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर 7 मई को मॉक ड्रिल की जाएगी। गृह मंत्रालय ने राज्यों को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल संबंधित जरूरी निर्देश दिए। भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जनरल अरुण साहनी ने कहा कि जिस तरह के हालात बन रहे हैं उसमें ड्रिल कराना सरकार की सोची समझी रणनीति है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अरुण कुमार साहनी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि 7 मई को होने वाली मॉक ड्रिल के लिए सरकार की सराहना करता हूं, क्योंकि यह एक सोची-समझी रणनीति है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आर्थिक प्रतिबंध समेत कई अहम फैसले लिए गए। इसमें सेना को लक्ष्य और समय चुनने का अधिकार भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को सबक सिखाने का संकल्प लिया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हमारी सरकार ने पाकिस्तान पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार ने सिंधु जल समझौता रद्द करने, अटारी बार्डर को बंद करने जैसे कई कड़े कदम उठाए हैं। सरकार ने भारतीय सेना को कार्रवाई करने की भी पूरी छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का फैसला किया है।

**अद्वितीय साहस की मिसाल**

## सीआरपीएफ के कमांडेंट सागर बोराडे नक्सल विरोधी अभियान में घायल



छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित केजीएच पहाड़ियों में चल रहे उच्चतम जोखिम वाले नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सागर बोराडे गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीआरपीएफ की विशिष्ट कोबरा 204 बटालियन द्वारा संचालित इस अभियान के दौरान एक जवान आईईडी विस्फोट में घायल हो गया। सहायक कमांडेंट बोराडे, जो टीम का नेतृत्व कर रहे थे, ने अपनी जान की परवाह किए बिना घायल जवान को निकालने के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाली। केजीएच पहाड़ियों को कई वांछित नक्सली नेताओं का ठिकाना माना जाता है और यह क्षेत्र घने जंगलों एवं खतरनाक आईईडी सुरंगों से पूरी तरह भरा हुआ है।

अपनी टीम की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए, साहस का परिचय देते हुए बोराडे स्वयं एक आईईडी की चपेट में आ गए, जिससे उनका बायां पैर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्हें तुरंत रायपुर ले जाया गया और फिर दिल्ली हवाई मार्ग से भेजा गया, जहां संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उनका बायां पैर चिकित्सकीय रूप से काटना पड़ा।

वर्तमान में सहायक कमांडेंट सागर बोराडे की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में हैं। उनकी बहादुरी, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा भारत की सुरक्षा बलों के अदम्य जज़्बे का प्रतीक है। इस बीच, केजीएच पहाड़ियों में नक्सलियों के ठिकानों की तलाश में चल रहा अभियान जारी है, जहां सुरक्षा बल अत्यंत जोखिमपूर्ण और बारूदी सुरंगों से भरे जंगलों को खंगाल रहे हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।


**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## सुप्रीम कोर्ट ने 1984 सिख विरोधी दंगों के छह आरोपियों को बरी करने पर जारी किया नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने 1984 सिख विरोधी दंगों के छह आरोपियों को बरी करने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। इस मामले में 21 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने नोटिस जारी कर बरी किए गए लोगों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के रिकॉर्ड को भी तलब किया है। एडवोकेट एचएस फुल्का ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने छह मामलों में बरी किए गए लोगों को नोटिस जारी किया है। हमने कोर्ट को यह बताया कि कत्ल के कई मुकदमों में मुलज़िमों को पेश नहीं किया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इस पर भी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया गया कि सिख विरोधी दंगों में 56 हत्या मामलों में से केवल 5 मामलों में चार्जशीट दायर की गई और बाकी 51 मामलों में चार्जशीट दाखिल नहीं की गई, जिस पर भी सरकार से जवाब मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों की सुनवाई जुलाई में होगी। एचएस फुल्का ने बताया कि अब दिल्ली हाईकोर्ट में भी इन मामलों को लेकर सुनवाई शुरू हो गई है और सुप्रीम कोर्ट भी इसे गंभीरता से ले रहा है। मुझे उम्मीद है कि इन मामलों में अब कुछ केसों को फिर से खोला जाएगा, ताकि दोषियों को सजा मिल सके। उल्लेखनीय है कि साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 फरवरी, 2025 को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### आतंकवाद का खात्मा मानवता के लिए जरूरी : अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच जंग जैसी स्थिति बन गई है। केंद्र सरकार ने कई कड़े फैसले लिए हैं। वहीं, विपक्ष के कुछ नेता मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की सलाह भी दे रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्र मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आतंकवाद को दुनिया के लिए एक चुनौती बताया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आतंकवाद का सफाया मानवता के लिए जरूरी है। पाकिस्तान आतंक का अड्डा बना हुआ है। पाकिस्तान के हुक्मरान उसे संरक्षण दे रहे हैं। निश्चिति तौर पर पाकिस्तान में आतंक का अखाड़ा पाकिस्तान की बर्बादी की इबारत लिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद भारत की ही समस्या नहीं है।

## बीपीएससी टीआरई-3 अभ्यर्थियों पर पटना में लाठीचार्ज, सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग तेज

**एजेंसी। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) टीआरई-3 के अभ्यर्थियों ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने छात्रों को वहां से हटने की चेतावनी दी, लेकिन बीपीएससी अभ्यर्थी सीएम आवास के बाहर से हटने के लिए तैयार नहीं थे। जिसके बाद छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया। पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन अभ्यर्थियों का कहना है कि कई छात्रों को चोट आई है। बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थी पिछले चार महीनों से खाली शिक्षक पदों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके अंक कट-ऑफ के बराबर हैं, फिर भी उन्हें नियुक्ति नहीं मिली, जबकि समान अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को शिक्षक पद मिल चुका है। सीवान से आई अभ्यर्थी दीपा सिंह ने गुस्से में कहा, "नीतीश सरकार के राज में हमें लाठी मिली है। हम कह रहे हैं, या तो रिजल्ट दे दो या यहीं फांसी दे दो। चार महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। हम खाली सीटों के लिए पूरक परिणाम चाहते हैं। हमने न्याय मांगने के लिए सीएम आवास का दरवाजा खटखटाया, विरोध करने के लिए नहीं। हम बिहार के शैक्षणिक भविष्य को आकार देना चाहते हैं, लेकिन हमें असहाय और उपेक्षित छोड़ दिया गया है।" अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीपीएससी ने पारदर्शिता नहीं बरती और मल्टीपल सीटों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया। उनकी मांग है कि बची हुई 87,774 शिक्षक पदों की सीटों के लिए तुरंत पूरक परिणाम घोषित किया जाए।

### पाकिस्तान की किसी भी नापाक हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगें मोदी

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने की बात सामने आने के बाद सरकार ने सेना को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दे दी है। इसके बाद पाकिस्तान में छटपटाहट है, उसके नेता लगातार गीदड़ भभकी दे रहे हैं और वह नियमित रूप से सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान की इस छटपटाहट पर केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत है, जो पाकिस्तान की किसी भी नापाक हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि आज का भारत 50 साल पहले वाला भारत नहीं है। यह पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है। विकसित भारत में हमारे सामने एक ही लक्ष्य है कि हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनें।

# योगी कैबिनेट ने अदाणी पावर से बिजली खरीद समेत 11 प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के विकास से जुड़े 11 अहम प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 11 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। इनमें अदाणी पावर लिमिटेड से बिजली खरीद समझौते को मंजूरी भी शामिल है। कैबिनेट ने 5.383 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद को मंजूरी दी। वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए निवेशकों को जमीन खरीद पर 50 फीसदी तक छूट मिलेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ट्रांसफर पॉलिसी 2025 को भी मंजूरी दी गई। यह 15 मई से 15 जून तक के लिए है। मंत्री ने बताया कि राज्य कर्मचारियों के ट्रांसफर शुरू हो जाएंगे। 15 जून तक ट्रांसफर किए जाएंगे। यानी, ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। ऐसे कर्मचारी जो जिले में तीन साल, मंडल में सात साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें ट्रांसफर की कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। समूह 'क' और 'ख' के 20 फीसदी अधिकारियों का तबादला हो सकता है। समूह 'ग' और 'घ' के 10 प्रतिशत कर्मचारियों के ट्रांसफर विभाग अध्यक्ष करेंगे। इससे ज्यादा संख्या में ट्रांसफर के लिए विभाग के मुखिया की अनुमति अनिवार्य होगी। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज और ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति 2025 से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। दो एकड़ जमीन में इसका निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी बनेगी जो इसकी निगरानी करेगी। बस स्टैंड के लिए डीएम की अध्यक्षता में नौ सदस्यों की कमेटी गठित की गई है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और नगर निगम या पालिका, पंचायत के अधिशासी अधिकारी समेत कुल नौ लोग शामिल हैं, जो इस विषय को देखेंगे। इसके लिए न्यूनतम दो एकड़ जमीन अनिवार्य होगी जो शहर से पांच किमी से ज्यादा दूर नहीं होनी चाहिए। वहीं उत्तर प्रदेश नगर निगम पार्किंग नियमावली को भी मंजूरी मिली। पीपीपी मॉडल पर पार्किंग, मल्टीलेवल पार्किंग के साथ निजी भूमि पर भी पार्किंग बन सकेगी।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

## नारी वंदना का ढोंग रचने वाले भाजपाइयों की सोच महिला विरोधी : अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ही भाजपा के पूर्व रूप का 'चाल, चरित्र और चेहरा' ऐसा नहीं था कि वह सामने आकर मुंह दिखा सके, क्योंकि वे ऐसे काम, वारदात और साजिश-षड्यंत्र करते थे, जो देशभक्ति, नैतिकता और सामाजिकता के पैमाने पर नकारात्मक और अपराधात्मक माने जाते थे। इसलिए इनकी गतिविधियां हमेशा भूमिगत रहकर मुखबिरी के रूप में ही दबे-छिपे चलती रहीं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा, "भाजपा ने कई बार रूप बदला, जिससे ये पहचाने न जा सकें। यही परंपरा आज भी जारी है। जब इनके समर्थक पीठ पीछे से कई अनाम नाम रखकर अपनी भूमिगत नकारात्मक भूमिका निभाते हैं और उनका विरोध करते हैं, जो इनकी सत्ता के लिए खतरा हैं।" उन्होंने कहा कि मूल रूप से भाजपाई और उनके संगी-साथी, वे लोग रहे हैं।

# वेटिकन में हलचल तेज, नए पोप के चयन की प्रक्रिया आज से

## 71 देशों में 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं

**वेटिकन सिटी (हि.स.)**

पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के चयन के लिए यहां हलचल बढ़ गई है। नए पोप के चयन की प्रक्रिया बुधवार शुरू होगी। इस कान्क्लेव में हिस्सा लेने के लिए 132 कार्डिनल इलेक्टर्स सहित 170 कार्डिनल्स पहुंच चुके हैं। दुनियाभर के 140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से इस बार ऐतिहासिक होगा। वेटिकन न्यूज के अनुसार, नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार से कान्क्लेव शुरू होगी। हालांकि ऐसा कोई बाध्यता नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता अथवा क्षेत्र के लिहाज से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं।

फिलहाल 71 देशों में 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं। इनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के से मतदान में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 मत की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं। इसके बाद अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। वेटिकन के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक की खराब तबीयत के बाद 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं। इस चुनाव की खासियत यह है कि वह गुप्त होगा।



कान्क्लेव से पूर्व सोमवार को कार्डिनल के सहायक कर्मचारियों ने पौलीन चैपल में गोपनीयता की शपथ ली है। इनमें चिकित्सक, नर्स, खानसामा, चालक, लिफ्ट चालक, सफाई समेत कई जरूरी कामों से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। यह सभी कर्मचारी कान्क्लेव के दौरान बाहर नहीं जा सकेंगे। इस शपथ के टूटने का मतलब सीधे चर्च से उस व्यक्ति का निष्कासन होगा। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार से सिस्टीन चैपल में कार्डिनल शपथ लेकर कान्क्लेव की शुरुआत करेंगे। वेटिकन सिटी में सोमवार को कार्डिनल्स की 11वीं आम सभा की शुरुआत प्रार्थना से हुई। होली सी प्रेस ऑफिस के निदेशक माटेओ ब्रूनी के अनुसार, इस दौरान लगभग 20 हस्तक्षेप प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कई प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। यह बैठक शाम सात बजे समाप्त हुई। 12वीं आम सभा आज है।

# ट्रंप प्रशासन का प्रस्ताव, अमेरिका छोड़ने वाले 'अवैध अप्रवासियों' को मिलेगा 1,000 डॉलर 'स्टाइपेंड'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को 1,000 डॉलर और उनके यात्रा व्यय का भुगतान करेगा। ऐसा इसलिए ताकि सामूहिक निर्वासन को बढ़ावा दिया जा सके।

होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। कहा, "डीएचएस ने अवैध विदेशियों के लिए सीबीपी (सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा) होम ऐप के माध्यम से अपने देश वापस यात्रा करने के लिए वित्तीय और यात्रा सहायता प्राप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करने का ऐलान किया है। कोई भी अवैध विदेशी जो स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करता है, उसे 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड (वजीफा) भी मिलेगा, जिसका भुगतान



उनके स्वदेश लौटने की पुष्टि (ऐप के जरिए) होने के बाद किया जाएगा।"सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने विभाग के हवाले से बताया कि 'स्टाइपेंड' की लागत के बावजूद, यह अनुमान लगाया गया है कि ऐप का उपयोग करके स्व-निर्वासन से निर्वासन की लागत में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आएगी। वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने और निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर है।

होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, "यदि आप अवैध रूप से यहां हैं, तो स्व-निर्वासन गिरफ्तारी से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ने का सबसे अच्छा, सबसे सुरक्षित और सबसे किफायती तरीका है।

मिशिगन में हाल ही में एक रैली में भाषण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन इतिहास में किसी भी अमेरिकी प्रशासन के सबसे सफल दिन थे। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के निर्वासन में वृद्धि जैसी नीतियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया था। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, "एक क्षेत्र जहां प्रशासन अपने प्रवर्तन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल होता दिख रहा है, वह निर्वासन की संख्या है।" विश्लेषण में कहा गया है, "निर्वासन की संख्या मामूली बनी हुई है, लेकिन इसके भयावह प्रभाव संभावित रूप से गंभीर हैं।

इस बीच, कई विशेषज्ञों ने प्रशासन की आव्रजन नीतियों के निहितार्थों के बारे में चिंता व्यक्त की। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन के वरिष्ठ फेलो डेरेल वेस्ट ने सिन्हुआ को बताया, "अमेरिकी अवैध रूप से सीमा पार करने वाले अप्रवासियों के बारे में चिंतित हैं, इसलिए यह राजनीतिक रूप से एक अच्छा मुद्दा रहा है। लेकिन सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लोगों को उनका दृष्टिकोण पसंद नहीं है और उन्हें लगता है कि वे बिना किसी उचित प्रक्रिया के लोगों को डिपोर्ट कर रहे हैं।

### ट्रंप के टैरिफ का असर वैश्विक

## मूडीज ने 2025 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5% से घटाकर 6.3% कर दिया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विश्व के तमाम देशों पर बढ़ाकर लगाये गये अनाप शनाप टैरिफ से वैश्विक स्तर पर व्यापार अनिश्चितता का माहौल हो गया है। इसका असर भारत की वृद्धि दर पर भी पड़ने की आशंका है।इस कारण रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2025 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले मूडीज ने अनुमान जताया था कि 2025 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।मूडीज ने अपने वैश्विक मैक्रो आउटलुक 2025-26 में मई अपडेट में बताया है कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव से भी भारत की विकास दर पर असर पड़ने की आशंका है। इससे निवेश व उद्योगों पर असर आएगा। हालांकि मूडीज ने 2025 के लिए भले ही विकास दर में कटौती का अनुमान जताया है, लेकिन 2026 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत ही रहने की संभावना जताई है। 2024 में भारत की विकास दर 6.7 प्रतिशत रही थी। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया विकास को बढ़ावा देने के लिए बेंचमार्क नीतिगत दरों को कम करेगा। मूडीज ने कहा है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में जारी टैरिफ युद्ध के असर से पूरी दुनिया में व्यापार और निवेश पर असर आएगा। इसके चलते वैश्विक विकास दर इस साल धीमी रहने का अनुमान है। मूडीज ने अमेरिका के जीडीपी वृद्धि अनुमान को भी कम किया है। मूडीज के तहत 2025 में अमेरिका की वृद्धि दर एक प्रतिशत रह सकती है, जिसके पहले दो प्रतिशत रहने का अनुमान था। वहीं अगले साल अमेरिका की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 1.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके लिए पहले 1.8 प्रतिशत का अनुमान था। चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2025 में 3.8 प्रतिशत और 2026 में 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024 में पांच प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है।

# पुंछ में खाई में गिरी बस, दो की मौत, 40 घायल

**पुंछ (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के घानी मेंढर इलाके में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक पैसेंजर बस अनियंत्रित होकर सांगरा के पास मानकोट क्षेत्र में गहरी खाई में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 40 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जीएमसी राजौरी रेफर किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी, तभी सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर मानकोट इलाके में सांगरा के पास यह हादसा हुआ।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार ज्यादा थी और अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में सहायता की। ब्लॉक मेडिकल अधिकारी मेंढर, डॉ. अशफाक अहमद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मेडिकल टीम और एंबुलेंस को तुरंत रवाना किया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को बेहतर इलाज देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम मेंढर इमरान रशीद ने हादसे के कारणों की जांच के लिए एक समिति गठित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में ड्राइवर की लापरवाही या तकनीकी खराबी के कारण हादसे की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। अस्पताल में घायलों के पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की चीख-पुकार और रोने की आवाजों ने सभी को झकझोर दिया। डॉक्टरों की टीम घायलों का इलाज करने में जुटी है, और अस्पताल प्रशासन ने सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है। यह हादसा जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में दूसरी बड़ी सड़क दुर्घटना है।

### इल्तिजा मुफ्ती का सवाल

## '30-40 साल से घाटी में रह रही महिलाओं को वापस भेजने की उम्मीद कैसे की जा सकती है?'

**श्रीनगर (आईएएनएस)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही, उन्होंने घाटी में रह रही उन पाकिस्तानी महिलाओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की, जो भारत सरकार के कड़े राजनयिक कदमों के बाद पाकिस्तान लौटने की दुविधा का सामना कर रही हैं।

## युद्ध की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता: रिटायर्ड ब्रिगेडियर विजय सागर

**जम्मू (आईएएनएस)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार आतंकवाद और पाकिस्तान पर अपना शिकंजा कस रही है, जिससे पाकिस्तान में छटपटाहट साफ दिख रही है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि कभी भी भारत उस पर आक्रमण कर सकता है। अब इस कड़ी में गृह मंत्रालय ने 7 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। गृह मंत्रालय के इस निर्देश पर थल सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर विजय सागर ने कहा कि युद्ध की आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रिटायर्ड ब्रिगेडियर विजय सागर ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में पहलगाम आतंकी हमले, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक और सिंधु जल संधि पर प्रतिक्रिया दी।

### पीएम मोदी ने एंथनी अल्बानीज से की बात

## रणनीतिक सहयोग पर एकमत हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से टेलीफोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इसकी जानकारी दी। साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया के 32वें प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन पर बधाई दी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एंथनी अल्बानीज को टैग करते हुए लिखा, ''अपने मित्र एंथनी अल्बानीज से बात की और उन्हें उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए नए जोश के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।



## न्यूयॉर्क टाइम्स के डग मिल्स की फोटो को पुलित्जर पुरस्कार

**न्यूयॉर्क (हि.स.)**

अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय ने पुलित्जर पुरस्कार विजेताओं की घोषणा कर दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स की झोली में सोमवार को चार पुरस्कार आए । इनमें डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की तस्वीरें भी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूडान के गृहयुद्ध, अफगानिस्तान में अमेरिकी विफलताओं और शहर के घातक ओपियोइड संकट की बाल्टीमोर बैनर के साथ जांच पर रिपोर्टिंग के लिए भी पुरस्कार जीता। प्रोपब्लिका को सार्वजनिक सेवा पुरस्कार दिया गया। पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता के लिए 15 और कला क्षेत्र में आठ श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। पुरस्कार विजेता को प्रमाण पत्र और 15,000 डॉलर की राशि प्रदान की जाती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने घातक ओपियोइड संकट की जांच के लिए गैर-लाभकारी समाचार आउटलेट द बाल्टीमोर बैनर के साथ मिलकर भी पुरस्कार जीता। द न्यू यॉर्कर ने कमेंट्री और फीचर फोटोग्राफी के साथ-साथ अपने खोजी पॉडकास्ट इन द डार्क के लिए तीन पुरस्कार जीते। प्रोपब्लिका ने देश भर में राज्य गर्भपात प्रतिबंधों के प्रभाव की कवरेज के लिए सार्वजनिक सेवा के लिए पुरस्कार जीता। द वाशिंगटन पोस्ट के कर्मचारियों ने जुलाई में बटलर, पेनसिल्वेनिया में ट्रंप की रैली में उनकी हत्या के प्रयास की कवरेज के लिए ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग का पुरस्कार जीता।

### कहानी फिल्म जगत की

# प्रियंका चोपड़ा को ही समझ आई मेट गाला की असली थीम

### पोल्का ड्रेस में निक से साथ पहुंची

2025 मेट गाला में, प्रियंका चोपड़ा जोनास न केवल दिखाई दीं - उन्होंने शो को चुरा लिया। एक कस्टम पोल्का-डॉटेड बाल्मेन गाउन पहने हुए, जिसमें पुराने जमाने की सिलाई और आधुनिक स्टार-पावर का संयोजन था, अभिनेत्री ने सुनिश्चित किया कि सभी की निगाहें उन पर टिकी रहें। प्रियंका चोपड़ा मेट गाला में वापस लौटीं, जो सबसे बड़े फैशन इवेंट में उनकी पांचवीं उपस्थिति थी। अभिनेत्री ने एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, यह बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा एक खास क्रिएशन था, जो गाला की थीमः "सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल" के साथ पूरी तरह से मेल खाता था। जबकि उनके आउटफिट ने हम सभी को उनके फैशन सेंस से हैरान कर दिया, यह बड़ा हरा पन्ना था जिसने हमारी निगाहें उस पर टिका दीं। प्रियंका ने 241 कैरेट का मैग्नस एमराल्ड पहना था।



## प्रियंका चोपड़ा जोनास ने जीता मेट गाला में लोगों का दिल

- वोग इंडिया के अनुसार, ब्रांड द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सेट। यह पीस बुलगारी के नए पॉलीक्रोमा कलेक्शन से शुरू हुआ था।

प्रियंका का मेट गाला लुक

प्रियंका ने अपने 5वें मेट गाला अपीयरेंस के लिए पोल्का-डॉटेड व्हाइट टेलर्ड सूट चुना। उनके लुक को एक विशाल पन्ना नेकपीस और काले दस्ताने के साथ एक्सेसराइज़ किया गया था। एक नाटकीय ब्लैक हैट ने लुक को पूरा किया। इस बीच, निक भी एक सफेद लुक में देखे गए, क्योंकि उन्होंने उनका हाथ थामा और उन्हें स्टेप्स के माध्यम से आगे बढ़ने में मदद की। प्रियंका और निक पहले भी एक साथ मेट गाला में शामिल हो चुके हैं। यह 2017 की बात है जब प्रियंका ने राल्फ लॉरेन ट्रेंच कोट ड्रेस में मेट गाला में अपनी शुरुआत की थी, जिसने सभी का ध्यान खींचा और इंटरनेट पर वायरल हो गई।

ऑपरेशन अभ्यास
(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)
आपातकालीन तैयारी का अभ्यास
सायरन अलर्ट को समझें
(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)
हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें
(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)
क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें
(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)
निकासी योजना में सहयोग दें
(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)
यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले **रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा**
ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक **बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए**
ब्लैकआउट के दौरान सभी **खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए**
लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान **अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए**
जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए **कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है**
आम जनता से अनुरोध है कि **शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें**
7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा
मॉक ड्रिल में भाग लें
जागरूक रहें, सुरक्षित रहें!
PR No. 351811 (IPRD) 2025-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

संविधान बचाओ रैली में भाजपा पर बरसे खड़गे, कहा

# जातीय आरक्षण लिया है अब सरना कोड लेंगे



● जो कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी वो क्या काले अंग्रेजों से डरेगी : भूपेश बघेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल , कांग्रेस के कई नेता-मंत्री मौजूद रहे। इसके अलावा पूरे राज्य से करीब पांच- छह हजार समर्थक रैली में पहुंचे थे।

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता को संबोधित करते हुए भाजपा पर बरसे। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो घटना हुई उससे पूरे देश की जनता में आक्रोश है। घटना से तीन दिन पहले अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना कार्यक्रम तो रद्द कर दिया, लेकिन वहां आम लोगों और पर्यटकों के लिए सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माना कि खुफिया चूक हुई है। उसके बावजूद घटना की जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस केंद्र सरकार का पूरा समर्थन करेगी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश सबसे बड़ा है, उसके बाद जाति और धर्म है। इंदिरा गांधी ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। बीजेपी के लोग 100 लोगों की जान लेकर सत्ता में आना चाहते हैं, लेकिन हमें देश के लिए काम करना है।

उन्होंने कहा कांग्रेस शुरू से ही ओबीसी और जाति जनगणना की बात करती रही है लेकिन जब कांग्रेस इस बारे में बात कर रही थी तो बीजेपी देश को टुकड़ों में बांटना चाहती है। इन सबके बीच अब खुद केंद्र सरकार ने राहुल गांधी की बात को स्वीकार करते हुए आगामी जनगणना में जाति जनगणना करने की बात को शामिल कर लिया है।

उन्होंने कहा आज पूरे देश में मनरेगा में काम नहीं चल रहा है। गरीबों के मुंह से निवाला छीना जा रहा है। महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा अपने मित्रों का जेब भरने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी वो क्या काले अंग्रेजों से डरेगी। जिस परिवार ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया, उस पर 2000 और 5000 करोड़ का आरोप लगा रहे हैं। बेशर्मी के साथ झूठ बोलते हैं। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे पर तंज कसते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि शादी की सालगिरह पर सैकड़ों जवान सुरक्षा में लगाए। लेकिन आम आदमी के लिए एक भी सिक्यूरिटी नहीं। पहलगाम घटना के 15 दिन गुजर जाने के बाद एक भी प्रभावी कदम नहीं उठाया है। इस संकट काल में हम सब एक हैं।

### भाजपा को जब भी मौका मिला अधिकार छिना : भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झारखंड की जनता को संबोधित किया। जहां भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है, भाजपा सबको डुबाना चाहती हैं, दुश्मन की तरह व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को बदलकर आपके अधिकार को समाप्त करना चाहती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ भी भाजपा षडयंत्र कर रही है। जब-जब कांग्रेस को मौका मिला तब-तब कांग्रेस ने जनता के अधिकार को संपन्न बनाया। भाजपा को जब जब भी मौका मिला अधिकार छीनने का काम किया।

## फ्लॉप रैली देख हेमंत और झामुमो का नाम भूल गए खड़गे : आजसू पार्टी

**रांची।** आजसू पार्टी ने कांग्रेस की रांची में आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' को महज एक राजनीतिक नाटक की संज्ञा दी है। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि कांग्रेस की यह रैली फ्लॉप रही और उसे जनता का समर्थन नहीं मिला। इसी सदमे में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम तक भूल गए और झामुमो को जेजेएम बता दिया। आजसू नेताओं ने कहा कि संविधान की रक्षा का ढोंग रचने वाली कांग्रेस यह भूल रही है कि उसने अपने शासनकाल में संवैधानिक संस्थाओं का सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया और अपने स्वार्थ के लिए संविधान का 80 बार संशोधन किया।

## पेज एक के शेष

### लातेहार में पांच नक्सली...

स्वीकार किए हैं। कहा कि माओवादी कमांडर कुंदन खरवार के नेतृत्व में घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम घटना में शामिल अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

### रांची में आज होगा...

प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाना है। आपात स्थिति में प्रशासन, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा और पुलिस के बीच समन्वय को भी बेहतर बनाना है। साथ ही, राज्य तथा स्थानीय प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करना है। यह मॉक ड्रिल विभिन्न स्तरों पर नागरिक सुरक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता को जांचने का एक समन्वित प्रयास है।

**क्या है मॉक ड्रिल :** मॉक ड्रिल एक तरह का अभ्यास है, जो आपातकालीन स्थिति में आमलोगों और प्रशासन को जागरूक और सतर्क के लिए किया जाता है। मॉक ड्रिल आमतौर पर युद्ध की स्थिति, प्राकृतिक आपदा, आग लगने, आतंकवादी हमला एवं अन्य संकटों से बचने के लिए करवाया जाता है। इसका उद्देश्य आने वाले खतरे के प्रति लोगों को सतर्क करना और उनमें जागरूकता बढ़ाना होता है। विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले मॉक ड्रिल में थोड़ी भिन्नता होती है। युद्ध की स्थिति में होने वाले मॉक ड्रिल में सायरन बजना (हवाई हमले की चेतावनी), ब्लैकआउट, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा और बंकरों में शरण लेने जैसे अभ्यास शामिल होते हैं। यह ड्रिल नागरिकों को युद्धकालीन परिस्थितियों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करता है। युद्ध की स्थिति में होने वाले मॉक ड्रिल के तीन महत्वपूर्ण हिस्से होते हैं, जिसमें सायरन बजना, ब्लैकआउट अभ्यास और निकासी शामिल हैं। इसके अलावा, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन, और आपातकालीन किट के उपयोग की भी ट्रेनिंग दी जाती है। स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। गांवों में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भी विशेष विशेष सत्र होते हैं।

**सायरन बजना :** युद्ध की स्थिति में होने वाले मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाए जाते हैं। खतरा शुरू होने और खतरा टल जाने के लिए सायरन की आवाज अलग-अलग होती है।

**ब्लैकआउट अभ्यास :** युद्ध की स्थिति में होने वाले मॉक ड्रिल में ब्लैकआउट अभ्यास अवश्य शामिल होता है। ब्लैकआउट अभ्यास में एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर दी जाती हैं। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।

**निकासी अभ्यास :** युद्ध की स्थिति में होने वाले मॉक ड्रिल में निकासी योजनाओं के अभ्यास में लोगों को पहले से तय बंकरों आदि जैसे सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाता है।


प्रपत्र VI 'क' **समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना** (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 512/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 02.05.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–बिकताम, थाना नं0–247, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75** से मझिऑव **PWD** पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–बिकताम, थाना नं0–247, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–5.386 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 215 | 214 | बकास्त | – | 0.001 | उपेन्द्र सिंह पिता राम राज सिंह | उ0–नीज द0–राज कुमार राम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 2 | 214 | 237 | बकास्त | – | 0.115 | उपेन्द्र सिंह पिता राम राज सिंह | उ0–जयगोविन्द सिंह द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 3 | 214 | 237 | बकास्त | – | | जयगोविन्द सिंह पिता स्व0 प्रेमन सिंह | उ0–वेद प्रकाश द0–उपेन्द्र सिंह, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 4 | 214 | 237 | बकास्त | – | | वेद प्रकास सिंह पिता रामाधार सिंह | उ0– द0–जय गोबिन्द सिंह, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 5 | 214 | 237 | बकास्त | – | | विरेन्द्र सिंह पिता स्व0 रामाधार सिंह | उ0–सत्येन्द्र सिंह द0–वेद प्रकाश सिंह पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 6 | 214 | 237 | बकास्त | – | | सत्येन्द्र सिंह पिता रामाधार सिंह | उ0–सुरेन्द्र सिंह द0–विरेन्द्र सिंह पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 7 | 214 | 237 | बकास्त | – | | सुरेन्द्र सिंह पिता रामधार सिंह | उ0–चतुरगुन राम द0–सत्येन्द्र सिंह पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 8 | 256 | 238 | बकास्त | – | 0.063 | जावेद अंसारी पिता कादीर अंसारी | उ0–सफीक अंसारी द0–विगु राम,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 9 | 256 | 238 | बकास्त | – | | सदीक अंसारी पिता अलमुदीन अंसारी जावेद अली पिता गुलाम कादीर शेख | उ0–हफिज अंसारी द0–सहिया बीबी, पू0–रास्ता , प0–नीज |
| 10 | 256 | 238 | बकास्त | – | | विगन राम वगै0 पिता भुनेश्वर राम | उ0–गुलाम कादीर द0–सुरेन्द्र सिंह पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 11 | 256 | 239 | बकास्त | – | 0.020 | – | |
| 12 | 136 | 527 | रैयती | – | 0.001 | खुर्शीद अंसारी पिता सरफुदीन अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 13 | 136 | 528 | रैयती | – | 0.049 | मुस्ताफ अंसारी पिता स्व0 सहाबुदीन अंसारी | उ0–जगरनाथ द0–समीम पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 14 | 136 | 528 | रैयती | – | | शमीम अंसारी | उ0–मोस्ताक द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 15 | 21 | 529 | रैयती | – | 0.054 | जगरनाथ महतो पिता परमेश्वर महतो | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–हरिचरण वि0, |
| 16 | 61 | 530 | रैयती | – | 0.046 | हरिचरण विश्वकर्मा पिता–स्व0 कैलास विश्वकर्मा | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नीज प0–संतोष विश्वकर्मा |
| 17 | 61 | 530 | रैयती | – | | संतोष कुमार विश्वकर्मा पिता–कैलास विश्वकर्मा | उ0–अंकित सिंह द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 18 | 1 | 611 | बकास्त | – | 0.023 | अंजनी सिंह पिता यशवंत सिंह | उ0–राजेन्द्र प्र0 गुप्ता,द0–बांध,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 19 | 1 | 611 | बकास्त | – | | हरिचरण वि0, अशोक वि0, संतोष वि0 पिता कैलास विश्वकर्मा | उ0–जगमोहन द0— पू0–रास्ता प0–नीज |
| 20 | 1 | 611 | बकास्त | – | | ललिता देवी पति हरिचरण, सुनिता देवी पति अशोक वि0 प्रतिमा देवी पति संतोष विश्वकर्मा | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 21 | 61 | 613 | रैयती | – | 0.013 | अंकित सिंह पिता स्व0 अखिलेश प्रसाद सिंह | |
| 22 | 86 | 614 | गै0आम | – | 0.243 | – | |
| 23 | 86 | 616 | गै0आम | – | 0.064 | देवस्थान | उ0–यशवंत सिंह द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 24 | 27 | 618 | रैयती | – | 0.044 | यशवंत सिंह स्व0 कृष्णा सिंह | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–उमेश, |
| 25 | 27 | 619 | रैयती | – | 0.036 | ललिता देवी पति हरिचरण, सुनिता देवी पति अशोक वि0 प्रतिमा देवी पति संतोष विश्वकर्मा | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 26 | 27 | 620 | रैयती | – | 0.019 | यशवंत सिंह स्व0 कृष्णा सिंह | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–उमेश, |
| 27 | 85 | 621 | गै0मा0 | – | 0.041 | उमेश्वर सिंह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 28 | 45 | 622 | रैयती | – | 0.012 | अनिल विश्वकर्मा, सुनिल विश्वकर्मा, पिता स्व0 राम नाथ विश्वकर्मा | उ0–यशवंत सिंहद0–गुप्तेश्वरपू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 29 | 45 | 622 | रैयती | – | | गुप्तेश्वर विश्वकर्मा पिता स्व0 रामधारी विश्वकर्मा | उ0–रामधानी वि0 द0–राजदेव पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 30 | 1 | 623 | बकास्त | – | 0.022 | उमेश प्रसाद सिंह पिता स्व0 सरयू सिंह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–यशवंत, प0–रास्ता, |
| 31 | 1 | 623 | बकास्त | – | | राजदेव विश्वकर्मा पिता स्व0 रामधारी विश्वकर्मा | उ0–गुप्तेश्वर द0–जग मोहन पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 32 | 1 | 623 | बकास्त | – | | जग मोहन विश्वकर्मा पिता स्व0 रामधारी विश्वकर्मा | उ0–सजदेव विश्वकर्मा द0— पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 33 | 24 | 781 | रैयती | – | 0.062 | दिनानाथ पासवान स्व0 जगन पासवान | उ0–यशवंत सिंह द0—, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 34 | 24 | 781 | रैयती | – | | यशवंत सिंह पिता कृष्णा सिंह | उ0–राजेन्द्र द0–दिनानाथ पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 35 | 24 | 781 | रैयती | – | | तुलसी भुईयॉ, राजू भुईयॉ पिता रटू भुईया | उ0–दिनानाथ, द0–जलमिनार, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 36 | 24 | 782 | रैयती | – | 0.012 | – | उ0– द0– पू0– प0– |
| 37 | 1 | 783 | बकास्त | – | 0.028 | – | उ0– द0– पू0– प0– |
| 38 | 11 | 792 | रैयती | – | 0.028 | इन्द्रेव भुईयॉ, विकन भुईयॉ यशवंत सिंह स्व0 कृष्णा सिंह | उ0–नन्दू भुईयॉद0–मुनेश्वर प्र0,पू0–रास्ताप0–नीज, |
| 39 | 11 | 792 | रैयती | – | | अंकित सिंह पिता स्व0 अखिलेश प्रसाद सिंह | उ0–इन्द्रदेव भुईयॉ द0–रास्ता, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 40 | 47 | 793 | रैयती | – | 0.002 | कमलेश भुईयॉ, दिनेश भुईयॉ पिता स्व0 बच्चू भुईयॉ | उ0–पानपति कुवर द0–नन्दू भुईयॉ पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 41 | 47 | 793 | रैयती | – | | नन्दू भुईयॉ पिता वृक्ष भुईयॉ | उ0–कमलेश द0–इन्द्रेव भुईयॉ, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 42 | 47 | 794 | रैयती | – | 0.031 | – | |
| 43 | 31 | 799 | रैयती | – | 0.068 | यशवंत सिंह, कृष्णा सिंह, जानेन्द्र सिंह पिता स्व0 गिरिवर सिंह | उ0–रटू भुईयॉ, द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 44 | 31 | 799 | रैयती | – | | यशवंत सिंह स्व0 कृष्णा सिंह, रजेन्द्र सिंह स्व0 गिरिवर सिंह | उ0–रटू भुईयॉ, द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 45 | 31 | 799 | रैयती | – | | पानपति कुवर स्व0 प्रसाद भुईयॉ भूखली कुवर स्व0 विरजु राम | उ0–यशवंत सिंह द0—, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 46 | 86 | 801 | गै0आम | – | 0.043 | – | |
| 47 | 86 | 802 | गै0आम | – | 0.053 | – | |
| 48 | 1 | 803 | बकास्त | – | 0.243 | राजेन्द्र सिंह वो बंसत सिंह पिता गिरवार सिंह | उ0–राजेन्द्र सिंहद0–यशवंत सिंह,पू0–निज,प0–रास्ता, |
| 49 | 1 | 803 | बकास्त | – | | राजेन्द्र सिंह गिरवर सिंह | उ0–नीज द0–बंसत सिंह पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 50 | 1 | 803 | बकास्त | – | | बंसत सिंह पिता गिरिवर सिंह | उ0– द0–राजेन्द्र सिंह पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 51 | 1 | 803 | बकास्त | – | | बिपेस सिंह स्व0 अयोध्या सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रास्ता प0– |
| 52 | 86 | 805 | गै0आम | – | 0.080 | बंसत सिंह पिता गिरिवर सिंह | उ0– द0–राजेन्द्र सिंह पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 53 | 49 | 809 | रैयती | – | 0.121 | विनोद पासवान पिता–हरी किसुन राम | उ0–भरत पासवान पू0–नीज द0–विनोद प्रसाद प0–रास्ता |
| 54 | 86 | 810 | गै0आम | – | 0.005 | – | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता प0–नरेश पासवान |
| 55 | 86 | 810 | गै0आम | – | | – | द0–नीज प0–प्रयाग पासवान पू0–विनोद पासवान उ0–रास्ता |
| 56 | 86 | 810 | गै0आम | – | | – | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–राम नरेश राम प0– |
| 57 | 86 | 810 | गै0आम | – | | – | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–प्रयाग प0–रास्ता |
| 58 | 43 | 816 | बकास्त | – | 0.016 | जगदीस साह पिता–विजय साह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–अमृत यादव प0–राजेश साह |
| 59 | 43 | 816 | बकास्त | – | | राजेश साह पिता–विजय साह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–जगदीश प0–सुनील प्रसाद गुप्ता |
| 60 | 43 | 816 | बकास्त | – | | 1.सुनील प्रसाद गुप्ता वगै0 पिता–जोखन साह 2.शिव शंकर मेहता पिता–घुरण मेहता | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–राजेश साह प0– |
| 61 | 43 | 816 | बकास्त | – | | घुरण महतो पिता–उलास महतो | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–सुनील प्रसाद यादव प0–रास्ता |
| 62 | 1 | 820 | बकास्त | – | 0.052 | भुखन यादव वगै0 पिता स्व0 बाला यादव | |
| 63 | 62 | 825 | रैयती | – | 0.023 | हुलास महतो पिता स्व0 कुटाई महतो | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–प्रिंस कुमार प0–बाला यादव |
| 64 | 4 | 827 | रैयती | – | 0.028 | सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता–स्व0 रामगति साह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–गुपुत कोईरी प0–विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता |
| 65 | 4 | 827 | रैयती | – | | सुनील प्रसाद गुप्ता पिता–राम गोविन्द साह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–विरेन्द्र साह प0–नरेश साह |
| 66 | 4 | 827 | रैयती | – | | विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता–स्व0 रामगति प्रसाद गुप्ता | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–सुरेन्द्र प0–सुनील प्रसाद |
| 67 | 4 | 827 | रैयती | – | | प्रिंस कुमार पिता–ओम प्रकास गुप्ता | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–सुनील प0–नीज |
| 68 | 4 | 829 | रैयती | – | 0.001 | रामजी महतो पिता स्व0 गुपुत महतो | |
| 69 | 4 | 830 | रैयती | – | 0.023 | बीरेन्द्र प्र0 गुप्ता पिता स्व0 रामगति साव | |
| 70 | 36 | 896 | रैयती | – | 0.020 | मुकेश सिंह देवेन्द्र सिंह | उ0–विरेन्द्र सिंह द0–आदित्य सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 71 | 36 | 896 | रैयती | – | | विरेन्द्र सिंह स्व0 गोपाल सिंह | उ0–नीज द0–मुकेश पू0–नीज प0–रास्ता |
| 72 | 86 | 897 | गै0आम | – | 0.001 | रास्ता | |
| 73 | 60 | 898 | रैयती | – | 0.017 | आदिम सिंह वगै0 पिता–मनोहर सिंह | उ0–राजु सिंह द0–यशवंत सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 74 | 221 | 1020 | बकास्त | – | 0.038 | संतोष पाण्डेय, महेन्द्र पाण्डेय पिता स्व0 गौरी शंकर पाण्डेय | |
| 75 | 103 | 1021 | बकास्त | – | 0.038 | रामयाद राम पिता श्री हरिनाम | उ0–राम पृत राम द0–संतोष पाण्डेय, पू0–,नीज, प0–,रास्ता |
| 76 | 103 | 1021 | बकास्त | – | | रामपृत राम पिता सुदामा राम | उ0–नीज द0–रामयाद राम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 77 | 103 | 1021 | बकास्त | – | | कामेश्वर सिंह पिता स्व0 जगदीश्वर प्र0 सिंह | |
| 78 | 100 | 1022 | | – | 0.022 | राजेन्द्र राम वगै0 पिता स्व0 सरयु राम | उ0–नीजद0–रामयाद राम,पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 79 | 103 | 1023 | बकास्त | – | 0.020 | विदेशी भुईयॉ पिता बंधन भुईयॉ | उ0–विगन भुईयॉ द0–रामपृत राम पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 80 | 103 | 1023 | बकास्त | – | | विगन भुईयॉ पिता बृक्ष भुईयॉ | उ0–नीज द0–विदेशी राम पू0–नीजप0–रास्ता, |
| 81 | 103 | 1023 | बकास्त | – | | कामेश्वर सिंह पिता स्व0 जगदीश्वर प्र0 सिंह | |
| 82 | 46 | 1047 | रैयती | – | 0.058 | नारायण राम पिता मटुकि राम | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–रामलाल राम, |
| 83 | 46 | 1047 | रैयती | – | | राम लाल राम पिता बंधु राम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम लाल राम प0–रामलाल |
| 84 | 46 | 1047 | रैयती | – | | श्रवण राम पिता बंधु राम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम लाल राम प0–रामलाल |
| 85 | 137 | 1048 | रैयती | – | 0.071 | बिगुराम पिता मुनेश्वर राम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0— प0–बृज किशोर, |
| 86 | 137 | 1048 | रैयती | – | | कमेश महतो पिता लखन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0— प0– |
| 87 | 137 | 1048 | रैयती | – | | अरविन्द कु0 कुशवाहा वगै0 राजेश महतो | उ0– द0– पू0— प0– |
| 88 | 137 | 1048 | रैयती | – | | राम लाल राम वगै0 पिता बंधु राम | उ0–नीजद0–रास्तापू0–श्रवण राम प0–विकारमा राम |
| 89 | 137 | 1048 | रैयती | – | | श्रवण राम पिता बंधु राम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–श्रवण राम प0–श्रवण राम |
| 90 | 137 | 1048 | रैयती | – | | विक्रम राम पिता मटूकीराम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–श्रवण राम प0–विगु राम |
| 91 | 1 | 1054 | बकास्त | – | 0.070 | यशवंत सिंह वगै0 पिता स्व0 कृष्णा प्र0 सिंह | |
| 92 | 1 | 1054 | बकास्त | – | | यशवंत सिंह वगै0 पिता स्व0 कृष्णा प्र0 सिंह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 93 | 85 | 1055 | गै0मा0 | – | 0.037 | यशवंत सिंह पिता–कृष्णा सिंह | उ0–सुरेन्द्र सिंह द0–राजेन्द्र सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 94 | 86 | 1061 | गै0आम | – | 0.001 | रास्ता | |
| 95 | 17 | 1062 | रैयती | – | 0.053 | अरविन्द कुशवाहा वगै0 कमेश महतो पिता राम लखन महतो | उ0–अरविन्द द0–कमेश महतो पू0–नीज प0–रास्ता |
| 96 | 149 | 1063 | रैयती | – | 0.089 | लालीता देवी व दशरथ महतो | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता प0–जयमाल अंसारी |
| 97 | 149 | 1063 | रैयती | – | | महेन्द्र पाण्डेय वगै0 पिता गैरी शंकर पाण्डेय | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता प0–श्री निवास पाण्डेय |
| 98 | 149 | 1063 | रैयती | – | | उदेश्वर महतो पिता विगन महतो | |
| 99 | 121 | 1065 | बकास्त | – | 0.007 | श्री निवास पाण्डेय पिता बदरी पाण्डेय | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नीज प0–इसमाई |
| 100 | 157 | 1067 | रैयती | – | 0.048 | 1.मंजुर अंसारी वगै0 2.अयुब अंसारी वगै0 3.जमालुद्दीन अंसारी 4.रानी खातून | उ0–इस्माईल मियां द0–आलिम असांरी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 101 | 132 | 1069 | रैयती | – | 0.026 | अलिम अंसारी वगै0 पिता राटा मियॉ | उ0–ललिता देवी द0–मंजूर अंसारी पू0–अलमुदीन प0–नीज |
| 102 | 132 | 1069 | रैयती | – | | अख्तर अंसारी पिता–अलिमुद्दीन अंसारी | उ0–मंजुर अंसारी द0–अलमुद्दीन अंसारी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 103 | 154 | 1071 | रैयती | – | 0.059 | जमालुदीन अंसारी पिता कदम रसूल अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–इसमाइल प0–मुस्ताक अंसारी |
| 104 | 154 | 1071 | रैयती | – | | मुस्ताफ अंसारी पिता स्व0 सहाबुदीन अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–जमाल अंसारी प0–रास्ता |
| 105 | 154 | 1071 | रैयती | – | | जमालुदीन अंसारी पिता कदम रसूल अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–जमाल अंसारी प0–हेदायत अंसारी |
| 106 | 154 | 1071 | रैयती | – | | हेदायत अंसारी पिता–अब्बास अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–मुख्तार प0–इस्माईल |
| 107 | 154 | 1071 | रैयती | – | | इस्माईल अंसारी पिता–अहमद अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–हेदायत प0–जमाल अंसारी |
| 108 | 139 | 1088 | रैयती | – | 0.071 | श्री निवास पाण्डेय पिता बदरी पाण्डेय | उ0–नीजद0–रास्तापू0–कामेश महतोप0–रास्ता |
| 109 | 139 | 1088 | रैयती | – | | – | |
| 110 | 152 | 1089 | रैयती | – | 0.091 | सदीक अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0—, प0–मैनुदीन अंसारी, |
| 111 | 152 | 1089 | रैयती | – | | मैनुदीन अंसारी पिता नबी अंसारी | उ0–रास्ता द0नीज, पू0–सदीक अंसारी, प0–अखतर अंसारी, |
| 112 | 152 | 1089 | रैयती | – | | – | उ0–कामेश्वर साह, द0— पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 113 | 135 | 1090 | रैयती | – | 0.116 | राजेन्द्र पाण्डेय पिता शिव पाण्डेय | उ0–रास्ता द0— पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 114 | 135 | 1090 | रैयती | – | | सुनिल पाण्डेय, रमेश्वर पाण्डेय | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–, प0–सदीक अंसारी, |
| 115 | 151 | 1091 | रैयती | – | 0.041 | विरेन्द्र कुमार महतो पिता–विश्वनाथ महतो उर्फ विसुन महतो | उ0–शिव पाण्डेय द0–जगरनाथ महतो पू0–रास्ता प0–नीज |
| 116 | 151 | 1091 | रैयती | – | | जगरनाथ महतो पिता–स्व0 परमेश्वर महतो | उ0– द0– पू0–रास्ता प0–नीज |
| 117 | 193 | 1099 | रैयती | – | 0.003 | मोटा आर | – |
| 118 | 151 | 1100 | रैयती | – | 0.054 | विरेन्द्र कुमार मेहता पिता–विश्वनाथ महतो उर्फ विसुन महतो | उ0–विगन महतोद0–नीजपू0–रास्ताप0–नीज |
| 119 | 151 | 1100 | रैयती | – | | जगरनाथ महतो पिता–परमेश्वर महतो | उ0– द0–पहलाद पू0–रास्ता प0–नीज |
| 120 | 244 | 1102 | रैयती | – | 0.031 | विरेन्द्र कुमार मेहता पिता–विश्वनाथ महतो उर्फ विसुन महतो | उ0–नीज द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 121 | 244 | 1102 | रैयती | – | | पहलाद महतो पिता–राम टहल महतो | उ0– द0– पू0–रास्ता प0–नीज |
| 122 | 276 | 1103 | रैयती | – | 0.019 | विरेन्द्र कुमार मेहता पिता–विसुन महतो | उ0–नीज द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 123 | 224 | 1133 | रैयती | – | 0.038 | महेन्द्र नाथ पाण्डेय वगै0 | उ0– द0– पू0–रास्ता प0–नीज |
| 124 | 224 | 1137 | रैयती | – | 0.028 | महेन्द्र नाथ पाण्डेय वगै0 | उ0– द0– पू0–रास्ता प0–नीज |
| 125 | 224 | 1138 | रैयती | – | 0.024 | – | |
| 126 | 97 | 1140 | रैयती | – | 0.058 | बृज किशोर वगै0 पिता स्व0 भुनेश्वर रा. विगु राम वगै0 पिता मुनेश्वर राम | उ0–नीज, द0–दशरथ राम पू0–दशरथ राम प0–रास्ता, |
| 127 | 97 | 1140 | रैयती | – | | दौलत राम पिता स्व0 विसुनधारी राम, दशरथ राम पिता मुनेश्वर राम | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विश्वकार्म प0–रास्ता, |
| 128 | 97 | 1140 | | – | | उपेन्द्र राम पिता रामपृत राम | उ0–नीज,द0–दशरथ रामपू0–दशरथ रामप0–रास्ता, |
| 129 | 93 | 1141 | रैयती | – | 0.045 | उमेश पाण्डेय पिता शि शंकर पाण्डेय | उ0–राजेन्द्र पाण्डेय द0–उपेन्द्र राम पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 130 | 93 | 1141 | रैयती | – | | राजेन्द पाण्डेय पिता शिव पाण्डेय | उ0–ब्रहम्देव द0–उमेश पाण्डेय पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 131 | 281 | 1143 | बकास्त | – | 0.055 | ब्रहम्देव महतो वगै0 पिता–जगरनाथ महतो | उ0–विरेन्द्र द0–राजेन्द्र पू0–नीज प0–रास्ता |
| 132 | 44 | 1144 | रैयती | – | 0.073 | विरेन्द्र कुमार मेहता पिता–विश्वनाथ महतो उर्फ विसुन महतो | उ0–रास्ता द0–ब्रहम्देव महतो पू0–नीज प0–रास्ता |
| 133 | 44 | 1144 | रैयती | – | | नन्द किशोर पाण्डेय पिता–स्व0 बदरीनारायण पाण्डेय | उ0–रास्ता द0–विरेन्द्र कुमार पू0–नीज प0–रास्ता |
| 134 | 14 | 1223 | रैयती | – | 0.018 | – | |
| 135 | 241 | 1224 | रैयती | – | 0.047 | राजेन्द्र पाण्डेय पिता शिव पाण्डेय | |
| 136 | 242 | 1226 | रैयती | – | 0.034 | रेयासत अंसारी पिता नेजामुदीन अंसारी | उ0–अमबिया बीबी द0–मो0 वकील, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 137 | 242 | 1226 | रैयती | – | | अमबिया बीबी पति मुस्तफा अंसारी | उ0— द0–रेयासत अंसारी पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 138 | 151 | 1227 | रैयती | – | 0.116 | विगन महतो वगै0 पिता रामटहल महतो | उ0–जगलाल महतोद0–जानीफ अंसारी,पू0–रास्ताप0–नीज |
| 139 | 151 | 1227 | रैयती | – | | जगरनाथ महतो पिता परमेश्वर महतो | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 140 | 151 | 1227 | रैयती | – | | मो0 आलम अंसारी वगै0 पिता जनीफ अंसारी | उ0– द0– पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 141 | 172 | 1248 | गै0मा0 | – | 0.136 | वकील अंसारी वगै0 पिता सुभान अंसारी | उ0–राजेश सिंह द0–वलिह अंसारी, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 142 | 172 | 1248 | गै0मा0 | – | | राजेश वो सचिन सिंह | |
| 143 | 172 | 1248 | गै0मा0 | – | | हफिज अंसारी पिता अब्दुल अंसारी | उ0–राजेश सिंह द0–वलिह अंसारी, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 144 | 172 | 1248 | गै0मा0 | – | | फयाज अंसारी पिता सलीम अंसारी | उ0–धंजय महतो पू0–रास्ता, द0–राजेश कु0 सिंह, प0–नीज, |
| 145 | 172 | 1254 | गै0मा0 | – | 0.148 | महफीज अंसारी मैनुदीन अंसारी | उ0–साहेब अंसारी पू0–रास्ता, द0–दशरथ महतो, प0–नीज, |
| 146 | 172 | 1254 | गै0मा0 | – | | साहेब अंसारी पिता मैनुदीन अंसरी | उ0–सफी अंसारी पू0–रास्ता, द0–साहेब अंसारी, प0–नीज, |
| 147 | 172 | 1254 | गै0मा0 | – | | सफी अंसारी पिता मैनुदीन अंसारी | उ0–सरदुल द0–साहेब अंसारी, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 148 | 172 | 1254 | गै0मा0 | – | | वकील अंसारी वगै0 पिता सुभान अंसारी | उ0–जनीफ अंसारीद0–सरदुल अंसारीपू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 149 | 172 | 1254 | गै0मा0 | – | | जानीफ अंसारी पिता सुबेदार अंसारी | उ0–रामटहल द0— पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 150 | 121 | 1255 | बकास्त | – | 0.014 | सरफुदीन अंसारी पिता स्व0 हुसैनी अंसारी | उ0–रिजवान द0–समीम पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 151 | 121 | 1255 | बकास्त | – | | रिजवान आलम वगै0 पिता स्व0 सलीमुदीन अंसारी | उ0–मो0 वकील द0–सरफुदीन पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 152 | 121 | 1255 | बकास्त | – | | मो0 वकील अंसारी पिता सुभान शेख | उ0–रेयासत द0–रिजवान, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 153 | 121 | 1255 | बकास्त | – | | अशफाक अंसारी पिता सेराज अंसारी | |
| 154 | 172 | 1256 | गै0मा0 | – | 0.204 | – | |
| 155 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | 0.213 | हकीक अंसारी पिता अलमुदीन अंसारी | उ0–सुदामा राम द0–राजेन्द्र सिंह पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 156 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | सुदामा राम पिता रामपृत राम | उ0–रूजीर आलम द0–हकिक पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 157 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | अजमेर अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी | उ0–कुतबुदीन द0–सुदामा राम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 158 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | मोसाहेब अंली अंसारी पिता सुभान शेख | उ0—द0–रूजीर अंसारी,पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 159 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | अजमेर अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी | उ0–हकिक अंसारी पू0–नीज, द0–मोसाहेब अंसारी प0–रास्ता, |
| 160 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | हफीज असारी पिता स्व0 अब्दुल शेख | उ0–अलमुदीन द0–अजमेर, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 161 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | बसरूदीन अंसारी वगै0 पिता अलमुदीन अंसारी, सुदामा राम पिता रामपृत राम | उ0–रईस अं0 द0–हफीज अंसारी पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 162 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | रईस अंसारी वो रयासत अंसारी पिता निजामुदीन अंसारी | उ0–असलम द0–बसरूदीन, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 163 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | असलम अंसारी पिता कमालूदीन अंसारी | उ0–अजमेर अंसी द0–रईस अंसारी, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 164 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | अजमेर अंसारी पिता कमरूदीन अंसारी | उ0–राम चरीद कु0 द0–असलम अं0, पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 165 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | रामचरीद कु0 पिता स्व0 टिपू मेहता | उ0–रिजवान द0–अजमेर पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 166 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | रिजवान आलम वगै0 पिता स्व0 सलीमुदीन अंसारी | उ0–मोसाहेब, द0–राम चरीद कु0, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 167 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | समीम अंसारी पिता तहुसैनी अंसारी | उ0–नीज पू0–संजय राम वगै0 द0–रास्ता, प0–राम बचन पासवान, |
| 168 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | मोसाहेब अंली अंसारी पिता सुभान शेख | उ0–अस्फाकद0–रिजवानपू0–नीजप0–रास्ता, |
| 169 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | असफाक आलम सेराज अंसारी | उ0–समीम अंसारी द0–मोसाहेब अंसारी, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 170 | 172 | 1257 | गै0मा0 | – | | समीम अंसारी पिता हुसैनी अंसारी | उ0— द0—, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 171 | 1 | 1263 | बकास्त | – | 0.237 | राजेश कु0 सिंह पिता विजय प्रसाद सिंह | उ0–यशवंत सिंह द0–प्रदीप राम पू0–नीज प0–रास्ता |
| 172 | 1 | 1263 | बकास्त | – | | यशंवत सिंह पिता कृष्ण प्रसाद सिंह | उ0–अशोक केशरी द0–राजेश कु0 सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 173 | 1 | 1263 | बकास्त | – | | अशोक केशरी पिता राधा प्रसाद केशरी | उ0–सोहराई च0 द0–यशंवत कु0 सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 174 | 1 | 1263 | बकास्त | – | | सोहराई चन्द्रवंशी वगै0 पित स्व0 अमीरका राम | उ0— द0–अशोक पू0–नीज प0–रास्ता |
| 175 | 1 | 1263 | बकास्त | – | | राजेन्द्र सिंह वो बंसत सिंहद | उ0– विभाचन्द्र द0–धाम पू0–रास्ता प0–नीज |
| 176 | 85 | 1264 | गै0मा0 | – | 0.021 | सेवक महतो पिता कैलाश महतो | उ0–राजेन्द्र सिंह द0–सोहराई, पू0–नीज, प0–रास्ता |
| 177 | 237 | 1265 | रैयती | – | 0.326 | विगु राम वगै0 पिता भुनेश्वर राम | उ0— द0–सेवक महतो पू0–नीज प0–रास्ता |
| 178 | 237 | 1265 | रैयती | – | | विभा चन्द्रवंशी पति असलोक चन्द्र वंशी | उ0–विगन रामद0–दशरथ रामपू0–रास्ताप0–नीज |
| 179 | 237 | 1265 | रैयती | – | | नवनित रंजन स्व0 लक्ष्मण प्रसाद | उ0–विभाचन्द्र द0–विभाचन्द्र पू0–रास्ता प0–नीज |
| 180 | 237 | 1265 | रैयती | – | | रेखा देवी पति अजय चन्द्रवंशी | उ0–राज कुमार द0–नवनित रंजन पू0–रास्ता प0–नीज |
| 181 | 237 | 1265 | रैयती | – | | | उ0– द0–रेखा देवी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 182 | 237 | 1265 | रैयती | – | | राम चरीत्र कु0 पिता टिपू मोहता | उ0–मो0 गयास द0–कंचन केशरी पू0–नीज प0–रास्ता |
| 183 | 237 | 1265 | रैयती | – | | मो0 गयासुदीन अंसारी पिता अब्दुल शेख | उ0–प्रदीप चन्द्रवंशी द0–राम चरीत्र पू0–नीज प0–रास्ता |
| 184 | 237 | 1265 | रैयती | – | | प्रदीप राम पिता स्व0 अम्बीका राम | उ0–राजेश द0–ग्यासुदीन पू0–नीज प0–रास्ता |
| 185 | 249 | 1268 | गै0मा0 | – | 0.626 | इमामुदीन अंसारी | – |
| 186 | 140 | 1098 | रैयती | – | 0.039 | जगदीश महतो पिता–राम टहल महतो | उ0– द0– पू0– प0– |
| | | | | कुल :– | 5.386 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 351794 Land Reforms (25-26)_D

# पीकेएल ने स्वदेशी खेलों को पेश करने के तरीके में क्रांति ला दी है: माझी

**मुंबई (आईएएनएस)**

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के माध्यम से कबड्डी के उल्लेखनीय पुनरुत्थान को स्वीकार करते हुए भारत के स्वदेशी खेलों की उल्लेखनीय वैश्विक यात्रा पर प्रकाश डाला। 'स्वदेशी खेलः भारत से वैश्विक मंच तक' शीर्षक सत्र में बोलते हुए, ओडिशा के सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल सामुदायिक शगल से अंतरराष्ट्रीय खेल सनसनी में बदल गए हैं। सीएम माझी ने कहा, "स्वदेशी खेल हमारे इतिहास और संस्कृति में निहित हैं। वे अनादि काल से हमारे समुदायों का अभिन्न अंग रहे हैं, जो टीम वर्क, धीरज, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक आनंद जैसे विभिन्न गुणों को विकसित करते हैं। यह आयोजन केवल इन खेलों का उत्सव नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है - एक ऐसी संस्कृति जो हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता, लचीलापन और रचनात्मकता को दर्शाती है। सत्र में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे पीकेएल ने पारंपरिक भारतीय खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद की है। अब अपने 12वें सीजन में प्रवेश करते हुए, पीकेएल ने दुनिया भर के दर्शकों द्वारा स्वदेशी खेलों को पैकेज करने, प्रस्तुत करने



और उपभोग करने के तरीके में क्रांति ला दी है। मुख्यमंत्री ने कहा, "हमें कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों के उल्लेखनीय पुनरुत्थान को स्वीकार करना चाहिए। प्रो कबड्डी लीग जैसी पहलों की बदौलत, इस खेल ने पूरे भारत में लाखों लोगों की कल्पना को आकर्षित किया है। उन्होंने कहा, "हमने कबड्डी को लोगों के घरों और दिलों तक पहुंचाया है। जो खेल कभी केवल छोटे समुदायों में खेला जाता था, वह अब भारत की सबसे लोकप्रिय और व्यावसायिक रूप से सफल खेल लीगों में से एक बन गया है, जो पूरे देश में युवा लड़कों और लड़कियों को प्रेरित कर रहा है। पैनल चर्चा में भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया, जिसमें रक्षा खडसे, केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, अनुपम गोस्वामी, मशाल के बिजनेस हेड और पीकेएल के लीग चेयरमैन, सुधांशु मित्तल, भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष; अंतरराष्ट्रीय खेल सलाहकार निक कावर्ड, फैनकोड के सह-संस्थापक यानिक कोलासो और ईरान से अंतरराष्ट्रीय कबड्डी स्टार फजल अत्राचली शामिल थे। माझी ने स्वदेशी खेल विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। "हमारा दृष्टिकोण सरल है - हर गांव में चैंपियन बनाना और यह सुनिश्चित करना कि सपने देखने वाले हर बच्चे को शुरुआत करने के लिए सही मंच मिले।

## स्वदेशी खेलों को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का आह्वान

उन्होंने कहा, "स्वदेशी खेलों की परिवर्तनकारी यात्रा उल्लेखनीय रही है, जिसमें कबड्डी एक वैश्विक घटना के रूप में उभरी है। एशियाई खेलों में इसकी शुरुआती पहचान से लेकर जियोस्टार के साथ इसकी ऐतिहासिक साझेदारी तक, प्रो कबड्डी खेल पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में विकसित हुई है। अपने भाषण का समापन करते हुए, माझी ने कहा, "पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और वैश्विक मंच पर विस्तारित किया जाना चाहिए। इन प्रयासों के माध्यम से, हम अपने पारंपरिक खेलों को भारत की सीमाओं के भीतर और बाहर लाखों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।" "स्वदेशी खेलों को संरक्षित करना हमारी आत्मा को संरक्षित करना है। यह हमारे बच्चों को उनकी विरासत में निहित होने और गर्व की भावना देने के बारे में है। यह हमारे अतीत की ताकत में निहित भविष्य के निर्माण के बारे में है।

# भारत ने फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल के लिए सबसे बड़ा दल भेजा

**दुबई (आईएएनएस)**

मंगलवार को शबाब अल अहली क्लब में छठे फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल की शुरुआत हो रही है, इस आयोजन में देश के पेरिस 2024 सितारों के नदारद रहने के बावजूद भारत ने सबसे बड़ा दल भेजा है। टोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर (पुरुष एसएच6) और एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता सुकांत कदम (पुरुष एसएल 4), मंदीप कौर (महिला एसएल3) और अन्य 30 देशों के 150 पैरा शटलरों में शामिल हैं। मलेशिया के पेरिस 2024 खेलों के चैंपियन चीह लीक होउ (एसयू5) सितारों से सजे इस दल का नेतृत्व करेंगे, जिसमें दक्षिण कोरिया, भारत और हांगकांग के पैरालंपिक और एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता भी शामिल होंगे। 14 सदस्यीय मलेशियाई टीम के हिस्से के रूप में, चीह के साथ उनके पुरुष युगल साथी मुहम्मद फरीज अनवर भी होंगे, जिनके साथ उन्होंने पुरुष युगल एसएल3-एसयू5 में पटाया 2024 विश्व



चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। दक्षिण कोरिया की अगुवाई अनुभवी व्हीलचेयर शटलर और पेरिस 2024 रजत पदक विजेता चोई जंगमैन (पुरुष डब्ल्यूएच1) और पेरिस में कांस्य पदक विजेता किम जंगजुन (पुरुष डब्ल्यूएच2) करेंगे। वे चीन की अनुपस्थिति में कुछ स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद करेंगे। हांगकांग के लिए, हांगझाऊ 2022 एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चू मान काई कुछ पदकों के साथ घर लौटने की उम्मीद करेंगे।

# मुंबई ने गुजरात को दिया 156 रनों का टारगेट, जैक्स ने जड़ा फिफ्टी

**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2025) का 56वां मैच आज मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। प्लेऑफ में जगह बनाने के प्रबल दावेदारों में शामिल इन दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर गुजरात की टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। मुंबई इंडियंस की टीम पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए।

## ऐसी रही मुंबई की पारी



पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर सिराज ने रिकल्टन को आउट कर दिया। रिकल्टन के बल्ले से केवल 2 रन आए। इसके बाद विल जैक्स ने कुछ ताबड़तोड़ शॉट लगाकर मुंबई को संभालने की कोशिश की। लेकिन चौथे ओवर में रोहित शर्मा अरशद खान का शिकार बन गए। रोहित के बल्ले से केवल 7 रन ही आए। हालांकि, इसके बाद सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स ने मुंबई को संभाला। दोनों ने आतिशी बल्लेबाजी की। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। लेकिन 11वें ओवर में सूर्यकुमार यादव 35 रन बनाकर आउट हो गए। इसी बीच, विल जैक्स ने 29 गेंद में शानदार फिफ्टी जड़ी। लेकिन 12वें ओवर में विल जैक्स भी अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स के बल्ले से 53 रन निकले, जिसमें 3 छक्के शामिल थे। लेकिन इसके बाद कप्तान हार्दिक से बड़ी पारी की उम्मीद थी। लेकिन उनके बल्ले से केवल 1 ही रन निकला और साई किशोर ने उन्हें चलता किया। लेकिन इसके बाद तिलक वर्मा भी आउट हो गए। उनके बल्ले से भी केवल 7 रन आए। इसके बाद 17वें ओवर में ही नमन धीर भी आउट हो गए। नमन के बल्ले से भी 7 रन आए। आखिरकार मुंबई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस, जो फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। लेकिन मुंबई का नेट रन रेट सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। उन्हें प्लेऑफ में सीधी जगह पक्की करने के लिए अपने बाकी तीन मुकाबलों में से सिर्फ दो जीतने की जरूरत है। पांच बार की चैंपियन मुंबई को इनमें से दो मुकाबले घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में खेलने हैं, जहां उन्होंने अब तक पांच में से चार मुकाबले जीते हैं।

# इस साल हैदराबाद की परिस्थितियां हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं : विटोरी

**हैदराबाद (आईएएनएस)**

सनराइर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल 2025



प्लेऑफ रेस से बाहर होने के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी शैली स्वाभाविक रूप से आक्रामक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद की परिस्थितियां उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं और बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं। विटोरी ने कहा, "मैंने निश्चित रूप से यह नहीं कहा था कि मैं आक्रामक अप्रोच का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा था कि हम परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हैं और इस साल हालात वैसे नहीं थे, जैसे हमने उम्मीद की थी। अगर आप पिछले साल देखें तो यहां कई हाई-स्कोरिंग मुकाबले हुए थे। उन्होंने कहा,"इस बार की पिचें थोड़ी अलग रही हैं। यह चुनौतीपूर्ण और बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थीं। हमने हमेशा से परिस्थितियों को समझने, मैच को पढ़ने और हर स्थिति में सही निर्णय लेने की बात की थी। मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी स्वाभाविक रूप से आक्रामक हैं, लेकिन इस सीजन का मकसद यही रहा कि हर दिन के लिए जरूरत क्या है, उसे समझें। इस सीजन हैदराबाद अब तक छह मैचों की मेजबानी कर चुका है और कुल 11 पारियों में से चार बार टीमें 200 का स्कोर पार कर चुकी हैं, जबकि पिछले साल 12 पारियों में सात बार ऐसा हुआ था।

# खेलो इंडिया और यूरोस्पोर्ट की साझेदारी से बढ़ेगा भारतीय खेलों का वैश्विक दायरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

खेलो इंडिया के आयोजन वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। पहली बार, बिहार और नई दिल्ली के पांच शहरों में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का सीधा प्रसारण ओलंपिक डॉट कॉम पर किया जा रहा है। दिन के मुख्य आकर्षण डिस्कवरी के स्वामित्व वाले खेल चैनल यूरोस्पोर्ट पर प्रसारित किए जाएंगे। फीड का निर्माण राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन द्वारा किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म ओलंपिक डॉट कॉम पहली बार खेलो इंडिया से जुड़ा है, जो जनवरी और मार्च 2025 में क्रमशः लेह (लद्दाख) और गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित होने वाले शीतकालीन खेलों के साथ जुड़ा है। ओलंपिक डॉट कॉम/ओलंपिक चैनल के महाप्रबंधक कोस्टास कारवेलस ने कहा, "हमें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का लाइवस्ट्रीम ओलंपिक डॉट कॉम पर होस्ट करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह एक बहुत ही रोमांचक आयोजन है और हम इसे अपने दर्शकों को दिखाने और बिहार के उत्साह को बढ़ाने में मदद करने के लिए रोमांचित हैं। यह पहली बार है जब यूरोस्टार खेलो इंडिया गतिविधि से जुड़ा है। प्रसिद्ध खेल चैनल हर दिन युवा खेलों के मुख्य अंश प्रसारित करेगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का सातवां संस्करण अंडर-18 इवेंट है। 27 पदक खेलों और एक प्रदर्शन खेल (ईस्पोर्ट्स) में 10,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का उद्घाटन समारोह रविवार को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों की शुरुआत की घोषणा की। खेल 15 मई को समाप्त होंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ओलंपिक डॉट कॉम पर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की लाइव स्ट्रीमिंग के अलावा खेलों के इर्द-गिर्द विशेष कहानियां और सोशल मीडिया गतिविधियां करने के लिए निर्माताओं की एक टीम भेजी है। उन्होंने अन्य खेलों के अलावा सेपक टकरा को भी चुना है, जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पदक स्पर्धा के रूप में अपनी शुरुआत कर रहा है। आईओसी भारत के स्वदेशी खेलों जैसे गतका और मल्लखंब पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। वैश्विक मंचों पर प्रदर्शन से खेलो इंडिया को वैश्विक दर्शकों के सामने पेश करने में मदद मिलेगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों से भारत के 3 करोड़ से ज्यादा किराना दुकानदारों की आजीविका खतरे में

# विरोध में देशभर के 9 करोड़ व्यापारी उतरेंगे सड़कों पर

**ब्यूरो**



- कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की दिल्ली व वृंदावन में होगी बैठक
- इनमें अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो जैसी कंपनियां शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के 9 करोड़ से ज्यादा छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व वाले कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 16 मई 2025 को नई दिल्ली में और 17 व 18 मई को उत्तर प्रदेश के वृंदावन में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। उद्देश्य विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना व उसे सक्रिय करना है। कैट का कहना है कि ये कंपनियां, एफडीआई का दुरुपयोग तो कर ही रही हैं , नियामक उल्लंघन करने से भी पीछे नहीं हट रही हैं। इन कंपनियों की 'डार्क स्टोर्स' जैसी नीतियां, देशभर में 3 करोड़ से ज़्यादा किराना दुकानों की आजीविका खतरे में डाल रही हैं। इसके चलते देशभर के 9 करोड़ व्यापारी सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं। यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। लेकिन अड़चन यह है कि इस संगठन में ज्यादातर नेता देश की सत्ताधारी पार्टी या उसके मातृ संगठन के अनुषांगिक संगठनों से किसी न किसी तरह से जुड़े हुए हैं।और केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी है कि अमेरिकी व अन्य देशों से भीमकाय बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाल जाजम बिछा भारत में धंधा करने के लिए आमंत्रित किए हैं, कर रहे हैं।ऐसे में सवाल यह है कि क्या कैट के विरोध के चलते केन्द्र सरकार अमेजन , फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों पर नकेल लगा सकती है? कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई व चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। ये प्लेटफॉर्म 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002' का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं। देश भर में डिलीवरी के लिए कई 'डार्क स्टोर्स' का संचालन एफडीआई नीतियों का सीधा उल्लंघन है, जो ई-कॉमर्स संस्थाओं को इन्वेंट्री बनाए रखने और खुदरा आउटलेट स्थापित करने से प्रतिबंधित करती हैं।भरतिया के मुताबिक, ये कॉमर्स प्लेटफॉर्म आधुनिक युग की ईस्ट इंडिया कंपनी से कम नहीं हैं।

इनका उद्देश्य छोटे किराना व खुदरा दुकानों को समाप्त करके बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करना है, जिससे भारत के 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानदारों की आजीविका खतरे में है। कैट के चेयरमैन बृज मोहन अग्रवाल का कहना है कि कैट ने पहले ही एक व्यापक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें इन चिंताओं को उजागर किया गया है। इसमें तत्काल नियामक हस्तक्षेप की मांग की गई है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का जोर है कि इन विदेशी वित्तपोषित कंपनियों की अनियंत्रित वृद्धि, भारत के छोटे खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। इसी के चलते 16 मई को नई दिल्ली में एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 17 एवं 18 मई को वृंदावन में एक चिंतन शिविर आयोजित होगा। इसमें देश भर के व्यापारी नेता इन कंपनियों के खिलाफ आंदोलनात्मक कार्यक्रम तय करेंगे, जो देश के 500 से अधिक शहरों में आयोजित किए जाएंगे। आंदोलन की रूपरेखा चिंतन शिविर में तय की जाएगी। सम्मेलन का समापन एक एकीकृत कार्रवाई की अपील के साथ होगा, जिसमें इन ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों से या तो भारतीय कानूनों और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं का पालन करने या भारतीय बाजार से बाहर निकलने की मांग की जाएगी।

### रक्त का थक्का बनने से रोकने वाले पोटेशियम फेरिक ऑक्सलेट नैनो कण की हुई खोज

# आईआईटी बीएचयू को मिली बड़ी कामयाबी

**संवाददाता**



- यह रक्त संबंधी रोगों की रोकथाम व निदान के लिए अधिक प्रभावी विकल्प
- स्ट्रोक, हार्ट अटैक, पल्मोनरी एंबोलिज्म जैसी बीमारियों में मिलेगी मदद

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में रक्त का थक्का बनने (थ्रोम्बोसिस) से रोकने वाला पोटेशियम फेरिक ऑक्सलेट नैनो कण की खोज की है। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक समेत नसों में खून के जमने से जुड़ी बीमारियों को रोकने में सफलता मिलेगी। यह होने पर हार्ट अटैक, स्ट्रोक समेत नसों में खून के जमने से जुड़ी बीमारियों में मौत का खतरा कम किया जा सकता है।इसका प्रयोग इंसानों और चूहों के खून पर किया गया तो इस रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि रक्त की संरचना और गुणों को बिना बदले ही 48 घंटे तक ब्लड क्लॉटिंग की समस्या नहीं हुई। यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल एसीएस एप्लाइड मैटेरियल्स एंड इंटरफ़ेसेज में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए एक पेटेंट के लिए आवेदन कर दिया गया है। आईआईटी बीएचयू के स्कूल ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ। सुदीप मुखर्जी के नेतृत्व में शोध टीम ने पोटेशियम फेरिक ऑक्सलेट नैनो कण की खोज की है। इसकी मदद से स्ट्रोक, हार्ट अटैक, पल्मोनरी एंबोलिज्म और डीप वेन थ्रोम्बोसिस जैसी बीमारियों को रोका जा सकेगा। ये बीमारियां ज्यादातर खून में खतरनाक थक्के बनने की वजह से होती है। ये नसों को अवरुद्ध कर जान के लिए खतरा बन जाते हैं। भारत में वेनस थ्रोम्बो एम्बोलिज्म की वार्षिक दर हर 1,000 लोगों पर 1-2 ही है, जबकि पल्मोनरी एम्बोलिज्म के मामले हर एक लाख पर 39-115 और डीप वेन थ्रोम्बोसिस के मामले 53-162 प्रति लाख तक दर्ज किए गए हैं। आम तौर पर इन रोगों से बचने के लिए रक्त को पतला करने वाली पारंपरिक दवा दी जाती है। वारफेरिन व हेपरिन थक्कों के इलाज या रोकथाम में इस्तेमाल होती हैं। इनके कई दुष्प्रभाव भी देखे जाते हैं। इसी तरह लैब में खून के नमूने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल से इंडीटीए व सोडियम साइट्रेट समय के साथ रक्त कोशिकाओं की संरचना को प्रभावित करते हैं। इससे जांच की सटीकता पर असर पड़ता है। डॉ। सुदीप मुखर्जी ने बताया कि यह नैनो मैटेरियल रक्त संबंधी रोगों की रोकथाम और निदान के लिए एक सुरक्षित और अधिक प्रभावी विकल्प देता है।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है : हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में अपने स्टार्टअप निवेश कोष को 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में



स्टार्टअप क्रांति आई है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया, "देश, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। गेल (इंडिया) लिमिटेड की स्टार्टअप पहल 'पंख' युवाओं के स्टार्टअप को नई उड़ान दे रही है।

# शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 155 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 155.77 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 80,641.07 और निफ्टी 81.55 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,379.60 पर बंद हुआ। इस गिरावट की वजह वैश्विक तनाव को माना जा रहा है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में अधिक गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,239.90 अंक या 2.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ



53,435.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 414.75 अंक या 2.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,195 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर केवल ऑटो को छोड़कर सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। पीएसयू बैंक, रियल्टी, एनर्जी, कमोडिटी, पीएसई और फाइनेंशियल सर्विसेज सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एमएंडएम, एचयूएल, नेस्ले, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), टाटा मोटर्स, एसबीआई, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, टाइटन और रिलायंस लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 779 शेयर हरे निशान में और 3,167 शेयर लाल निशान में और 126 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं।